रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 04 अगस्त 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-342 मूल्य 3.00 ₹


# अपनी जरूरत से अधिक अन्न पैदा करने वाला देश है भारत

## पीएम मोदी ने कहा-खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत हैं छोटे किसान

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में छोटे किसानों को देश की खाद्य सुरक्षा की ताकत बताते हुए कहा कि भारतीय कृषि की विविधता इस देश को विश्व की खाद्य सुरक्षा के लिए आशा की किरण बनाती है। मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) का उद्घाटन करते हुये ये बातें कहीं। यह सम्मेलन भारत में 65 साल बाद आयोजित किया गया है। सात दिवसीय इस सम्मेलन में दुनिया भर के करीब 1000 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जिसमें 40 प्रतिशत से अधिक महिला प्रतिनिधि हैं। मोदी ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि 65 साल पहले जब भारत ने मैसूर में इस सम्मेलन का आयोजन किया था। उस समय भारत की खाद्य सुरक्षा दुनिया की चिंता का विषय था, आज भारत दुनिया की खाद्य सुरक्षा की चिंता कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व की चुनौतियों को एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य के समग्र दृष्टिकोण से ही ही निपटा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 65 साल पहले जब आईसीएई की कॉन्फ्रेंस यहां हुई थी, तो भारत नया-नया आजाद हुआ था और देश की खाद्य सुरक्षा और भारत की कृषि दुनिया की चिंता का विषय था। आज भारत,



अपनी जरूरत से अधिक अन्न पैदा करने वाला देश है। आज भारत, दूध, दाल और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक है। भारत अनाज, फल, सब्जियों, कपास, चीनी, चाय, जलीय मछली का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। 'एक वो समय था, जब भारत की खाद्य सुरक्षा, दुनिया की चिंता का विषय था। एक आज का समय है, जब भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा और पोषण सुरक्षा के समाधान देने में जुटा है। इसलिए, फूड सिस्टम ट्रांसफॉर्मेशन (खाद्य प्रणाली का कायाकल्प) जैसे विषय पर चर्चा करने के लिए भारत के अनुभव बहुमूल्य हैं। इसका बहुत बड़ा लाभ विशेषकर ग्लोबल साउथ को मिलना तय है। उद्घाटन सत्र को कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कृषि वैज्ञानिकों के अंतराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) के अध्यक्ष डॉक्टर मतीन कैम और नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद ने भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा, कृषि क्षेत्र भारत की आर्थिक नीति में केंद्रीय महत्व रखता है। हमारे यहां, करीब 90 प्रतिशत कृषक परिवार ऐसे हैं, जिनके पास बहुत कम जमीन है। ये छोटे किसान ही भारत की खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत हैं। यही स्थिति एशिया के कई विकासशील देशों में है। इसलिए, भारत का मॉडल कई देशों के काम आ सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ कृषि के लिए भारत में बड़े पैमाने पर रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है और इसके अच्छे परिणाम भी आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस साल के बजट में भी स्वस्थ और जलवायु परिवर्तन को सहन करने में समर्थ कृषि पर बड़े पैमाने पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा, हम अपने किसानों का सहयोग करने के लिए एक पूरा वातावरण विकसित कर रहे हैं। भारत का बहुत जोर जलवायु परिवर्तन के प्रति सहनशील फसलों से जुड़ी अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने पर है। पीएम मोदी ने प्रतिनिधियों को बताया कि बीते 10 वर्षों में भारत ने फसलों की करीब 900 ऐसी नयी किस्मों का विकास कर उनको किसानों का दिया है जो वातावरण के बढ़ते तापमान को सहन करने में समर्थ हैं। अपने किसानों को दी हैं। उन्होंने कहा, हमारे यहाँ धान की कुछ किस्में ऐसी भी हैं, जिनको परंपरागत किस्मों के मुकाबले, एक चौथाई कम पानी चाहिए।

### क्विक न्यूज़

#### नीतीश ने ककोलत जलप्रपात क्षेत्र में पर्यटकीय सुविधाओं का किया लोकार्पण

**नवादा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ककोलत जलप्रपात क्षेत्र में पर्यटकीय सुविधाओं का लोकार्पण किया। कुमार ने नवादा जिले के गोविंदपुर प्रखंड स्थित ककोलत जलप्रपात क्षेत्र में पर्यटकीय सुविधाओं का लोकार्पण किया और पर्यटकों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने वन विश्राम गृह 'अरण्यधारा' का भी उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने वन विश्राम गृह का निरीक्षण भी किया। उन्होंने जलप्रपात परिसर में वृक्षारोपण भी किया। ककोलत जलप्रपात में प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में लोग घूमने आते हैं लेकिन ककोलत में लोगों के लिए पर्यटकीय सुविधाओं का अभाव था।



#### भजनलाल ने मिश्र को दी भाव भरी विदाई



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र को शनिवार को यहां भाव भरी विदाई दी। शर्मा ने हवाई अड्डे पर श्री मिश्र को पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें विदाई दी। उन्होंने श्री मिश्र को विदाई पर उनके स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डा प्रेमचंद बैरवा तथा मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और अन्य गणमान्य लोगों ने भी उन्हें विदाई देते हुए उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

#### अंगदान के लिए सामूहिक प्रयास जरूरीः अनुप्रिया पटेल

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति और संस्था के सम्मिलित प्रयासों से ही भारत अंगदान और प्रत्यारोपण में अग्रणी देश के सपने को साकार कर सकता है। राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) के 14वें भारतीय अंगदान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाने का आग्रह किया कि प्रत्यारोपित होने से पहले कोई भी अंग बर्बाद नहीं हो।



## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पत्थलगांव से गुमला तक हाई-स्पीड फोरलेन रोड की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा रायपुर से रांची नेशनल हाईस्पीड कारीडोर प्रोजेक्ट अंतर्गत पत्थलगांव, जशपुर (छत्तीसगढ़) से गुमला (झारखंड) तक के लिए हाई-स्पीड फ ोरलेन रोड की स्वीकृति दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण सड़क परियोजना दोनों राज्यों छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के विकास में मील का पत्थर साबित होगी । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों के साथ जशपुर निवासियों को इस हाई-स्पीड फ ोरलेन रोड परियोजना की स्वीकृति की विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा कि पत्थलगांव से गुमला तक फोरलेन सड़क के निर्माण से रायपुर और रांची के मध्य यात्रा सुगम होने के साथसाथ यात्रा में समय की भी बचत होगी। सड़क परियोजना पूर्ण होने से दोनो राज्यों में विकास कार्यों की गति में भी तेजी आएगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय कैबिनेट में 50 हजार 655 करोड़ रूपए लागत और लगभग 936 किलोमीटर लंबाई की आठ राष्ट्रीय हाई-स्पीड रोड परियोजनाओं की स्वीकृति दिए जाने की जानकारी ट्वीटर पर साझा की है।



मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों को हरेली त्यौहार की बधाई और शुभकामनाएं दी है। अपने शुभकामना संदेश में साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति यहां के उत्सवों में प्रमुखता से दिखाई देती है। छत्तीसगढ़ का लोक त्यौहार हरेली छत्तीसगढ़ के जन-जीवन में रचा-बसा खेती-किसानी से जुड़ा पहला त्यौहार है। इसमें अच्छी फसल की कामना के साथ खेती-किसानी से जुड़े औजारों की पूजा की जाती है। इस दिन धरती माता की पूजा कर हम भरण पोषण के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अनुरोध करते हुए कहा है कि इस बार हम धरती माता का आभार उनकी पूजा करने के साथ 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाएं और हरेली की खुशियां मनाएं।

## शाह ने देशवासियों से घरों पर तिरंगा लहराने की अपील की

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को देशवासियों से अपील की कि वे 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आगामी नौ से 15 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा लहराकर इसकी सेल्फी 'हर घर तिरंगा' वेबसाइट पर अपलोड करें। शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा त्याग, निष्ठा व शांति का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान आजादी के नायकों को याद करने, राष्ट्रप्रथम का संकल्प लेने और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने का माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर यह अभियान बीते दो वर्षों से जन-जन का अभियान बन गया है। आगामी नौ से 15 अगस्त तक आप भी अपने घरों में तिरंगा लहराकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपनी सेल्फी अपलोड करें।



## असम में 27 हजार करोड़ के निवेश से टाटा का सेमीकंडक्टर संयंत्र निर्माण कार्य शुरू

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश में स्वदेशी तकनीक से सेमीकंडक्टर बनेगा और इसके लिए असम के मोरीगांव में 27 हजार करोड़ रुपये के निवेश से बनने वाला टाटा के सेमीकंडक्टर संयंत्र का निमार्ण कार्य शनिवार को शुरू हो गया। वैष्णव ने संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुये कहा कि गत 29 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इसको मंजूरी दी गयी थी और पांच महीने में ही संयंत्र का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा और टाटा संस के अध्यक्ष एन चंद्रशेखर की मौजूदगी में संयंत्र का निर्माण कार्य शुरू हुआ है, जिसमें 15 हजार लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा और 11 से 13 हजार लोगों को अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस संयंत्र में स्वदेशी तकनीक से चिप का निर्माण होगा जिसमें फ्लिप चिप और आई सिप प्रौद्योगिकी भी शामिल है। इस संयंत्र की क्षमता 4.83 करोड़ चिप प्रति दिन होगी। इसमें बनने वाले चिप का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों, संचार नेटवर्क और अन्य उत्पादों में होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की एक्ट ईस्ट नीति को गति देते हुये तथा सेमीकंडक्टर क्षेत्र के लिए कुशल एवं दक्ष युवाओं को तैयार करने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर के नौ संस्थानों में कौशल विकास कार्यक्रम भी शुरू हो गया है।

## राष्ट्र निर्माण में सामूहिक योगदान देना होगा : रामनाथ कोविंद

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि देश अमृत काल के प्रारम्भ से गुजर रहा है और भारत को एक बार फिर विश्व गुरु बनाने के लिए सभी को राष्ट्र निर्माण में सामूहिक रूप से योगदान देना होगा। कोविंद ने सेठ आनंदराम जैपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस द्वारा विश्व गुरु के रूप में भारत का उदय नया युग, नयी उचाइयां विषय पर आयोजित पांचवें डॉ. राजाराम जैपुरिया मेमोरियल लेक्चर में भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और वैज्ञानिक विरासत को छूते हुए, भारत के गौरवशाली अतीत के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की विशाल क्षमता को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा, भारत ने दुनिया को शून्य और दशमलव की अवधारणा दी है। प्राचीन काल के कई महान भारतीय विचारकों ने दुनिया भर में विज्ञान, गणित और आध्यात्मिकता में एक अमिट छाप छोड़ी है। अगर हम आज अपने देश को देखें तो हमारा अंतरिक्ष कार्यक्रम सर्वश्रेष्ठ में से एक है। हम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंच गए हैं, मंगल ग्रह पर एक ऑर्बिटर भेजा है और मिशन आदित्य एल1 के माध्यम से सूर्य का अध्ययन कर रहे हैं। हमारे पास एक संपन्न डिजिटल अर्थव्यवस्था है। सेठ आनंदराम जैपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष शिशिर जैपुरिया ने स्वागत भाषण में कहा, हमारा देश इस समय एक निर्णायक मोड़ पर है। हम अमृत काल में भारत को विकसित भारत बनाने के लिए सामाजिक-आर्थिक विकास और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति देख रहे हैं। देश के विकास को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाने में शिक्षा एक बड़ा उत्प्रेरक होगी। इसे उद्योग की तेजी से बदलती जरूरतों के साथ जोड़ना होगा। ध्यान मापने योग्य परिणामों के साथ परिणाम-आधारित शिक्षा पर होना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों में लागू प्रासंगिक कौशल और ज्ञान प्राप्त करें। हमें अकादमिक अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति का निर्माण और रखरखाव करना होगा।



## ईवीएम पर उठे सवालों का जवाब दे आयोग : कांग्रेस

**नयी दिल्ली/वार्ता।** कांग्रेस ने कहा है कि हाल में हुए आम चुनाव के परिणामों को लेकर एक विश्लेषण सामने आया है जिसमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में गड़बड़ी की बात कही गई है और इस पर उठे सवालों का चुनाव आयोग को जवाब देना चाहिए। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव आयोग ईवीएम के परिणामों को लेकर किसी भी संदेह से इनकार करता है और वोटिंग मशीन में गड़बड़ी नहीं होने का दावा करता है, लेकिन हाल में सामने आए विश्लेषण से शुरुआती और आखिरी चुनाव परिणाम में अंतर मिला है जो इवीएम पर सवाल खड़े करता है। दीक्षित ने कहा 'वॉइस ऑफ डेमोक्रेसी' नाम की संस्था ने हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव परिणामों पर एक विश्लेषण किया है। विश्लेषण के मुताबिक शुरुआती चरण में घोषित आंकड़ों और आखिरी चरण के फ़ाइनल आंकड़ों में अंतर है। राष्ट्रीय स्तर पर शुरू के और आखिरी आंकड़ों में यदि छह प्रतिशत का अंतर है तो क्या ये नतीजे सही थे। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग ने हर फेज से कई दिन बाद तक फाइनल आंकड़ें दिए। ये तब है, जब कहा जाता है कि ईवीएम से बेहतर कुछ नहीं है, ईवीएम से हर चीज पता चल जाती है। ईवीएम से जब वोटिंग चालू होती है तो हर दो घंटे में चुनाव आयोग को आंकड़ें भेजने होते हैं कि बूथ पर कितनी वोटिंग हुई है। अगर हम राज्यों के स्तर पर देखें तो पता चलेगा कि आश्चर्यजनक तरीके से आंध्र प्रदेश और ओडिशा में 12.5 प्रतिशत वोट बढ़ जाता है।

## विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा का रविवार को शुभारंभ



पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर दशहरा पर्व की शुरुआत श्रावण हरियाली अमावस्या यानी हो जायेगी। इस दिन रथ बनाने के लिए जंगल से पहली लकड़ी ठुरलू खोटला माचकोट के जंगल से लेकर ग्रामीण आयेंगे। इस रस्म को पाट जात्रा कहा जाता है। वर्षो से चली आ रही परम्परा के अनुसार पाठ जात्रा के लिए ठुरलू खोटला लाने का जिम्मा बिलोरी के ग्रामीणों को दी गई है। ऐतिहासिक बस्तर दशहरा इस साल तृतीया तिथि दो दिन होने के कारण 15 की जगह 77 दिनों का होगा। विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर्व वर्ष 2024 का प्रथम विधान पाट जात्रा पूजा है। हरियाली अमावस्या के दिन रविवार को पाट जात्रा पूजा विधान कार्यक्रम मां दंतेश्वरी मंदिर के सामने प्रातः 11 बजे सम्पन्न किया जाएगा। इसके बाद 16 सितम्बर को डेरी गड़ाई, दो अक्टूबर को काछन गादी और तीन अक्टूबर को कलश स्थापना के साथ जोगी बिठाई रस्म होगी। पांच से 10 अक्टूबर तक रथ परिक्रमा कराया जाएगा। शेष पेज 2 पर...

### बचाव कार्यों में तेजी लाने वायु सेना का चिनूक एवं एमआई 17 विमान से भी यात्रियों को एयर लिफ्ट किया गया

## केदारनाथ में फंसे यात्रियों को निकलने का काम जारी, अब तक 7234 यात्री रेस्क्यू

वार्ता < रुद्रप्रयाग
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड के केदार घाटी में बुधवार रात्रि को हुई अत्यधिक बारिश के कारण केदार घाटी में कई जगह रास्ते क्षतिग्रस्त हुए हैं। विभिन्न पड़ावों पर फंसे तीर्थयात्रियों एवं स्थानीय लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस सहित अन्य सुरक्षा बल लगातार कार्य कर रहे हैं। अब तक कुल 7234 यात्रियों को हेलीकॉप्टर एवं मैनुअल तरीके से रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया है। हर स्तर पर सभी लोगों के सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। बचाव कार्यों में तेजी लाने हेतु वायु सेना का चिनूक एवं एमआई 17 विमान से भी यात्रियों को एयर लिफ्ट किया गया। वहीं मैनुअल रेस्क्यू भी लगातार जारी है।

आपदा में मृतकों एवं गुमशुदा यात्रियों के संबंध में रुद्रप्रयाग प्रशासन द्वारा स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया गया है कि अभी तक दो मृतकों के शव बरामद हुए हैं। दोनों ही शव लिंचोली क्षेत्र से बरामद हुए हैं। किसी के गुमशुदा होने की कोई सूचना नहीं है। नेटवर्क कनेक्टिविटी की समस्या के कारण यात्रियों को परिजनों से संपर्क करने में समस्या हो रही है।

विभिन्न यात्रा पड़ावों पर ठहरे यात्रियों हेतु प्रशासन के स्तर से पर्याप्त भोजन, पानी व आवासीय व्यवस्था भी की गई हैं। जनपद पुलिस के स्तर से हेल्पलाइन नम्बर 7579257572, 01364-233387 व आपातकालीन नम्बर 112 जारी कर यात्रियों के परिजनों की कॉल्स पर आवश्यक जानकारी दी जा रही है। भीमबली में रुके यात्रियों को प्रीपेड काउंटर पर लगे वाई-फाई नेटवर्क के माध्यम से 150 यात्रियों ने अपने परिजनो से वार्ता कर अपनी-अपनी कुशलता दी गई है। शुक्रवार को 599 लोगों को हेली सेवाओं से एयर लिफ्ट कर रेस्क्यू किया गया, जबकि सोनप्रयाग से जंगलचट्टी के बीच फंसे 2024 तथा चौमासी से 161 तीर्थयात्रियों का रेस्क्यू किया गया। अभी रेस्क्यू का अभियान बारिश के कारण बंद कर दिया गया है तथा सभी यात्री गण सुरक्षित स्थानों पर रखे गये हैं। एनडीआरएफ एसडीआरएफ डीडीआरएफ वन विभाग, संबंधित जिला पुलिस और फायर एवं इमरजेंसी सेवाएं की टीमें बचाव कार्य में जुटीं हैं।

## दिल्ली में सितंबर में होगा 'वर्ल्ड फूड इंडिया' : चिराग

**पटना।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि सितंबर में नयी दिल्ली में 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 का आयोजन किया जाएगा। पासवान ने वाणिज्य एवं उद्योग संगठन पीएचडीसीसीआई के सहयोग से पटना में खाद्य प्रसंस्करण पर आयोजित क्षेत्रीय उद्योग बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का एक प्रमुख कार्यक्रम है और इसका आयोजन 19 से 22 सितंबर को नयी दिल्ली में किया जा रहा है। उन्होंने बिहार के लोगों और सभी आमंत्रित लोगों से इस कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नए मंच खुलेंगे। केंद्रीय मंत्री ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के महत्व के बारे में कहा कि इस क्षेत्र में जमीनी स्तर पर काम करने से भारत की आर्थिक स्थिति को ऊपर उठाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने सबसे अधिक किसानों वाले राज्यों में से एक बिहार के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र बिहार को एक मजबूत और विकसित राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। पासवान ने कहा कि बिहार में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की अधिक-से-अधिक इकाइयां स्थापित करके बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन किया जा सकता है।



## आवासीय कालोनियों के विकास अनुज्ञा, नियमितिकरण, भवन निर्माण अनुज्ञा हेतु साफ्टवेयर का सरलीकरण किया जाएगाः चौधरी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ. पी चौधरी ने न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग की समीक्षा की, जिसमें राज्य के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारी उपस्थित हुए। मंत्री चौधरी ने विभागीय समीक्षा बैठक में आवासीय कालोनियों के विकास अनुज्ञा, नियमितिकरण, विकास योजना तथा भवन निर्माण अनुज्ञा में सरलीकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने ऑनलाईन प्रक्रिया में आ रही कठिनाईयों के संबंध में विस्तार से चर्चा की तथा उक्त समस्या को देखते हुए साफ्टवेयर में सरलीकरण करते हुए समस्त कार्यालय प्रमुखों को प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने निर्देशित किया। मंत्री ओ. पी चौधरी द्वारा नए जिलों में कार्यालयों की स्थापना एवं कर्मचारियों के पद सरंचना के पुनःनिर्धारण पर भी चर्चा की गई साथ ही राज्य के प्रमुख जिले रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगाँव जैसे बड़े शहरों में कर्मचारियों-अधिकारियों के पद सरंचना में वृद्धि करने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की उचित व्यवस्था से आमजनों के प्रकरणों का निराकरण सुगमता से समय-सीमा पर किया जा सकता है। मंत्री ओ. पी चौधरी ने संचालक सौरभ कुमार को यह निर्देशित किया कि समस्त अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय में कार्यालय में उपस्थित रहकर आमजनों के प्रकरणों का निराकरण करें। कार्यों में पारदर्शिता एवं तत्परता दिखनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मिलने के समय का निर्धारण कर इसकी सूचना कार्यालय के सूचना पटल पर अवश्य लगाए।

# प्रदेश के छात्रावासों में दो हज़ार सीटों की वृद्धि होगी

## मुख्यमंत्री साय ने किया आठ करोड़ रुपए से अधिक लागत से बने पाँच कन्या छात्रावासों का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ⟨ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आरंग में पाँच कन्या छात्रावासों का शुभारंभ किया। पाँचो छात्रावासों के शुरू हो जाने से अनुसूचित जाति की तीन सौ कन्याओं की अपनी पढ़ाई के लिए आवासीय सुविधा मिलेगी। इन छात्रावासों की लागत आठ करोड़ छह लाख रुपये से ज्यादा है। मुख्यमंत्री ने पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास आरंग 100 सीटर लागत 174.67 लाख, प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास मंदिर हसौद, 50 सीटर लागत 174.67 लाख, अनुसूचित जाति कन्या आश्रम आरंग 50 सीटर लागत 162.76 लाख, अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास आश्रम 50 सीटर लागत 162.76 लाख, नवीन प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास आरंग 50 सीटर लागत 152.97 लाख रूपए का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कन्या छात्रावास परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत रामफल के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के सभी हॉस्टल, छात्रावासों में दो हजार सीटों की वृद्धि करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने माइनर नगर वितरक शाखा क्रमांक-एक पोढ़ापार रसोटा तुलसी केशला के जीर्णोद्धार, आरंग एसडीएम और तहसील कार्यालय के कर्मचारियों के लिए आवास के निर्माण, आरंग रेस्ट हाउस का विस्तार और जीर्णोद्धार करने की घोषणा की। इस मौके पर विधायक गुरू खुशवंत साहेब की मांग पर भण्डारपुरी गुरुद्वारा परिसर के निर्माण के लिए 17 करोड़ रुपये की मंजूरी भी दी गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छात्रावास के लोकार्पण कर छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि इन भवनों के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्ग की हमारी बेटियां सुविधापूर्ण तरीके से अपनी शिक्षा को जारी रख सकेंगी और अच्छी तरह पढ़-लिखकर अपने माता-पिता और हमारे प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा विकास का मूल मंत्र है। शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम ही नहीं है बल्कि उससे भी बढ़कर एक आदर्श समाज की नींव है। किसी भी कार्य को अच्छी तरह कर पाने के लिए शिक्षा का अहम योगदान होता है। 15 साल प्रदेश में डॉ. रमन सिंह की सरकार रही, इन 15 सालों में प्रदेश में शिक्षा के विकास के लिए अनेक कार्य हुए। उस समय हमारे प्रदेश के शैक्षणिक संस्थान टॉप में रहे। उसी का परिणाम है कि आज प्रदेश में 10 से अधिक मेडिकल कॉलेज हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन के साथ विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है। हमारी सरकार को कुछ ही माह हुए हैं इतने कम समय में हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा प्रदेश की जनता को दी गई गारंटियों को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। इस क्रम में आरंग विधानसभा के विकास के लिए भी हमने कम समय में 17 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी है। शिक्षा के क्षेत्र में भी हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है। पीएम श्री योजना में छत्तीसगढ़ के 211 स्कूलों को शामिल किया गया है। इन स्कूलों के विकास के लिए केंद्र सरकार से 02 करोड़ रूपए का बजट मिलेगा, जिसका उपयोग स्कूल में अच्छे शिक्षकों की उपलब्धता, शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए किया जाएगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ से दिल्ली जाकर आईएएस, आईपीएस परीक्षा की तैयारी करने वाले एसटी, एससी, ओबीसी वर्ग के छात्रों के लिए दिल्ली में निर्धारित हॉस्टल में सीटों की संख्या की बढ़ोतरी करते हुए उसे 200 किया गया है। मंत्री रामविचार नेताम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार समाज के बेहतरी, उत्थान और विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि इन कन्या छात्रावासों के शुभारंभ से छात्राओं को बड़ी सुविधा मिलेगी। मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में भवन विहीन 180 छात्रावासों के बिल्डिंग निर्माण की स्वीकृति मिली है। वर्तमान में 180 में से 121 भवन के निर्माण के लिए 210 करोड़ रूपए का टेंडर भी लगा दिया गया है।

# श्री बालाजी हास्पिटल एवं जायसवाल निको इंडस्ट्री लिमिटेड के सौजन्य से एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन





पायनियर संवाददाता ⟨ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्रीबालाजी हास्पिटल एवं जायसवाल निको इंडस्ट्री लिमिटेड के सौजन्य से एक दिवसीय निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन शनिवार को प्रातः 12 से दोपहर 3 बजे तक ग्राम पंचायत मान्ढर में किया गया। जिसमें लोगों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया एवं जन समस्याओं के बारे में विशेषज्ञ डाक्टरों जिनमें समान्य चिकित्सा के विशेषज्ञ डाक्टर एकांश पिल्ले, स्त्री रोग विशेषज्ञ डाक्टर मयुरी जैन, एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ से डाक्टर अमिनुदीन कुरैशी, ई एन टी से डाक्टर दिग्विजय सिंह एवं चर्म रोग विशेषज्ञ डाक्टर काशिफा राफ त हास्पिटल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, आकाश मानस, एवं विवेकानद मिश्रा, वीरेंद्र खूँटेल, सुनील साहू तथा नर्सिंग स्टाफ से, आशा लता, निलेशवरी सोना एवं जैसवाल निको के कर्मचारि गण एवं ग्राम पंचायत निवासी उपस्थित रहे। शिविर में निशुल्क बी.पी., ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, स्त्री रोग, हड्डी रोग, नाक कान गला रोग, एवं चर्म रोग का इलाज किया गया। आयोजन कर्त्ताओं द्वारा श्री बालाजी हास्पिटल एवं टीम का आभार प्रकट किया गया।

# लगातार बारिश के बीच स्वर्णप्राशन के लिए आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में उमड़ी भीड़

पायनियर संवाददाता ⟨ रायपुर
www.dailypioneer.com





दिन भर लगातार बारिश और झड़ी के बीच स्वर्णप्राशन के लिए अभिभावक बड़ी संख्या में बच्चों को लेकर रायपुर के आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय पहुंचे। बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्ति वर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए 1370 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। स्वर्णप्राशन के साथ ही डॉ. लवकेश चंद्रवंशी ने बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया।

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में आयुष विभाग की संचालक इफ्फ त आरा, प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया। स्वर्णप्राशन समन्वयक डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह काफी लाभदायक है। महाविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 25 जनवरी को 1235, 21 फरवरी को 1420, 18 मार्च को 1720, 16 अप्रैल को 1410, 13 मई को 1256, 10 जून को 1802 और 8 जुलाई को 1342 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया था।

# श्रममंत्री लखन लाल देवांगन ने दी हरेली तिहार की बधाई

**रायपुर।** वाणिज्य एवं उद्योग तथा श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने प्रदेशवासियों को छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व हरेली तिहार की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है। छत्तीसगढ़ के लोक जीवन इस पर्व का बहुत महत्व है। हरेली छत्तीसगढ़ पहला लोक पर्व है। इससे ही लोक तिहारों का सिलसिला शुरू होता है। हरेली के दिन किसान भाई नांगर (हल) एवं कृषि औजार की पूजा करते है, जो हमारे कृषि प्रधान संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। विष्णु देव साय सरकार की किसान कल्याण की नीतियों से खेती में किसानों का मुनाफा बढ़ा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में कई अहम निर्णय लिए गए हैं, जिनसे किसान परिवार अधिक सशक्त और फसल उगाने से लेकर उसे बेचे जाने तक की प्रक्रिया बेहद आसान हुई है।

# अब जंगल में ऊबड़-खाबड़ पगडंडियों की ओर नहीं जाते पहाड़ी कोरवा राजकुमारी के कदम

## वनांचल की राजकुमारी ने शुरू की जिंदगी की नई पारी

पायनियर संवाददाता ⟨ रायपुर
www.dailypioneer.com



बात कुछ महीने पहले की ही है। राजकुमारी की जिंदगी किसी राजकुमारी की तरह तो दूर की बात, एक सामान्य इंसान की तरह भी न थी। जंगल में रहना, तेंदू-चार बीनना,बकरी चराना, घर में बाड़ी में काम करना तो कभी खेतों में हल चलाना और सुबह-शाम चूल्हें फूंकना राजकुमारी के जिंदगी की जद्दोजेहद में शामिल थी। शहर से लगभग 90 किलोमीटर दूर पेंड्रीडीह गाँव की पहाड़ी कोरवा महिला राजकुमारी की ख्वाहिश तो थी कि वह पढाई करें और कुछ नौकरी करें। पढ़ाई की उनकी यह ख्वाहिश पूरी तरह से पूरी नहीं हो सकी। लेकिन जितना भी पढ़ी थीं, उन्हें समझ थी कि पढ़ाई ही एक ऐसा माध्यम है जो उन्हें और और उनके समाज को उन्नति की राह पर आगे ले जा सकता है। एक उम्र के साथ ही घर वालो द्वारा रिश्ता तय करने के बाद ससुराल आई राजकुमारी को जब मालूम हुआ कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा जिले के शिक्षित पहाड़ी कोरवाओं को नौकरी दी जा रही है तो उन्होंने देरी नहीं की। अपना आवेदन दिया और पक्के इरादों के साथ जंगल से दूर आकर शहर में नौकरी शुरू की। अब जब नौकरी मिल गई है तो पहाड़ी कोरवा राजकुमारी की दिनचर्या ही बदल गई है। पहले सुबह उठते ही जो कदम उबड़-खाबड़ पगडंडियों से होकर जंगल की ओर जाया करते थे, अब वह जिंदगी की नई पारी और एक नई जिम्मेदारी के साथ स्कूल की ओर आती है।

# स्वच्छता दीदियों और स्वच्छता कमांडोज के मानदेय के लिए 25.86 करोड़ जारी

पायनियर संवाददाता ⟨ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय द्वारा नगरीय निकायों में कार्यरत स्वच्छता दीदियों और स्वच्छता कमांडोज के मानदेय के लिए 25 करोड़ 86 लाख रुपए जारी किए गए हैं। इस राशि से उन्हें जुलाई, अगस्त और सितम्बर का मानदेय प्रदान किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने सभी नगरीय निकायों को राशि जारी कर दी है। मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों में 9232 स्वच्छता दीदियां और 1937 स्वच्छता कमाण्डोज काम कर रही हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने शहरों में स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी कार्यों में गुणात्मक सुधार के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत काम कर रहीं स्वच्छता दीदियों और स्वच्छता कमाण्डोज को नियमित रूप से समय-सीमा में मानदेय भुगतान के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देश पर शहरों में स्वच्छता गतिविधियों की निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रदेश के 11 नगर निगमों में कार्यरत 4099 स्वच्छता दीदियों, 43 नगर पालिकाओं की 2557 और 112 नगर पंचायतों की 2576 स्वच्छता दीदियों के मानदेय भुगतान के लिए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 19 करोड़ 94 लाख 11 हजार 200 रुपए जारी किए गए हैं। नगरीय निकायों में प्लेसमेंट में कार्यरत् 14 नगर निगमों के 460 स्वच्छता कमाण्डोज, 43 नगर पालिकाओं के 726 और 112 नगर पंचायतों के 751 स्वच्छता कमाण्डोज के तीन महीनों के मानदेय के लिए पांच करोड़ 92 लाख 29 हजार 300 रुपए जारी किए गए हैं। उल्लेखनीय है भारत सरकार द्वारा संचालित स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत राज्य के सभी नगरीय निकायों में स्थानीय स्वसहायता समूहों द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व पृथक्कीकरण, एसएलआरएम सेन्टर का संचालन-संधारण और आर्गेनिक कचरे की कम्पोस्टिंग के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं।

# विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर्व का प्रथम विधान पाट जात्रा कार्यकम आज


फाइल फोटो

**रायपुर।** विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर्व वर्ष 2024 प्रथम विधान पाट जात्रा कार्यकम आज रविवार को हरियाली अमावस्या के दिन पाट जात्रा पूजा विधान कार्यक्रम माँ दतेश्वरी मंदिर के सामने समय प्रातः 11 बजे सम्पन्न किया जाएगा। जिसमें बस्तर संभाग के सभी गणमान्य नागरिक मांझी चालकी पुजारी, रावत, मेम्बर-मेम्बरीन, तदर्थ टेम्पल कमेटी के सदस्यों एव जन समुदाय की उपस्थिति रहेंगे।

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें,गुणवत्ताहीन निर्माण करने वाले एजंसियों पर कड़ी कार्यवाही करें : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता ⟨ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के समग्र विकास, किसानों के आर्थिक विकास के लिए नई सिचाई परियोजनाओं, वनांचल सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बैकिंग सुविधाओं के विस्तार, शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत तथा बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया है। शर्मा ने कबीरधाम जिले के दो दिवसीय प्रवास के दौरान वहां कलेक्ट्रोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में केन्द्र तथा राज्य शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। उन्होने समीक्षा बैठक में जिले के वंनाचल क्षेत्रों में अधोसरंचना, पुल-पुलिया, सड़क, पीएम जनमन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषि उपज मंडी के स्वीकृत विकास कार्य, विधायक निधी, प्रभारी मंत्री द्वारा स्वीकृत कार्य, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास कार्य, त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्थानों के क्षमता विकास योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्य, मनरेगा के तहत स्वीकृत कार्य, लोक निर्माण विभाग के कार्य, नई सिचाई परियोजनाओं, वनांचल सहित सुदुर ग्रामीण क्षेत्रों में बैकिंग सुविधाओं के विस्तार, शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की गहन समीक्षा की। उन्होने संबंधित विभागों को स्वीकृति के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने विभिन्न मदों से स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वीकृत निर्माण कार्यो में तेजी लाएं और निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी स्वीकृत कार्यो को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होने कृषि उपज मंडी द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्य को प्रारंभ नहीं करने पर कड़ी नाराजगी जाताई। उन्होने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्य मे यदि गुणवत्ताहीन की शिकायत मिलती है ऐसे निमार्ण कार्यों की सभी पहलुओं की जांच कराई जाएगी और संबंधित विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए निर्माण एंजेसी तथा संबंधित ठेकेदारों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।उन्होने कलेक्टर को समय-समय पर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के लिए भी कहा। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कबीरधाम जिले में किसानों के आर्थिक समृद्धि के लिए जिले के सूदूर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की पांच नई शाखा खोलने के प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए। इन पांच नई बैकिंग शाखाओं में सूदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम चिल्फी, कोयलारी, झलमला, सुरजपुरा और राजानवागांव शामिल है। इन ग्रामो में बैकिंग सुविधाओं के विस्तार होने से क्षेत्र के हजारों किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा साथ ही शिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर मिलेगे।




# हिस्ट्रीशीटर, भाजपा नेता अजय सिंह एक सरकारी गुंडा है : विक्रम मंडावी

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com



बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बने हुए लगभग 7 माह हुए है जब भाजपा की सरकार बनी थी तब भाजपा और भाजपा नेताओं ने कहा था कि ये सुशासन की सरकार है, डबल इंजन की सरकार है लेकिन महज़ 7 महीने में ही सुशासन का नारा देने वाली विष्णु देव साय सरकार की पोल खुल गई है। आज पूरे प्रदेश में राजनैतिक अराजकता का माहौल है, भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा खुलेआम गुंडागर्दी किया जा रहा है। मंडावीा ने कहा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को भी धमकियां और चुनौतियां दी जा रही है। विधायक विक्रम मंडावी ने बीजापुर की घटनाओं का उल्लेख करते हुए आगे कहा कि हिस्ट्रीशीटर और भाजपा नेता अजय सिंह ने 16 जुलाई को भैरमगढ़ निवासी प्रकाश पाण्डे के साथ जातिगत गाली गलौच देते हुए धक्का मुक्की करते हुए जान से मारने की धमकी और 15 लाख रुपये की मांग की थी। जिसे लेकर प्रकाश पाण्डे ने भैरमगढ़ थाने में 17 जुलाई को एफआईआर करने के लिए आवेदन पत्र दिया था, लेकिन आज तक जातिगत गाली गलौच करते हुए धक्का मुक्की देते, जान से मारने की धमकी देने और 15 लाख रुपये की मांग करने वाले पर कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में एक अन्य घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि 16 जुलाई को ही हिस्ट्रीशीटर और भाजपा नेता अजय सिंह ने बीजापुर के ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के छोटे भाई दिनेश चंद्राकर को जातिगत गाली गलौच देते हुए जान से मारने की धमकी दिया और क्रेसर प्लांट में रखे मशीनों को जलाने की धमकी दिया जिसकी भी शिकायत थाना भैरमगढ़ में 24 जुलाई को किया गया था। विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि 16 जुलाई की घटना की शिकायत पर एफआईआर नहीं होने से पीड़ितों ने जिले के पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर से मिलकर घटना के संबंध में विस्तार पूर्वक बताकर हिस्ट्रीशीटर और भाजपा नेता अजय सिंह पर एफआईआर करने की मांग की गई बावजूद इसके पुलिस अब तक हिस्ट्रीशीटर और भाजपा नेता अजय सिंह पर कार्यवाही नहीं कर रही है। पुलिस द्वारा हिस्ट्रीशीटर और भाजपा नेता अजय सिंह पर कार्यवाही नहीं होता देख पीड़ित युवक प्रकाश पाण्डे ने सर्व आदिवासी समाज एवं दिनेश चंद्राकर ने महार समाज को आवेदन देकर न्याय दिलाने की मांग किया उसके बाद पीड़ितों के समर्थन में सर्व आदिवासी समाज के बैनर तले महार समाज एवं सर्व समाज ने जिला मुख्यालय बीजापुर में 1 अगस्त को हिस्ट्रीशीटर और भाजपा नेता अजय सिंह पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग करते हुए रैली निकाली और बीजापुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा उसके बाद भी शासन प्रशासन के द्वारा समाज के लोगों के मांग पर कोई संतोषजनक जवाब शासन प्रशासन से नहीं मिला। कहा कि घटना दिनांक से अब तक 15-16 दिन बीत चुकें है लेकिन अब तक युवक प्रकाश पाण्डे को न्याय नहीं मिला। जिससे हिस्ट्रीशीटर और भाजपा नेता अजय सिंह का मनोबल लगातार बढ़ रहा है। हिस्ट्रीशीटर और भाजपा नेता अजय सिंह का यह कोई पहली घटना नहीं है इसके पूर्व भी हिस्ट्रीशीटर और भाजपा नेता अजय सिंह के खिलाफ़ 2 दर्जन से अधिक प्रकरण जिले के थानों में दर्ज हो चुकें है। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में कहा कि जिले के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, ठेकेदार एवं जिले के आम नागरिकों को लगातार हिस्ट्रीशीटर और भाजपा नेता अजय सिंह के द्वारा अपने सुरक्षा कर्मियों की आड़ में डराना, धमकाना, ब्लैकमेलिंग करना, जान से मारने और देख लेने की धमकी देना हिस्ट्रीशीटर और भाजपा नेता अजय सिंह के लिए आम बात हो गई है हिस्ट्रीशीटर और भाजपा नेता अजय सिंह के इन कृत्यों से जिले के आम नागरिकों में डर और भय का माहौल बना है। विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि इससे यह प्रतीत होता है कि हिस्ट्रीशीटर और भाजपा नेता अजय सिंह के द्वारा लगातार घटनायें की जा रही है और उसके ऊपर कार्यवाही न होकर हिस्ट्रीशीटर और भाजपा नेता अजय सिंह के अपराधों को संरक्षण देने का काम भाजपा की विष्णु देव साय की सुशासन का नारा देने वाली भाजपा सरकार कर रही है। प्रेस वार्ता में विक्रम मंडावी ने कहा कि इस पूरे मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी का भाजपा सरकार पर बड़ा आरोप है कि विष्णु देव साय की भाजपा सरकार के द्वारा हिस्ट्रीशीटर, बदमाश और गुंडा भाजपा नेता अजय सिंह को भाजपा सरकार का लोगों को मारने पीटने और वसूली करने का खुले आम संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले को देखने से यह भी प्रतीत होता है कि जिस निडरता के साथ हिस्ट्रीशीटर और भाजपा नेता अजय सिंह जिले के लोगों को खुलेआम चुनौती दे रहा है इससे तो यही प्रतीत होता है कि हिस्ट्रीशीटर और भाजपा नेता अजय सिंह एक सरकारी गुंडा है।

# किन परिस्थितियों में टूटी थी एनएमडीसी की डैम कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने दिया जांच का आदेश

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



दंतेवाड़ा जिले के बैलाडीला क्षेत्र में 21 जुलाई को हुई भारी वर्षा के कारण एनएमडीसी किरंदुल परियोजना की 11 सी खदान में स्थित सम्प टैंक की पूर्वी दीवार के बह जाने के कारण पानी के सैलाब से किरंदुल के वार्ड नम्बर 1 ,3,4,5,6 और 18 नंबर वार्ड में रह रहे लोगों के मकानों में एनएमडीसी किरंदुल परियोजना का आयरन ओर के ब्लूडस्ट का मलबा भारी पानी के तेज बहाव के साथ घरों में घुस गया था। किरंदुल में आई इस भीषण आपदा को संज्ञान में लेते हुए दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने उक्त घटित घटना की जांच के लिए जांच समिति का गठन किया है। जिसमें राजेश कुमार पात्रे अपर कलेक्टर दंतेवाड़ा को अध्यक्ष एवं विवेक चंद्रा अनुविभागीय दंडाधिकारी बड़े बचेली को सचिव बनाया गया है। वहीं हुलेश्वर नाथ खूंटे तहसीलदार कटेकल्याण, राजेश कुमार बेक कार्यपालन अभियंता जलसंसाधन विभाग दंतेवाड़ा, चबीलेश्वर मौर्य खनन अधिकारी, एवं प्रवीण समस्व अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी विभाग दंतेवाड़ा को जांच समिति का सदस्य बनाया गया है। गठित जांच समिति एक सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। जांच बिन्दु में प्रमुख रूप से बांध टूटने की घटना किन परिस्थितियों में हुई हैं एवं उक्त बांध का निर्माण कब क्यों और कौन सी भूमि पर किया गया था, साथ ही उक्त बांध के निर्माण में क्या सक्षम एवं तकनीकी अनुमति ली गई थी । इस पानी के सैलाब से कितने लोग प्रभावित हुए। बांध का प्रबंधन कैसे किया जाता हैं । एवं भविष्य में इस आपदा को रोकने के क्या उपाय किये जा सकते हैं आदि के विषय में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा

## विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर्व का प्रथम विधान पाट जात्रा कार्यकम आज

**जगदलपुर।** विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर्व वर्ष 2024 प्रथम विधान पाट जात्रा कार्यक्रम आज यानि रविवार को हरियाली अमावस्या के दिन पाट जात्रा पूजा विधान कार्यक्रम माँ दतेश्वरी मंदिर के सामने समय प्रातः 11 बजे सम्पन्न किया जाएगा। जिसमें बस्तर संभाग के सभी गणमान्य नागरिक मांझी चालकी पुजारी, रावत, मेम्बर-मेम्बरीन, तदर्थ टेम्पल कमेटी के सदस्यों एव जन समुदाय की उपस्थिति रहेंगे।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र पहुंचकर पीड़ितों से मिले सांसद महेश कश्यप



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरंदुल में विगत 21 जुलाई को बैलाडीला की 11 सी खदान से आई लौहचुर्ण और पानी का सैलाब ने कई घरों को तबाह कर दिया था तथा दैनिक उपयोगी सामग्री पानी में बह गया था तथा घरों में मलबा अभी भी जमा हुआ हैं जिसे जिला प्रशासन व एनएमडीसी के मजदूरों द्वारा साफ कर खाली कराया जा रहा है। इसके साथ ही प्रशासन एवम एनएमडीसी द्वारा लगातार राहत व बचाव कार्य किया जा रहा हैं। इस बीच शनिवार को बस्तर सांसद महेश कश्यप व विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी किरंदुल पहुंचे तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण कर पीड़ितों से मिले। जिसके बाद सांसद ने एनएमडीसी सीजीएम से मिलकर उक्त विषय को लेकर चर्चा किया। सांसद कश्यप ने बताया कि किरंदुल में हुए आपदा के विषय में मैंने व्यक्तिगत रूप से खान मंत्री से मिलकर अवगत कराया हैं।

# सड़कों पर आवारा पशुओं की जमावड़ा को हटाने दल गठन कर की जा रही कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com





शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर विजय दयाराम के. मार्गदर्शन नगर पंचायत बस्तर क्षेत्रातंर्गत एनएच 30 एवं विभिन्न मुख्य मार्गों में आवारा पशुओं के जमावाड़ा को नियंत्रण एवं हटाने की कार्यवाही किया जा रहा है। साथ ही पशुओं को टैंगिंग, पशुओं के गले में रेडियम पट्टी लगाने की कार्यवाही की जा रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरुण लहरे ने बताया कि सड़को में पशुओं का जमावाड़ा को हटाना, उनके मालिको को चिन्हाकिंत कर उन्हे साथ ले जाने संबंधी सूचना देना, पशुओं के गले में रेडियम पट्टी की उपलब्धता है या नहीं यह सुनिश्चित करने एवं उन्हें सुरक्षित गौठान में ले जाने के लिए दल का गठन कर कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा दुबारा पशु की जमावड़ा सड़क पर होने पर पशु मालिकों से जुमार्नी वसूल की जा रही है।

# बस्तर में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हो रहे निरंतर काम : किरण देव

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



विधानसभा क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आसना, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मीडियम स्कूल हाटगुड़ा, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल तूरेनार, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय माड़पाल एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मारकेल में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने छात्राओं को साइकिल वितरण किया। सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलवन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई । इस दौरान विधायक किरण देव ने कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत जगदलपुर विधानसभा के हाईस्कूलों में 206 छात्राओं को साइकिल वितरण किया जा रहा है। सभी छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं। सभी बच्चें बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें । हमारे प्रदेश में यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी की सोच है कि शिक्षा,स्वास्थ्य, पेयजल एवं सभी क्षेत्रों में प्रदेश का समग्र विकास करना। प्रदेश के जनता के किये विश्वास पर खरा उतरने का कार्य हमारी प्रदेश सरकार कर रही है देव ने कहा कि शिक्षा को और बेहतर रूप से करने के साथ हमारी छात्राओं को स्कूल आने में परेशानी ना हो जिसके लिये सरस्वती साइकिल योजना के तहत सरकार द्वारा साइकिल वितरण किया जा रहा है ।

# थाना किरन्दुल द्वारा हत्या करने वाले आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com




जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में लंबित अपराधों को चिन्हांकित कर प्रकरण के फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु गौरव राय पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा के दिशा निर्देश में निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू थाना किरन्दुल द्वारा अपने टीम के साथ 28 सितम्बर 2023 की रात्रि में लच्छू बारसे पिता स्व. माड़का बारसे, उम्र-53 वर्ष, साकिन-कलेपाल स्कूलपारा का किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से गले के दाहिने भाग में प्राणघातक चोट पहुंचाकर हत्या करने की घटना में शामिल अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा था 02 अगस्त 2024 को मुखबीर से सूचना पर ग्राम बड़े बेड़मा कुंजामपारा निवासी भीमा कुंजाम पिता स्व. पोदिया कुंजाम, प्रकाश कुंजाम पिता स्व. हिंडिया कुंजाम,नरेन्द्र कुंजाम पिता कोसा कुंजामदेवी सिंह कुंजाम पिता स्व. बीणाराम कुंजाम, सोना कुंजाम पिता सिनोज कुंजाम को हिरासत में लेकर थाना लाकर पूछताछ करने पर दिनांक 27 सितम्बर 2023 को लच्छू बारसे की योजना बनाकर हत्या करना स्वीकर किये तथा भीमा कुंजाम द्वारा करीबन डेढ़ वर्ष पूर्व अपनी पत्नी के साथ लड़ाई झगड़ा होने से ग्राम बेड़मा में बैठक हुआ था। जिसमें कलेपाल निवासी मृतक लच्छू बारसे द्वारा भीमा कुंजाम को मारपीट करना तथा कहीं भी मिलने से बार-बार धमकी देना व बेइज्जत करने से परेशान होकर अपने साथियों - प्रकाश कुंजाम, नरेन्द्र कुंजाम, देवी सिंह कुंजाम, सोना कुजाम, के साथ योजना बनाकर दिनांक 27 सितम्बर 2023 को अपने चारों साथी के साथ शाम करीब 07 बजे बेड़मा से निकलकर पेंटा पहुंचकर शराब पीये फिर रात करीब 11.00 बजे कलेपाल मेन रोड टिकनपाल चौक के पास आकर रुके थे और वहीं से प्रकाश और नरेन्द्र, लच्छू बारसे के घर जाकर उसे बुलाकर लाये उसके बाद भीमा कुंजाम मौका देखकर अपने हाथ में रखा डंडा से लच्छू बारसे के गर्दन में जोरदार वार किया जिससे लच्छू बारसे वहीं गिरकर तड़पने लगा इसी बीच प्रकाश ने अपने बैग में रखे धारदार लोहे के बंडा को निकालकर उसके गर्दन में जोरदार वार किया। जिससे लच्छू बारसे का गर्दन कटकर खून निकलने लगा जिसे हिला डुला कर देखे तो उसकी मृत्यु हो गई थी। प्रकाश पास के खेत के पानी में बंडा को धोकर अपने पास रखा उसके बाद भीमा कुंजाम, प्रकाश और नरेन्द्र कुंजाम एक मोटर सायकल में तथा सोना कुंजाम और देवी कुंजाम अलग मोटर सायकल से बड़े बेड़मा वापस घर आ आये। प्रकरण में 05 आरोपियों द्वारा योजना बनाकर लच्छू बारसे की हत्या करना स्वीकार करने से प्रकरण में धारा 34 जोड़ी जाकर उपरोक्त पांचो आरोपियों को दिनांक 02 अगस्त 2024 को पृथक पृथक गिरफ्तार किया गया है। जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमाण्ड पर पेश की गई हैं। आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद साहू के साथ एएसआई सीमाचलम, नरेश मंडल, सोना ताती, बिसेलाल ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

## श्रेष्ठत्तम प्रतिभा का प्रदर्शन कर नाम करेंगे रौशन

# राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला 2024 का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



बाल वैज्ञानिक के रूप में जो प्रदर्शन किये हैं वह अदभुत है। अपनी खोजी प्रवृत्ति को हमेशा बनाए रखें और नित नए प्रयास करेंगे तो राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठत्तम प्रतिभा का प्रदर्शन कर नाम रौशन करेंगे। यह बात जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप ने स्थानीय जगतु माहरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर एवं क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र रायपुर के तत्वावधान में आयोजित 04 दिवसीय राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला 2024 के समापन समारोह में प्रतिभागी बच्चों को मुख्य आतिथ्य की आसंदी से सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने इस राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला में शामिल सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को समाज के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने विज्ञान एवं गणित के नए अविष्कार एवं नियमों की दिशा में सतत प्रयास करने की शुभकामनाएं दी। उक्त राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला में आयोजित विविध विषयों के स्पधाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रायपुर जोन ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं दुर्ग एवं कबीरधाम जोन ने सयुंक्त रूप से द्वितीय और बस्तर जोन ने तीसरा स्थान अर्जित किया। आरंभ में जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने प्रतिवेदन में बताया कि चार दिनों तक चले इस राज्य स्तरीय विज्ञान मेले में राज्य के 09 जोन बस्तर, दन्तेवाड़ा, कांकेर, रायपुर, दुर्ग, कबीरधाम, बिलासपुर, अंबिकापुर एवं रायगढ़ के 250 बाल वैज्ञानिक एवं 150 विज्ञान शिक्षकों ने भाग लिया। सतत विकास के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर आयोजित यह राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी अन्तर्गत बाल वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शनी, विज्ञान नाटिका, विज्ञान सेमीनार विज्ञान प्रश्नमंच, विज्ञान शिक्षक संगोष्ठी, विज्ञान क्लब एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला अन्तर्गत शिक्षक सहायक सामग्री, व्यक्तिगत प्रोजेक्ट,टीम प्रोजेक्ट आदि प्रतिस्पर्धा सहित निःशक्त बच्चों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करने हेतु उन्हें सीधे राज्य स्तरीय मेले में प्रवेश दिया गया। इस मेले में 09 जोन के सामान्य छात्र-छात्राओं के साथ-साथ निःशक्त बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने जोन का नाम रोशन किया है। उन्होंने इस मेले की 15 स्पधाओं में भाग लेने वाले बच्चे एवं टीम से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 45 बच्चों व टीम को मैं अपनी शुभकामनाएं दी।

# नगर सेना एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा दो गर्भवती महिलाओं का कराया गया सुरक्षित प्रसव

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

विकासखण्ड बीजापुर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर गोंगला के आश्रित ग्राम कमकानार में बाढ़ के कारण 2 गर्भवती महिला फंसे होने की सूचना मिलने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.आर. पुजारी के निर्देशानुसार डॉ. विकास गवेल, खण्ड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में तत्काल एक गर्भवती महिला का प्रसव पीड़ा अधिक होने के कारण कमकानार में सुरक्षित प्रसव कराकर महिला, नवजात शिशु एवं एक अन्य गर्भवती महिला को बाढ़ आपदा राहत दल के सहयोग से सुरक्षित रेड्डी नदी को पार करवाया गया एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंगालूर में भर्ती कराया गया है।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

# एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना ]**

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060119901333, रायपुर मेन्स पार्लर जरिये प्रोपराइटर विनोद कुमार सेन ( ऋणी ), विनोद कुमार सेन ( सहऋणी ), श्रीमती संध्या सेन ( सहऋणी ) | 14-मई-24 ₹ 6,24,851/- छः लाख चौबीस हजार आठ सौ इक्यावन रूपये मात्र 13-मई-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पीएच नं. 27/28, खसरा नं. 199/1, महुजा घोलपारा, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2616 वर्ग फीट, पूर्वः मीनू की भूमि, पश्चिमः रोड, उत्तरः मीनू की भूमि, दक्षिणः विक्रेता की भूमि | 2-अगस्त-24 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060128580895, रिखीराम देवांगन ( ऋणी ), श्रीमती कुन्ती देवांगन ( सहऋणी ), सुनील देवांगन ( सहऋणी ) | 16-मई-24 ₹ 11,43,563/- ग्यारह लाख तेतालीस हजार पांच सौ तिरेसठ रूपये मात्र 13-मई-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 150/2, पीएच नं. 29, ग्राम मुंगेली, मान 1, वार्ड नं. 08, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 767 वर्ग फीट | 2-अगस्त-24 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अद्योहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8)के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं।और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

दिनांक: 03/08/2024 स्थान: छत्तीसगढ प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# 19 करोड़ के 165 अतिरिक्त भवन में एक भी पूरा नहीं सहायक आयुक्त के कार्यप्रणाली पर सवाल

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार ने स्कूली बच्चों के लिए अपर्याप्त भवन को ध्यान में रखते जिला भर 19 करोड़ 5 लाख 83 हजार की लागत से 165 अतिरिक्त भवन स्वीकृत बीते साल के मई माह में किया है और इन कार्यों को प्रमुखता से पूर्ण कराने के लिए आदिम जाति विभाग सहायक आयुक्त को बनाया है लेकिन साल भर से अधिक समय बीतने को आज तक पुरे जिले में एक भी अतिरिक्त भवन पूर्ण नही हो पाया है जिसे लेकर सहायक आयुक्त नवीन भगत के कार्यप्रणाली पर लगातार सवाल खड़ा किया जा रहा है क्योंकि करोड़ों रुपए जारी करने के बाद भी ना प्रगति आया और ना अप्रारंभ भवन प्रारंभ हुआ है ऐसे में जिला के हजारों बच्चो को अभाव वाले भवन में बैठकर अपना भविष्य गढ़ने को मजबुर है जानकारों की माने तो मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत गरियाबंद जिला के मैनपुर विकासखंड में 114 अतिरिक्त भवन और छुरा मे 20 देवभोग में 8 और गरियाबंद मे 23 भवन 19 करोड़ से अधिक लागत से स्वीकृत किया और निर्माण एजेंसी द्वारा करोड़ों रुपए भी जारी कर दिया है मगर जारी राशि अनुसार बिल्कुल भी काम नही हुआ है मैनपुर देवभोग छुरा मे तो गिनती के काम ही शुरू हो पाया है जिसका प्रमुख कारण निर्माण एजेंसी की धरातल से गायब होने को लेकर माना जाता है दावा तो भी किया जाता है की जिन जिन गांव में अतिरिक्त भवन स्वीकृत किया है उन गांव को तक निर्माण एजेंसी नही देखने की बात होती है तो दूसरी सरकारी रिकॉर्ड में सभी काम को प्रगति मे बताते किसी भवन को छज्जा लेवल तक बता रहे हैं तो किसी भवन को लिंटर प्लिंथ लेवल तक काम होना बता कर शीर्ष अधिकारियों को गुमराह किया जा रहा है अगर देवभोग ब्लॉक की बात करें तो माडागांव 25 और 32.80 की लागत से अतिरिक्त भवन स्वीकृत किया इसके अलावा सुपेबेड़ा, खोखसरा सितलीजोर मगररोडा बरबहली में 16 लाख 70 हजार की अलग अलग स्वीकृति दिया साथ ही लाटापारा में 8 लाख 32 हजार की भवन के लिए भी स्वीकृत है मगर निरीक्षण के अभाव में 13 माह बाद भी एक भी अतिरिक्त कक्ष पुरा तो दुर की बात छत ढलाई तक नही हो पाया है कहीं गड्ढा खोदकर छोड़ दिया है तो कही कालम खड़ा किया जा रहा है ।

## विभाग के फाइलों में झूठी आंकडा और फर्जी दावा

कलेक्टर सहित शीर्ष अधिकारियो के बीच झूठी आंकड़ा और फर्जी दावा करने का आरोप भी निर्माण एजेंसी पर लगाया जा रहा है क्योंकि जो प्रगति फईलो मैं दिखाया है वह धरातल के विपरीत है जिसके मद्देनजर भौतिक सत्यापन की आवश्यकता महसूस हो रही है हालांकि यह आरोप की पुष्टि पायनियर नही करता लेकिन कागजी पत्र कार्यलय कार्यलय काफी घूम रहा है जिसमे माडागांव के अतिरिक्त कक्ष को खिड़की और कालम स्तर बताया है जबकि यहा काम शुरू नही हुआ है सूपेबेड़ा को लिंटर और खोकसरा को प्लिंथ लेवल इसी तरह बरबहली मगररोड़ा सितलीजोर के भवन को बताया है जबकि यहां भी कागजी रिपोर्ट अनुसार काम नही हुआ है इसके साथ लाटापारा के अतिरिक्त भवन को छज्जा स्तर बताया है जबकि लाटापारा में गड्ढा खोदकर छोड़ दिया है इसलिए कागजी और भौतिक स्तिथि की जांच करने की आवश्यकता बताई जा रही है ताकि निर्माण एजेंसी की दावा की सच्चाई सामने आ सकें। मुख्य सचिव से शिकायत की तैयारी ङः धीमी गति से अतिरिक्त भवन निर्माण से ब्लॉक के जनप्रतिनिधियों के साथ साथ पालक प्रबंधनों में भी काफी ज्यादा नाराजगी देखी जा रही है बकायदा पत्राचार के माध्यम से निर्माण एजेंसी की शिकायत मुख्य सचिव से करने की तैयारी में है ।


# एक राखी देश के वीर सैनिकों के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाई बहन की अटूट विश्वास एवं स्नेह का पर्व रक्षाबंधन के पावन अवसर पूर्व धमतरी जिला भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा एक राखी देश के वीर सैनिकों के नाम कार्यक्रम आज 3 अगस्त को गांधी मैदान धमतरी में आयोजित की गई । इस कार्यक्रम में महिला मोर्चा की बहनें एवं वार्ड की बहने शिक्षिकाएं स्कूली छात्राएं विभिन्न संस्था से जुड़े महिलाएं विभिन्न समाज की महिलाओं ने सहभागिता प्रदान कर अपनी स्वेच्छानुसार एक लिफाफे में रक्षा सूत्र एवं अपने आंगन की मिट्टी अपना नाम पता मोबाइल सहित हमारे सैनिक भाइयों के लिए प्रेषित किए। यह रक्षा सूत्र हमारे देश के सरहद एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात ऐसे वीर सैनिक जो इस पवित्र पर्व पर अपने घर अपनी बहनों के बीच नहीं पहुंच पाते ऐसे जांबाज सिपाही के लिए प्रदेश कार्यालय के माध्यम से उन तक पहुंचाई जाएगी । हमारे देश के सैनिक अपनी जान की परवाह किए बिना अपनी मातृभूमि की रक्षा एवं हमारी सुरक्षा के लिए लगातार ड्यूटी पर तैनात रहते हैं किसी भी तीज त्योहारों में उन्हें छुट्टियां नहीं मिल पाती है उन्हें भी अपनी परिवार के साथ की आवश्यकता होती है। देश के सभी मातृ शक्तियों का आशीर्वाद एवं दुआएं हमारे देश के वीर सैनिकों के साथ है । इस उद्देश्य से महिला मोर्चा के द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित की गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की प्रदेश कोषाध्यक्ष हेमलता शर्मा, पूर्व महापौर अर्चना चौबे ,जिला उपाध्यक्ष श्यामा साहू ,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्रकला पटेल ,महामंत्री मोनिका देवांगन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कल्पना रणसिंह , सरिता यादव ,चित्रलेखा निर्मलकर, जिला मीडिया प्रभारी संगीता जगताप, कार्यालय प्रभारी ममता सिंन्हा, रुक्मणी सोनकर, नीतू त्रिवेदी ,नम्रता पवार, श्याम साहू ,प्राची सोनी ,अनीता सोनकर, पूजा कुंजाम ,समारी मिश्रा रेखा ,यादव कृष्णा साहू ,सुहागा बाई ,संतोषी साहू, दमयंती गजेंद्र ,अनीता यादव ,रेखा मांचल ,सुनीता वर्मा और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# उपकारी लोगो में माता पिता और गुरु का उपकार सबसे अधिक होता है: विशुद्ध सागर





पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

परम पूज्य विशुद्ध सागर जी म.सा. ने अपने प्रवचन में फरमाया कि आंखे बंद करके परमात्मा का स्मरण करते हुए समाधिमरण की भावना का ध्यान करना चाहिए। क्योंकि समाधिमारण ही हमे परमात्मा तक पहुंचा सकती है। देखकर और समझकर भी न समझना ही नासमझी है। दोष और द्वेष के दूर होते ही हम गुणानूरागी बनते है और गुणानूरागी बनते ही जगत के सभी जीवों के प्रति मैत्री भाव आ जाता है। परमात्मा सबकुछ देखते है और समझते है इसलिए सुखी है। हम सबकुछ देखते तो है लेकिन समझते नही इसलिए दुखी है। हमने स्वयं को समझदार बनाने के लिए जितने भी प्रयास किए उससे हमारी नासमझी ही प्रकट होती है। मैत्री या मित्रता में केवल परोपकार की भावना होती है। अपनी समझदारी का उपयोग दूसरो का भला करने में करना चाहिए। पाप कार्य हमेशा छुपाकर ही किया जाता है। लेकिन परमात्मा से कुछ भी छुपा नहीं रह सकता। सुख में तो सभी साथ देते है। लेकिन जो यह सोचकर साथ दे की मेरे होते हुए इसे कोई दुख न हो, वह मित्र होता है। पतन के राह पर ले जाने वाला कभी मित्र नही हो सकता। मित्र हमेशा कल्याणकारी होना चाहिए। हम अपने अहंकार के कारण अपनी गलतियों को सुधारना नही चाहते। स्वार्थ की पूर्ति के लिए कभी मित्रता नही करना चाहिए। हम अपने आने वाली पीढ़ी को बहुत धन दौलत देते है साथ ही परंपरा से चली आ रही दोष और द्वेष भी दे देते है । और ये सब संसार को बढ़ाने वाला अर्थ पतन की ओर ले जाने वाला होता है। इसके स्थान पर अगर हम एक गुरु और एक प्रभु विरासत में दे दे तो अपने आने वाले भव को सुधारा जा सकता है। हमारा भला चाहने वाले का बुरा चाहना कृतध्नता कहलाता है। जबकि उसके प्रति हमेशा कृतज्ञता का भाव होना चाहिए। कसौटी हमेशा मूल्यवान सोने की होती है। जो सोना शुद्ध होता है वह प्रत्येक कसौटी पर खरा उतरता है। हमे भी जिनशासन की कसौटी पर खरा उतरना है। कसौटी सोने की शुद्धता को प्रमाणित करता है और परमात्मा वास्तविकता को प्रमाणित करते है।

# खट्टी के मिडिल स्कूल मे सफाई कर्मी की नियुक्ति नही होने से सफाई व्यवस्था चरमराई

पायनियर संवाददाता ‹ नर्रा
www.dailypioneer.com



बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर उड़ीसा सीमा से लगा हुआ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खट्टी मे कक्षा छठवी से लेकर आठवीं तक संचालित है । इस शाला मे स्वीपर व सफाई कर्मी की नियुक्ति नही होने से स्कूल की साफ सफाई की व्यवस्था चरमरा गई है । शिक्षा विभाग को लेकर सरकार बड़े - बड़े दावे करती है । सरकारी स्कूल के बच्चो को बेहतर व्यवस्था और शिक्षा मिल सके इसके लिए करोड़ रुपए बजट मे खर्च किया जा रहा है । बच्चो को मुक्त किताबे गणवेश माध्यान्ह भोजन की व्यवस्था की गई है । और तो और यहां बच्चो के लिए पेयजल की संकट एक सप्ताह भर से हेंडपंप खराब पानी के अभाव से माध्यन्ह भोजन बनाना हुआ बंद । शाला मे पदस्थ प्रधानध्यापक कहते है कि शिक्षण सत्र 2024-25 अभी शुरू हुए एक माह हुआ है शाला मे अध्यनरत बच्चों की दर्ज संख्या लगभग 90 है । परंतु साफ सफाई के लिए स्वीपर व सफाई कर्मी की नियुक्ति नही होने से सफाई व्यवस्था बिलकुल चरमरा गई है । इसके अलावा शाला मे पेयजल व पानी की व्यवस्था भी नही है । और तो और अध्यापन कार्य के लिए 90 बच्चो के लिए मात्र एक शिक्षक के भरोसे मे चल रही है । एक ओर देखे तो सरकार ने सरकारी स्कूलो मे करोड़ो रुपए मे भवन से लेकर अन्य व्यवस्था की है । परंतु खट्टी के मिडील स्कूल मे सफाई कर्मी पेयजल के अलावा शिक्षक की कमी से जुझ रहे है । इस क्षेत्र के अधिकाश सरकारी स्कूलों मे एक से दो ही शिक्षक पदस्थ है ऐसे मे बच्चो की भविष्य को लेकर पालक चिंतित नजर आ रहे है ।

# अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे आरोपी को धमतरी पुलिस ने किया गिरफ्तार





पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

असामाजिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही करने एवं उनकी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु सभी प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिये गए हैं। जिस पर धमतरी पुलिस थाना कोतवाली द्वारा पेट्रोलिंग के दौरान अर्जुनी मोड के पास धमतरी में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रुप से शराब बिक्री किये जाने की मुखबिर सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा टीम भेजकर रेड कि कार्यवाही कि गई। जहां पर अर्जुनी मोंड के पास धमतरी के पास धनंजय दास मानिकपुरी नाम का व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा था जहां पर हमराह स्टॉफएवं गवाहों के समक्ष आरोपी धनंजय दास मानिकपुरी पिता स्व सुखदेव मानिकपुरी के पास में 26 पौवा देशी प्लेन शराब प्रत्येक में 180-180 मीमी शराब भरा हुआ कीमती 2340 रूपये गवाहों के समक्ष जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली धमतरी प्रआर दीपेश देहारी, आर चंदर जमदार, डायमंड यादव का विशेष योगदान रहा।

# रोड के लिए तरसता मोहदा, पिछले 10 वर्षों से मिल रहा है नेताओं से सिर्फ आश्वासन

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद/भुरकोनी
www.dailypioneer.com



रोड के लिए तरसता मोहदा पिछले 10 सालों से क्षेत्र के नेता और सांसद खयाली पुलाव बस पका रहे हैं आपको बता दें इस रोड पर सबसे ज्यादा तकलीफझेलने वाला स्कूली बच्चे और गर्भवती महिला है जो की मोहदा से महेज 5 किलोमीटर दूर है उप स्वास्थ्य केंद्र भुरकोनी जिसका लाभ न उठा करके लोग मजबूरी वश नवापारा उड़ीसा जा रहे हैं इलाज करवाने के लिए जबकि या तो 12 किलोमीटर में या 5 किलोमीटर में स्वास्थ्य केंद्र उपलब्ध है 2014 मै खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनने के बाद भाजपा विधायकश्री चुन्नी लाल यादव ने भुरकोनी से मोहदा जाने का मार्ग का अपने कर कमलो से भूमि पूजन किया था लेकिन 5 साल तक उस रोड पर किसी तरह का प्रभावी काम नहीं हुआ उसके बाद खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस का विधायक द्वारकाधीश यादव आए इनके द्वारा भी किसी तरह का प्रभावी काम नहीं हुआ रोड को लेकर आप विधायक के दफ्तर जब भी जाते आपको आपका काम जल्द ही हो जाएगा कहकर वहीं से लौटा दिया जाता पिथौरा ब्लाक में इसी रोड पर कम से कम 50 गांव आता है इन सभी को जब भी जनपद में काम करवाना होता है इसी बदहाली रोड से गुजरना पड़ता है इस रोड पर कई बार हादसा हो गया है।

# कांग्रेसियों ने रविशंकर शुक्ल व विद्याचरण की जयंती मनाई



पायनियर संवाददाता ‹ लवन
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कार्यालय बलौदाबाजार में अविभाजित मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल एवं उनके पुत्र पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल की जयंती मनाई गई। नेताओं ने कहा कि तत्कालीन सीपी और बरार तथा पुनर्गठित मध्य प्रदेश के राजनीतिक और सामाजिक जीवन की भूमध्य रेखा रहे पंडित रविशंकर शुक्ल मध्य प्रदेश के भीष्म पितामह की तरह इतिहास में दर्ज किए गए हैं। उनकी असाधारण नेतृत्व क्षमता का बीजगणित उनके आत्मविश्वास में था।उनका भौतिक प्रभावशाली व्यक्तित्व उनकी आत्मा का बाह्य साक्षात्कार कहा जा सकता है। शुक्ल की प्रतिभा बहुमुखी थी। वे एक साथ शिक्षक, लेखक, अधिवक्ता, विचारक, पत्रकार आदि रूपों में अपनी प्रतिभा से परिचय कराते रहे हैं। शुक्ल ने असाधारण सूझबूझ, धैर्य, दृढ़ निश्चय और निर्णय क्षमता का इजहार करते हुए अपने समर्थकों और आलोचकों को एक साथ चमत्कृत कर दिया करते थे। उक्त अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा जीव जंतु बोर्ड अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम गिरी रूपेश ठाकुर प्रभारी महामंत्री गोपी साहू प्रभाकर मिश्रा राजा तिवारी मनोज प्रजापति लखेश साहू धर्मेंद्र वर्मा दिगंबर साहू अविनाश मिश्रा अभिषेक पटेल पिंटू वर्मा आयुष भतपहरी शुभम वर्मा राहुल साहू सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# प्राथमिक शाला के शिक्षकों को मिला अंग्रेजी बोलने का प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

जिला शिक्षा अधिकारी निर्देशन में ई.एल.टी.आई. स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत द्वितीय चरण का प्राथमिक शाला के शिक्षकों का विकासखंड स्तरीय पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण ,शास. हाईस्कूल झिलमिला में 29 जुलाई से 02 अगस्त तक सम्पन्न हुआ। स्पोकन इंग्लिश शिक्षक - प्रशिक्षण में प्रतिभागी टीचर्स की काफ़ी सक्रियता रही और ग्रुप एक्टिविटी में उत्साह देखते बन रहा था।बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी ने औचक निरीक्षण कर प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा किए जा रहे अंग्रेज़ी भाषा में कन्वर्सेशन को ध्यान से सुना और स्पोकन इंग्लिश के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस प्रशिक्षण में अंग्रेज़ी भाषा के प्रति झिझक दूर करते हुए आत्म विश्वास के साथ स्पोकन इंग्लिश के साथ बहुभाषिता हेतु भाषाई क्षमता विकास पर जोर दिया ।बीईओ ने कहा कि यह प्रशिक्षण तभी सार्थक है जब आप अपने स्कूलों में बच्चों के साथ इंप्लीमेंट करें। बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल ने स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं दूरगामी परिणाम के संबंध में शिक्षकों से चर्चा करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन किया तथा शिक्षकों से अंग्रेज़ी बोलने, अंग्रेज़ी में वार्तालाप करने,गतिविधि करने को बढ़ावा देने प्रशिक्षण कक्ष में किए जा रहे विभिन्न एक्टिविटी को देखकर खुशी जाहिर की। प्रशिक्षण में फाइंडिंग ट्विंस, रोल प्ले, व्हाटइवर स्पीक नॉनस्टॉप,पिक एंड स्पीक,मॉक पंचायत,कन्वर्सेशन ऑन गिवन सिचुएशन,प्रेजेंटिंग एडवरटाइजमेंट,स्टोरी ऑफ माई लाईफ़ फाइंडिंग डिफेरेंटेशन, डिबेट,गेसिंग गेम आदि गतिविधियां कराई गई। टीचर्स की भागीदारी बढ़ाने मॉड्यूल अनुसार विभिन्न गतिविधियां कराई गई जिससे टीचर्स लाभान्वित हुए। हर प्रशिक्षण प्रभावी प्रशिक्षण की तर्ज पर बतौर डीआरजी/प्रशिक्षक सुब्रत प्रधान, यशवन्त कुमार चौधरी, शैलेन्द्र कुमार नायक, संजय कुमार नाग ने प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और प्रभावी प्रशिक्षण दिया।

# मोहन को जनपद, सीता को महिला एवं बाल विकास, भरत वन विभाग तथा अरमान कॉलेज के विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com



विधायक चातुरी नंद ने विभिन्न विभागों में अपने प्रतिनिधि नियुक्त की है। विधायक नंद ने जनपद पंचायत के लिए वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता मोहन लाल भोई को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग में वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री सीता अमृत पटेल, वन विभाग में भरत मेश्राम और शासकीय राजा वीरेंद्र बहादुर महाविद्यालय के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक नंद ने सभी प्रतिनिधियों को नई दायित्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विधायक प्रतिनिधि नियुक्त होने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, रामदयाल पटेल, पूर्व नपा अध्यक्ष अमृत पटेल, नेता नरेंद्र साहू, पार्षद सुरेश भोई, दीपांजलि बारीक, तन्मय पंडा, दीपक साहू, प्रमोद ग्वाल, परशु चौहान, निर्मल बढ़ई, कृष्णा सेठ, केशव अग्रवाल, अनस खान, प्रभात पटेल, रमीज रजा, अरमान हुसैन, पन्नू अग्रवाल, शंभू चौहान, जयंत यादव, विभिषण चौहान, दुष्यंत साहू, प्रियांशु चौहान, मिलाप चौहान, रोशन नाग समेत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# कांग्रेसियों ने सांसद अनुराग ठाकुर का किया पुतला दहन



पायनियर संवाददाता ‹ लवन
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय के पास राहुल गांधी से जाति पूछे जाने व आपत्तिजनक टिपण्णी करने के विरोध में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा की राहुल गांधी जी का जाति पूछना जानबूझकर अपमान करने का प्रयास था और प्रधानमंत्री को ऐसी अशोभनीय बातों का समर्थन नहीं करना चाहिए। संसद के अंदर अनुराग ठाकुर द्वारा दिया गया बयान बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है बीजेपी जातिगत जनगणना की राहुल गांधी द्वारा की गई मांग से बौखला गई है बीजेपी नेता कितनी भी कोशिश करे कांग्रेस पार्टी अपनी जातिगत जनगणना की मांग पर अडिग रहेगी।अनुराग ठाकुर ने संविधान का अपमान किया है। संसद में किसी की जाती कैसे पूछ सकते हैं। उक्त अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण विक्रम गिरी रूपेश ब्लॉक अध्यक्ष शहर रूपेश ठाकुर प्रभारी महामंत्री गोपी साहू प्रभाकर मिश्रा राजा तिवारी मनोज प्रजापति लखेश साहू धर्मेंद्र वर्मा दिगंबर साहू अविनाश मिश्रा अभिषेक पटेल पिंटू वर्मा आयुष भतपहरी शुभम वर्मा राहुल साहू सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# बच्चों की देखभाल की तरह लगाए गए पौधे की भी परवरिश करें : टंकराम वर्मा

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार/लवन
www.dailypioneer.com



राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा की मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को सावन के रिमझिम फुहारों के बीच जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में जिला स्तरीय वन महोत्सव मनाया गया। वन विभाग द्वारा आयोजित वन महोत्सव का शुभारम्भ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर एक पेड़ माँ में नाम अभियान अंतर्गत जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। स्कूल परिसर में करीब 500 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम कों सम्बोधित करते हुए राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि जीने के लिए सांस की और सांस लेने के लिए ऑक्सीजन की जरुरत होती है और जीवनदायिनी ऑक्सीजन मिलती है वृक्षों से।इसका मतलब पेड़ पौधों के बिना जीवन संभव नहीं है।हर साल बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाता है लेकिन उसमें से कितने पौधे जीवित बचते है इसका आकलन करना जरुरी है। जिस प्रकार माँ -बाप अपने बच्चों की देखभाल तब तक करते हैं जब तक वे अपने पैरों पर खड़े नहीं हो जाते उसीप्रकार पौधे लगाने के बाद 5-6 साल तक भली-भांति देख-रेख करना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ठाना है कि वृहद वृक्षारोपण के माध्यम से छत्तीसगढ़ कों हरियर प्रदेश बनाना है।उनके प्रतिबद्धता को पूरा करने आप सभी अपने खेत, खलिहान और जहां भी खाली जमीन मिलता है वहां पेड़ जरूर लगाएं। मंत्री वर्मा ने कहा कि राजस्व रिकार्ड में त्रुटियों को सुधारने के लिए अब तहसीलदारों को अधिकृत किया गया है जिससे अब आसानी से त्रुटि सुधार हो सकेगा। राजस्व रिकार्ड त्रुटि सुधार आगे पंचायत स्तर पर भी शुरु किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेल को बढ़ावा देने एवं खिलाडियों को सम्मानित करने के लिए खेल अलंकरण समारोह शुरू किया गया है।इस वर्ष 29 अगस्त को खेल अलंकरण समारोह होगा।उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार- भाटापारा जिले का नाम खेल के क्षेत्र में रोशन हो इसके लिए खेल सुविधाएं बढ़ाने का काम किया जा रहा है। इसके तहत 7.5 करोड़ की लागत से एथलेटिक्स ट्रैक का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम को पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा ने भी सम्बोधित किया।डीएफओ मयंक अग्रवाल ने बताया कि नदी तट योजना के तहत जिले में 50 हेक्टेयर में वृक्षारोपण किया गया है। किसान वृक्ष मित्र योजना अंतर्गत 1151 किसानों के 2185 एकड़ रकबे में क्षारोपण किया जाएगा।जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रचार्य वी. गिरिजा ने शाला उपलब्धि प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मनोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुमन वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष लवन , नगर पंचायत अध्यक्ष पलारी यशवर्धन वर्मा,जिला पंचायत सदस्य खुशबु बंजारे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा,कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, छगन लाल मुंदडा, विजय केशरवानी,श्याम बाई साहु, नरेश केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी - कर्मचारी,छात्र- छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# अलग-अलग कार्रवाई में एक महिला समेत 04 आरोपी गिरफ्तार, 29 लीटर महुआ शराब जप्त

## अवैध शराब की शिकायत पर जूटमिल पुलिस ने अभियान चलाकर की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

अवैध शराब की शिकायतों पर कार्यवाही को लेकर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर आज थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज अपने स्टाफ के साथ कोड़ातराई के सारथी पारा पहुंचे। जहां रहवासियों ने कोड़ातराई सारथी पारा के रहने वाले राजेश सारथी, गोपाल सारथी, अशोक सारथी और विवेक लहरे द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री कर माहौल खराब करने की शिकायत की। थाना प्रभारी व उनकी टीम द्वारा सभी संदेही के घर गवाहों को साथ लेकर शराब रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी राजेश सारथी पिता राम और सारथी उम्र 40 साल के पास से 07 लीटर अवैध महुआ शराब मिला जिसकी जप्ती गई।



संदेही अशोक कुमार पिता जागेश्वर सारथी उम्र 45 साल, दविवेक लहरे पिता गणेश्वर लहरे उम्र 20 साल, गोपाल सारथी पिता आनंद राम सारथी उम्र 28 साल सभी निवासी कोड़ातराई हरिजन मोहल्ला थाना जूटमिल के घर छापेमारी में अवैध शराब नहीं मिला। संदेहीध्अनावेदक उत्तेजित होकर पुलिस के समक्ष मोहल्लेवालों को लड़ाई झगड़ा पर आमादा हो गए थे। शांति व्यवस्था के लिए जूटमिल पुलिस द्वारा तीनों पर पृथक-पृथक धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर धारा 126, 135(3) बीएनएस के तहत प्रबंधक कार्यवाही के तहत की गई है। वहीं ग्राम डूमरपाली में शराब रेड कार्यवाही में आरोपी सेठ राम सतनामी पिता स्वर्गीय सुखसाय सतनामी उम्र 40 साल निवासी डूमरपाली बस्ती थाना जूटमिल के कब्जे से 40 नग 180 उस वाले पन्नी पाउच (07 लीटर) महुआ शराब की जप्ती की गई है तथा बोदाटिकरा में आरोपी सुमित सोनी गुरु राम सोनी निवासी बोदाटिकरा के कब्जे से 08 लीटर महुआ शराब एवं आरोपिया, बृज मिरी पति गजानंद मिरी उम्र 40 साल निवासी बोदाटिकरा के कब्जे से 07 लीटर महुआ शराब की जप्ती की गई है। अवैध शराब के साथ पकड़े गए चार आरोपियों से कुल 29 लीटर महुआ शराब की जप्ती कर आरोपियों पर पृथक-पृथक आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59(क) के तहत कार्यवाही किया गया है।

## दरोगामुड़ा रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव, जांच में जुटी जूटमिल पुलिस

**रायगढ़।** थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज को दरोगामुड़ा रेलवे ट्रैक किनारे अप लाइन पर अज्ञात युवक का शव पड़े होने की सूचना मिला। सूचना पर थाना प्रभारी अपने स्टाफके साथ मौके पर पहुंचे। जहां हावड़ा-मुबई अप लाइन रेलवे ट्रैक में करीब 25-30 वर्ष के युवक का शव पड़ा मिला। अज्ञात मृतक के दाहिने हाथ के कलाई में गोदना से आशीष लिखा हुआ और मौली धागा पहना है। बॉडी के पास एक स्लीपर चप्पल मिला है। थाना प्रभारी व उनके स्टाफ द्वारा आसपास के क्षेत्रों में मृतक के वारिसानों का पता किया गया, पता नहीं चला। थाना प्रभारी द्वारा मृतक की पहचान के लिए जिले के सभी थाना, चैकी प्रभारियों को उनके थाना/चैकी के गुम इंसान का मिलान कर सूचना देने जानकारी साझा की गई है। मृतक के शव को जिला अस्पताल के मर्चुरी रूम में रखा गया है। जूटमिल पुलिस द्वारा विभिन्न व्हाटसअप ग्रुप में मृतक के फोटो शेयर कर मृतक के संबंध में कोई भी जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी जूटमिल के मोबाइल नंबर 7389575109 या जांचकर्ता प्रधान आरक्षक दिलदार कुरैशी 8770711748 को सूचित करने की अपील की गई है।

# उद्यानिकी विभाग द्वारा वृहद् ऑयल पॉम पौधरोपण अभियान

## विधायक ईश्वर साहू की मौजूदगी में किया गया ऑयल पॉम पौधरोपण

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com






कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में उद्यानिकी विभाग द्वारा वृहद ऑयल पाम पौधरोपण अभियान के तहत कृषकों को ऑयल पॉम पौधरोपण हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में साजा विधायक ईश्वर साहू की मौजूदगी में धमधा विकास खण्ड के ग्राम रूहा में वृहद ऑयल पॉम पौधरोपण कार्यकम अंतर्गत 3 एफ ऑयल पॉम कंपनी और उद्यानिकी विभाग के तत्वाधान में कृषक कपिल पटेल रकबा 4.00 हेक्टेयर एवं मनीष शर्मा रकबा 5.00 हेक्टेयर के प्रक्षेत्र में ऑयल पॉम पौधे का रोपण किया गया। साथ ही उद्यानिकी विभाग द्वारा ग्राम पंचायत-रूहा में किसानों की उपस्थिति में 3-एफ ऑयल पॉम कंपनी के समन्वय से ऑयल पॉम की खेती को बढ़ावा देने कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपसंचालक उद्यान मती पूजा कश्यप साहू और 3 एफ ऑयल पॉम छ.ग. प्रमुख मनोज कुमार शर्मा द्वारा केन्द्र पोषित ऑयल पॉम योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में ऑयल पॉम की खेती कर रहे कृषक योगेश साहू ग्राम-टेमरी द्वारा ऑयल पॉम खेती से होने वाले लाभ की जानकारी कृषकों को दी गई। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की इस महत्वकां योजना के अंतर्गत दुर्ग जिले को 300.00 हेक्टेयर का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उद्यानिकी विभाग द्वारा लक्ष्य प्राप्ति हेतु सतत् प्रयास जारी है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र साहू, जनपद सदस्य अशोक पटेल एवं सागर वर्मा, धमधा के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमन यादव, पूर्व सरपंच खैरझिटी (डिहीपारा) जोहन वर्मा, सरपंच ग्राम पंचायत रूहा नटवर लाल, प्रगतिशील कृषक धरमपाल वर्मा तथा रोहित राजपूत एवं लिमन साहू, सहित उद्यानिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और 3 एफ ऑयल पॉम के कर्मचारी उपस्थित थे।

# सेक्टर-6 में हुए आयोजन में तकरीर के बाद की गई दुआएं कर्बला के शहीदों को याद किया अल मदद सोसाइटी ने

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

सामाजिक संस्था अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी भिलाई की ओर से 'याद-ए-इमाम हुसैन' का आयोजन जामा मस्जिद सेक्टर-6 के कम्युनिटी हॉल में रखा गया। इस दौरान कर्बला के शहीदों का जिक्र हुआ और उनकी शहादत को याद किया गया। नात शरीफ पेश की गई और फातिहा ख्वानी भी हुई। वहीं मदरसों में तालीम हासिल कर रहे बच्चों और आए हुए तमाम लोगों के बीच खिचड़ा तकसीम किया गया। सोसाइटी की प्रेसीडेंट अंजुम अली ने बताया कि इस आयोजन में 100 से ज्यादा लोगों ने शिरकत की। कुरआन शरीफकी तिलावत से हुई शुरुआत के बाद आलिमा गुलनिशा ने शहीदाने-कर्बला के वाकयात बयान किए। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन ने जुल्म के खिलाफ आवाज उठाई, इसलिए आज 1400 साल के बाद



भी दुनिया उनका नाम लेती है। आलिमा गुल निशा ने कहा कि अपने ऊपर जुल्म सहना भी जुर्म ही है। उन्होंने सभी से मिलजुल कर रहने की अपील की। इस दौरान मुल्क में अमन व सलामती की दुआएं की गई। मदरसे से पहुंचे 50 बच्चे, बैतुल माल कमेटी और हजरत बीबी फातिमा जहरा कमेटी के लोगों ने आयोजन की सराहना की। सभी के बीच कर्बला के शहीदों की याद में खिचड़ा तकसीम किया गया। एक अन्य आयोजन में अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी भिलाई की ओर से हज व उमराह के मुबारक सफर से लौटे आजमीनों का इस्तकबाल किया गया। इनमें मोहम्मद शब्बीर, जहीरून, उमर खान, नफीसा, रुखसाना हुडको, मेहरुन्निसा सेक्टर-4, अजरा सेक्टर-7, मोहम्मद रिजवान सेक्टर-4, साजिद, मजीद, नवाब मर्चेंट और सबाउल्लाह हुडको से शामिल हैं। इन सभी आयोजन में अल मदद सोसाइटी की ओर से शाहीन खान, फरीदा अली, सीमा खान, नाहिदा खान, लीना तजमीन, नर्गिस, आयशा आलम, शम्शुन, कमर सुल्ताना, अनीस फातिमा, फरहीन, नीलोफर खान, रुखसाना सिद्दीकी, जुल्फी, एसएन शेख, कौसर खान और अन्य सभी का योगदान रहा।

# एक्सेल कम्प्यूटर एजुकेशन में सावन उत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

एक्सेल कम्प्यूटर एजुकेशन रायपुरा द्वारा सावन उत्सव 2024 एवम एक्सेल रत्न अवॉर्ड का आयोजन किया गया. इस आयोजन में मेंहदी प्रतियोगिता, राखी मेकिंग प्रतियोगिता सहित विभिन्न गेम्स का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवम छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना के साथ हुआ. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि युवा समाजसेवी तृप्ति लूनिया एवम शिफा अली निक्की रही. जबकि जज के रूप में प्रो मेकअप आर्टिस्ट रीना परघनिया एवम मेंहदी आर्टिस्ट शुभांगी पथोडे को आमन्त्रित किया गया था. स्वागत भाषण में एक्सेल के डायरेक्टर सौरभ बख्शी ने सभी स्टूडेंट्स को अतिथियों के सामाजिक कार्यों से अवगत कराते हुए समाजसेवी को मानव धर्म बताया है. साथ ही सभी प्रतिभागियों को उनके



उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी. एक्सेल कम्प्यूटर एजुकेशन की समाजसेवी विंग एक्सेल फाऊंडेशन द्वारा तृप्ति लूनिया एवम शिफा अली को उनके सतत समाजसेवा के कार्यों के लिए एक्सेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया. विभिन्न कार्यक्रम में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स ये रहे मेंहदी प्रतियोगिता प्रथम प्राची यादव, द्वितीय भूमिका साहू, सराहनीय प्रयास चेतना साहू, आभा चंद्राकार, खुशबू साहू. लोकनृत्य में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स सोनी खांडे, भुनेश्वरी यादव एवम इंदु खांडे. कैरम प्रतियोगिता के विजेता प्रथम चित्रांश अवस्थी, द्वितीय मयंक शर्मा एवम तृतीय वीरेन्द्र साहू रहे. कार्यक्रम में मंच संचालन सौम्य साहू एवम संजय साहू ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में रूपम परघनिया सर, दीपिका साहू मैम, तनु वर्मा मैम के साथ स्टूडेंट्स संध्या कुमारी, योगिता यादव, कुंज बिहारी साहू, रोशनी गौतम, काजल भोई आदि ने अपना सराहनीय योगदान दिया.

# कृष्णा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा (अ) का भ्रमण



पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा (अ), दुर्ग में कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर भिलाई के बच्चों ने प्रक्षेत्र में भ्रमण किया। कृषि विज्ञान केन्द्र में उन्होंने खेती के विभिन्न तरीकों एवं कृषि करने की वैज्ञानिक विधि के बारे में विस्तार से देखा। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. विजय जैन ने कृषि विज्ञान केन्द्र की भूमिका के बारे में बच्चों को जानकारी दी और कहा कि कैस लैब से लैंड तक हम कृषि की नवीनतम तकनीकी को किसानों तक पहुंचाते है। कृषि विज्ञान केन्द्र को वित्तीय पोषण भारत सरकार द्वारा किया जाता है और संचालन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा किया जा रहा है। जिसमें भारत सरकार और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित नवीनतम तकनीक को किसानों तक पहुंचाया जाता है। कृषि विज्ञान केन्द्र की मृदा वैज्ञानिक डॉ. ललिता रामटेके ने कृषि एवं मृदा विज्ञान के बारे में बच्चों को जानकारी दी। जिसमें जैविक खेती, टिकाऊ खेती, वर्टीकल कार्मिग आई.एफएस. माडल के बारे में बताया। मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के अंतर्गत मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का भ्रमण कराया। नर्सरी पौधों की देखभाल, प्रो ट्रे, हल्दी की खेती, सोयाबीन की खेती, केचुआ खाद उत्पादन, बटेर पालन के बारे में जानकारी दी और भ्रमण कराया।

# स्वतंत्रता दिवस आयोजन के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया दिशा-निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह का आयोजन गरिमापूर्वक किया जाना है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देशानुसार जिले के सभी शासकीय भवनों एवं ऐतिहासिक स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर शानदार परेड का आयोजन होगा। जिसमें बी.एस.एफ, सी.आर.पी.एफ, सी.आई.एस.एफ., एस.टी.एफ,आई.टी.बी.पी., एस.एस.बी.,छ.ग.सशस्त्र बल(पुरूष), छ.ग.पुलिस बल (पुरूष), छ.ग.सशस्त्र बल (महिला), नगर सेना पुरूष, नगर सेना महिला, बैण्ड प्लाटून तथा एन.सी.सी. बालक एवं बालिकाओं आदि की टुकडियां शामिल होगी। जिला मुख्यालय स्तर पर आयोजित समारोह में शासन द्वारा विनिर्दिष्ट माननीय मंत्रीजी/महानुभाव द्वारा ध्वजारोहण किया जाकर परेड की सलामी ली जाएगी एवं 'माननीय मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा दिए जाने वाले पुरस्कार एवं पदकों के वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालयों में परेड आयोजित की जाएगी, जिला मुख्यालयों के अलावा अन्य किसी स्थान पर परेड आयोजित नहीं होगी। परेड में सेना (जहाँ उपलब्ध हो), पुलिस, एन सी सी. नगर सेना जेल प्रहरी की टुकड़िया भाग लेंगी। जिला स्तर पर स्कूली बच्चों के द्वारा देशभक्ति/ संस्कृति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यकम आयोजित किये जायेंगे। समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम गरिमामय एवं रुचिपूर्ण होंगे। जनपद पंचायत मुख्यालयों पर संबंधित जनपद पंचायत अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

# अवैध कब्जा करने वालों की खैर नहीं, सड़क किनारे कब्जा हुई तो, अब समझाइस नही सीधे कार्रवाही



पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर शहर की सुंदरता एवं यातायात व्यवस्था बिगाड़ने वालो पर अब चेतावनी नहीं सीधे कार्रवाही होगी।अब शहर में सड़क किनारे अवैध कब्जा करने वालों की खैर नहीं है।नगर निगम प्रशासन उनके खिलाफ कड़ा रूख अख्तियार कर लिया है। सड़क किनारे एवं अपने दुकानों के सीमा क्षेत्र से बाहर समान सजाकर व्यवसाय करने वालों से पेनाल्टी वसूलने के साथ साथ सामान जब्त करने का निर्णय लिया गया है।इस कड़ी में आज सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर द्वारा शहर बाजार क्षेत्र के पटेल चौक,हटरी मार्किट,चण्डी मंदिर, इंदिरा मार्किट सहित आदि जगहों का निरीक्षण कर दुकानदारो और सड़क किनारे पसरा ठेला व खोमचे लगाने वालों को कहा कि सड़क क्षेत्र से अपना सामान हटाने की बात कही।उन्होंने ये भी कहा कि अब कोई समझाइस नही सीधे कार्रवाही होगी।सहायक राजस्व अधिकारी शुभम ने बताया कि एक महीने से पटेल चौक,हटरी मार्किट,चण्डी मंदिर, इंदिरा मार्किट के व्यापारियों को अपने सीमा क्षेत्र में व्यवसाय करने की समझाइस दी जा रही है। बावजूद एक-दो दिन बाद हालात जस के तस हो रहा है।जिसको देखते हुए,अब पेनाल्टी और जब्ती की कार्यवाही निगम प्रारंभ करने की तैयारी कर रहा है।उन्होंने पटेल चौक से तहसील कार्यालय क्षेत्रो पर स्थित दर्जनों दुकानों के बांस बल्ली व टीन शेड लगाकर किये गए कब्जे को स्वयं हटा लेने के लिए 24 घंटे का समय दिया गया है।उन्होंने कहा कि हटाने के बाद दोबारा कब्जा नहीं करने की हिदायत भी दी गई।इन कब्जाधारियों पर कार्यवाही से आम नागरिकों को आवागमन में राहत मिलेगी।

# रेडियम स्टीकर लगाया जा रहा आवारा घूम रहे पशुओ पर



पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के रोका छेका अभियान की टीम द्वारा लगातार आवारा पशुओ को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। अकसर देखा जाता है कि मवेशी मालिको द्वारा जानवरो को खुला में छोड़ देते है। जिससे मवेशी सड़को के बीच झुण्ड लगाकर खड़े रहते या बैठ जाते है। नागरिको द्वारा सड़को पर गाड़ी से यात्रा करते समय मवेशियो के बीच सड़कों पर रहने से परेशानी होती है। दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसको देखते हुए पकड़ाये गये जानवरो को रेडियम स्टीकर लगाया जा रहा है। जिससे सड़को पर जानवर बैठे या खड़े रहने से वाहन चालको को आसानी से जानवर दिख जाये। जिससे सड़को पर होने वाले सड़क दुर्घटना को रोका जा सके। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर रोका छेका अभियान के नोडल अधिकारी एवं उनके टीम को जानवर पकड़ने का कार्य सौंपा गया है। कर्मचारियो द्वारा प्रतिदिन सुबह से ही जानवर पकड़ने के कार्य में लग जाते है। जानवरो के बीच सड़क पर बैठे या खड़े रहने से वाहन चालको को दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। रोका छेका टीम 3 काउकेचर के माध्यम से जानवरो को पकड़कर गौठान में छोड़ा जाता है। नगर निगम भिलाई द्वारा उसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। निगम आयुक्त ने जानवर पालने वाले मालिको से अपील के है कि बरसात का समय है। बारिश होते समय वाहन चालको को सड़क पर जानवर बैठे रहने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इस हेतु आप सभी अपने जानवरो को घर पर ही बांध कर रखे। खुले में जानवर छोड़ने वाले मवेशी मालिको के उपर निगम द्वारा दण्डनात्मक कार्यवाही की जावेगी। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मवेशी मालिको की होगी। इस अभियान में जोन के राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, जे.पी.तिवारी एवं दस्ता प्रमुख हरिओम गुप्ता अपने दल के सदस्यो के साथ मुस्तैदी से इस कार्य में लगे है।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर टिप्पणी को लेकर जताया आक्रोश

# कांग्रेस ने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर का फूंका पुतला

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ के अध्यक्ष अनिल शुक्ला के नेतृत्व में शुक्रवार को कांग्रेसजनों ने स्टेशन चौक में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर का पुतला फूंकते हुए अपना विरोध जताया। दरअसल, सदन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर इशारा कर सदन में की गई जातीय टिप्पणी पर रोष जताते हुए उन पर कार्यवाही की मांग कर हल्ला बोला गया।

विरोध स्वरूप अनुराग ठाकुर मुर्दाबाद के गगन भेदी नारों के बीच पुलिस बल की उपस्थिति में पुतला दहन किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने कहा कि पिछले दिनों बीजेपी सांसद और पूर्व केंद्रीय



मंत्री अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में दिए भाषण के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की जातिगत जनगणना के मुद्दे को लेकर उन पर जातीय टिप्पणी की गई। जिस अमर्यादित ढंग से ये भाषण दिया गया, वह लोकसभा की गरिमा के अनुरूप कतई नहीं था। इसे लेकर सदन में काफी ज्यादा हंगामा मच गया। नेता प्रतिपक्ष राहुल ने अनुराग के जाति पूछने को अपना अपमान बताया और कहा कि यह उन्हें जातिगत जनगणना की अपनी मांग पर अड़े रहने से नहीं डिगा पाएगा। अनिल शुक्ला ने आगे कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने संसद में राहुल गांधी के लिए जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया वो शब्द आज हर भारतीय के कानों में गूंज रहे हैं। लेकिन, भाजपा का असली चेहरा सामने आ ही गया।

उनका कहना है, यह मानसिकता भाजपा की हो सकती है कि वह एक ऐसे व्यक्ति के खिलाफइस तरह के शब्दों का इस्तेमाल करे जो एक शहीद परिवार का बेटा है। राहुल गांधी के पिता का नाम शहीद और उनकी जाति का नाम शहादत है। यह बात भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को समझ नहीं आ सकती। अनिल शुक्ला ने कांग्रेस पार्टी के इरादे को लेकर दृढता से कहा भाजपा चाहे जितना गाली दे, जाति जनगणना होकर रहेगी, न्याय होकर रहेगा। शुक्ला ने कहा कि राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी को सदन में बेरोजगारी, महंगाई, अग्निवीर, किसानों, जातिगत जनगणना जैसे मुद्दों पर चारों ओर से घेर लिया था इसीलिए ही अनुराग ठाकुर जैसे लोगों को मर्यादा भंग करने के लिए व अनर्गल जातीय व ओछी टिप्पणी करने मोहरा बनाकर सामने लाया जा रहा है। वे सभी लोग जो राहुल गांधी की जाति जानना चाहते हैं वह उत्तर दें? किसके पर-दादा इस देश की आजादी के जंग के दौरान साढ़े नौ साल जेलों में रहे? किसके दादा ने इस देश पर अपनी उम्र खपा दी? किसकी दादी और पिता ने इस देश के लिए शहादत दी? किसकी मां लांछन सुनकर भी इस देश के लिए समर्पित हैं? और खुद राहुल गांधी? उनके सामने खड़े रहने की न तो किसी की भी नैतिक हैसियत है और ना ही इतना बड़ा कद है।

# जिला पंचायत में सेवानिवृत्त दो कर्मचारी को दी बिदाई

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com




जिला पंचायत में कार्यरत कर्मचारी मदन संगीत सहायक ग्रेड 03 एवं दीपक सिंह राजपूत मुख्य लिपिक सह लेखापाल के सेवानिवृत्त होने पर जिला पंचायत कार्यालय की ओर से विदाई दिया गया। मदन संगीत सहायक ग्रेड 03 विगत 30 वर्षो से एवं दीपक सिंह राजपूत मुख्य लिपिक सह लेखापाल 25 वर्ष तक कार्य का निर्वहन कर रहे थे। इस मौके पर विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा उनके उल्लेखनीय कार्य की सराहना कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवांगन ने कहा कि सेवानिवृत्ति को जीवन का एक नया पड़ाव माना जाता है। सेवानिवृत्ति कई लोगों के लिए एक सुखद राहत है, जो कामकाजी जीवन के तनाव से खुद को मुक्त रखे हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उपदान, अवकाश नगदीकरण राशि सीपीएफ जमा राशि का भुगतान किया गया। इस अवसर पर लेखा अधिकारी कुलदीप देवांगन, उपसंचालक कव्या जैन, सहायक परियोजना अधिकारी संध्या कुर्रे ध्रुव, सहायक परियोजना अधिकारी योगेश्वरी बर्मन एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## संपादकीय

### वायनाड त्रासदी पर्यावरणीय चेतावनी

**वायनाड त्रासदी** पर्यावरणीय चेतावनी अनदेखा करने के खतरनाक नतीजे प्रदर्शित करती है। लेकिन भारत में दुर्भाग्य से त्योहारों से लेकर त्रासदी तक हर चीज के 'राजनीतीकरण' की बुरी आदत विकसित हुई है और इसका प्रयोग विरोधियों के खिलाफ अवसर के रूप में किया जाता है। केरल के वायनाड में त्रासद भूस्खलन से 170 से अधिक लोगों की जानें गई हैं, लेकिन इसका भी राजनीतिक प्रयोग हो रहा है। इसने राज्य और केन्द्र सरकार के नेताओं के बीच गर्मागर्म बहस को जन्म दिया है। इस त्रासदी में जीवन और संपत्ति का भारी विनाश हुआ है और इसने आपदा के लिए तैयारी तथा पर्यावरणीय अनदेखी जैसे मुद्दों को सामने ला दिया है। भूस्खलन के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राज्य सरकार को जल्दी चेतावनी मिल गई थी, पर वह आवश्यक बचाव के उपाय करने में विफल रही। उन्होंने लापरवाही के लिए राज्य सरकार की आलोचना करते हुए संकेत किया कि यदि समय पर कार्रवाई की गई होती तो अनेक लोगों का जीवन बचाया जा सकता था। इस पर केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने फौरन शाह के दावों को खारिज करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने सभी उपलब्ध चेतावनियों पर कार्रवाई की और उसने संभावित प्राकृतिक आपदा का प्रभाव कम करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए थे। विजयन ने जोर दिया कि भूस्खलन की अभूतपूर्व विकरालता शीघ्र चेतावनियों के अनुमान से बहुत अधिक थी और राज्य के आपदा प्रबंधन बलों ने अथक रूप से स्थिति से निपटने के प्रयास किए। इस टकराव से कुछ हासिल नहीं हुआ। इससे न घायल लोगों को राहत मिली और न भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए किसी कार्ययोजना पर विचार हुआ। लेकिन इस प्रकार की बयानबाजी से केन्द्र और राज्य सरकारों ने स्वयं को 'क्लीन चिट' देने का प्रयास जरूर किया।



यह त्रासदी आपदा प्रबंधन की चुनौतियों को उजागर करते हुए राज्य और केन्द्र सरकारों के बीच समन्वित प्रयासों की आवश्यकता रेखांकित करती है। वायनाड त्रासदी ने पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति की अनदेखी पर व्यापक विमर्श की आवश्यकता भी उजागर की है। केरल सरकार इस बात की दोषी है कि उसने 'पश्चिमी घाटों' पर बेलगाम विकास की अनुमति दी है, जबकि यह देश का एक सर्वाधिक संवेदनशील परिस्थितिकी तंत्र है। बार-बार आने वाली विभीषिकाओं के बावजूद केरल सरकार 'विकास' के नाम पर गैर-टिकाऊ गतिविधियां जारी रखे है। इसके कारण भूमि प्रयोग बदलने से घना वृक्षाच्छादन नष्ट हुआ है। इसने सदाबहार जलधाराओं व नदियों को मौसमी बना दिया है तथा मानसून के मौसम में बाढ़ आने का खतरा बढ़ा है। वायनाड भूस्खलन पर्यावरणीय संकेतों की अनदेखी करने के खतरनाक परिणामों की चेतावनी है। निर्वनीकरण व अनियोजित निर्माण ने वायनाड जैसे क्षेत्रों में प्राकृतिक विभीषिकाओं का खतरा पैदा कर दिया है। वायनाड भूस्खलन आपदा प्रबंधन में जवाबदेही तथा सक्रिय कदमों का महत्व भी उजागर करता है। ज्यादा महत्वपूर्ण रूप से यह हमारे पर्यावरण के सम्मान और देखभाल की आवश्यकता उजागर करता है। जंगल मिट्टी को स्थिर रखने तथा जल-चक्र को नियमित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। निर्वनीकरण से परिस्थितिकी तंत्र बाधित होते हैं जिनसे भूस्खलन जैसी घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। वायनाड त्रासदी सरकारों, समुदायों और आम जनता का आह्वान करती है कि वे हम सबका अस्तित्व बनाए रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता प्रदान करें।

# कौशल व रोजगार को प्राथमिकता

युवा सशक्तीकरण के लिए सरकार ने तीन परिवर्तनकारी योजनाओं की घोषणा की है। इनका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में कौशल का विकास करना है।



**दिनेश सूद**
(लेखक, कौशल संवर्धन क्षेत्र से संबद्ध हैं)



केंद्रीय बजट की नौ सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक रोजगार एवं कौशल विकास को बढ़ावा देना है। इस दृष्टिकोण से कौशल विकास के लिए तीन योजनाओं की घोषणा की गई है। पहली योजना में उच्च कौशल संवर्धन पाठ्यक्रमों के लिए अधिकतम कर्ज प्रदान करना है। इसके लिए संशोधित 'आदर्श कौशल कर्ज योजना' लाई गई है जिसमें प्रति वर्ष 1.5 प्रतिशत के ब्याज पर 1.5 लाख से लेकर 7.5 लाख रुपये तक कर्ज का प्राविधान किया गया है। इस योजना से युवाओं के सशक्तीकरण की उम्मीद है। इससे उनको उत्कृष्ट स्तर के कौशल पाठ्यक्रमों तक पहुंच बढ़ाई जाएगी। इससे योग्य छात्रों के सामने आने वाली वित्तीय बाधायें काफी सीमा तक हटाने तथा उम्मीदवारों को भविष्योन्मुखी और उद्योगों में वांछित कौशल प्रदान करने में सहायता मिलेगी। इससे भविष्य के लिए तैयार और सशक्त कार्यबल तैयार होगा।

कौशल संवर्धन कर्ज बाजार में गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों-एनबीएफसी व माइक्रो-फाइनेंस संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए कौशल विकास एवं रोजगार मंत्रालय-एमएसडीई ने योजना में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए हैं। इस योजना में एनबीएफसी, माइक्रो फाइनेंस संस्थानों तथा छोटे फाइनेंस बैंकों को शामिल कर गारंटी के आधार पर कर्जों की व्यवस्था की गई है। इसके अंतर्गत कर्ज का 75 प्रतिशत हर साल 25,000 उम्मीदवारों को 7.5 लाख तक का कर्ज बिना किसी गारंटी के दिया जाएगा। इसका अर्थ है कि सरकार अपनी ओर से ऐसे कर्जों की गारंटी लेगी। सरकार ने यह तथ्य स्वीकार किया है कि बिना जीवन्त कौशल कर्ज बाजार के अनेक नौजवान तथा इच्छुक उम्मीदवारों को आवश्यक वित्तीय समर्थन नहीं मिल पाता है जिसके कारण वे अपना कौशल संवर्धन तथा कौशल प्रशिक्षण नहीं प्राप्त कर पाते हैं।

कुशल क्षेत्र को कर्ज का निरंतर व सहज प्रवाह सुनिश्चित करने तथा कम आय वाले नौजवानों को विशेष कौशल पाठ्यक्रमों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एमएसडीई ने पहले जुलाई, 2015 में क्रेडिट गारंटी फंड योजना शुरू की थी, लेकिन यह योजना अपनी उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी।

पिछले दशक में इस योजना के अंतर्गत पैसे का कम प्रयोग कर्ज का 1.5 लाख रुपये तक सीमित आकार था, हालांकि मुद्रास्फीति के कारण पाठ्यक्रमों का खर्च और फीस बढ़ी थी। इसके कारण बहुत से अधिक खर्च वाले पाठ्यक्रमों को योजना से बाहर रखना पड़ा था। इसके साथ ही सरकार-प्रायोजित योजनाओं को वित्तपोषित करने के लिए निजी बैंकों में इच्छाशक्ति जगाना जरूरी था। 31 मार्च, 2024 तक पिछले दशक में इस योजना के अंतर्गत 10,077 कर्ज लेने वालों को केवल 115.75 करोड़ रुपये कर्ज ही दिया जा सका था। लेकिन नई माडल कौशल कर्ज योजना से सरकार की इस मुद्दे के प्रति अडिग प्रतिबद्धता प्रकट होती है जिसका उद्देश्य तेज गति से होने वाले तकनीकी परिवर्तनों को देखते हुए उच्च कौशल वाला कार्यबल तैयार करना है।

वर्तमान समय में मांग किए जाने वाले प्रासांगिक कौशलों को प्राप्त करने का खर्च काफी अधिक है। तथाकथित कुशल कार्यबल का केवल 5 प्रतिशत ही औपचारिक रूप से प्रशिक्षित है। इससे कौशल की कमी व्यापक रूप से सामने आती है जिसे तत्काल दूर किया जाना चाहिए। हालांकि, हर साल स्कूलों में 26.5 करोड़ बच्चे प्रवेश लेते हैं, पर उच्च शिक्षा तक पहुंचने पर उनकी संख्या घट कर केवल 4.3 करोड़ रह जाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी 2020 के अनुसार स्कूली शिक्षा पास करने वाले अतिरिक्त पांच करोड़ बच्चों को उच्च शिक्षा के दायरे में लाया जाना चाहिए। इसके लिए न केवल प्रत्येक व्यक्ति की कौशल शिक्षा तक पहुंच होनी चाहिए, बल्कि ग्रामीण भारत के छात्रों की बड़ी संख्या को इसके दायरे में लाना होगा।

इस कमी को दूर करने के लिए आदर्श कौशल कर्ज योजना न केवल एक समाधान है, बल्कि यह आवश्यकता और तात्कालिक कदम है। कौशल अर्थव्यवस्था लगातार बाजार-संचालित होती जा रही है जिनमें नए युग के शिक्षण को कौशल विकास परिस्थितिकी से जोड़ा जाता है। शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के नौजवान कौशल संवर्धन एवं आजीविका में सुधार के अवसरों की पहचान करते हैं। ऐसे में आदर्श कौशल कर्ज योजना जैसी पहल अपने दरवाजे अनेक कौशल पाठ्यक्रमों के लिए खोलती है जिसमें स्वास्थ्यरक्षा, सौंदर्य-बेहतरी, आईटी, एआई-डेटा साइंस, क्लाउड प्रयोग, डिजिटल मार्केटिंग, अतिथि सत्कार क्षेत्र, एनीमेशन, गेमिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग तथा ड्रोन टेक्नोलोजी शामिल हैं। उद्योगों की बदलती गतिशीलता से संचालित ये पाठ्यक्रम बड़ी संख्या में नौकरियों के अवसर प्रदान करते हैं तथा वैश्विक स्तर पर नौकरियों की संभावनायें खोलते हैं। इससे नौजवानों को भविष्य के दरवाजे खोलने तथा अंतरराष्ट्रीय कॅरियर विकल्प खोजने में सहायता मिलती है।

दूसरी योजना का लक्ष्य अगले पांच साल में 20 लाख नौजवानों का कौशल संवर्धन करना है। कुल 60,000 करोड़ रुपये के आबंटन वाली इस योजना का लक्ष्य इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए 1000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों-आईटीआई का 'हब एंड स्पोक' व्यवस्था के अंतर्गत उच्चीकरण करना है जिससे उन्मुखीकरण में सुधार होगा। यह एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसका लक्ष्य नौजवानों को विशिष्ट-उद्योग कौशलों से समृद्ध कर उनको ज्यादा रोजगारों के उपयुक्त बनाना है। इसके लिए पाठ्यक्रम की विषयवस्तु व डिजाइन को उद्योगों की कौशल आवश्यकताओं के अनुरूप उच्चीकृत करना होगा। उदाहरण के लिए, उभरते आईटी क्षेत्र को साइबर सुरक्षा या डेटा विश्लेषण कौशलों की आवश्यकता है जिनको पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। बजट में शामिल तीसरी योजना का उद्देश्य युवाओं को समग्र रूप से कौशल प्रदान करना है ताकि नौजवानों को सर्वोच्च 500 कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर मिल सकें। इस प्रकार की पहली योजना में अगले पांच साल में एक करोड़ नौजवानों को शामिल किया जाएगा। यह नौजवानों में बेरोजगारी समस्या का समाधान करने में गेमचेंजर हो सकती है। इस इंटर्नशिप योजना का खोजी दृष्टिकोण और संभावित प्रभाव इसे युवा जनसंख्या को भावी रोजगार दिलाने में प्रकाश की किरण जैसा है। इससे युवा बेरोजगारी दरों में काफी कमी आने की उम्मीद है। लेकिन इंटर्नशिप करना कठिन है क्योंकि इससे निराशा और हताशा का दुष्चक्र पैदा हो सकता है। एमबीए, इंजीनियरिंग, आदि पेशेवर डिग्री वाले छात्रों को स्नातक के बाद अच्छी नौकरियां व इंटर्नशिप प्राप्त करने में आसानी होगी। लेकिन यह परिदृश्य उन स्नातकों के लिए ज्यादा कठिन होगा और उनको नौकरियों के अयोग्य बनाएगा जो मानविकी विषयों से स्नातक होंगे और उनके पास बाजार के उपयुक्त तत्काल कोई कौशल उपलब्ध नहीं होगा।

प्रमुख कंपनियों में विभिन्न विषयों में शिक्षित युवा स्नातकों को इंटर्नशिप प्रदान करने वाली यह योजना एक 'गेम चेंजर' साबित हो सकती है। लेकिन इसके लिए योजना का समुचित व प्रभावी क्रियान्वयन बहुत जरूरी होगा। इसके लिए बड़ी कंपनियों को मजबूत इच्छाशक्ति दिखानी होगी और सरकार को इसके लिए उनको प्रेरित करना होगा। शायद भविष्य में सरकार इस योजना का दायरा बढ़ाने और कंपनियों के लिए इंटर्नशिप देना अनिवार्य करने पर विचार कर सकती है। कम से कम यह एक आकार से बड़ी कंपनियों के लिए अनिवार्य किया जा सकता है। सरकार इस उद्देश्य से कुछ विशिष्ट मानक भी निर्धारित कर सकती है।

कंपनियां अपने कार्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी फंड-सीएसआर के अंतर्गत हर साल निश्चित संख्या में इंटर्न लेने की व्यवस्था कर सकती हैं। इस फंड से वे इंटर्नशिप के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की फंडिंग कर सकती हैं। ये फंड कंपनियों की पहल पर पर्यावरणीय व सामाजिक बेहतरी के लिए खर्च किए जाते हैं। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से इस योजना के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली इंटर्नशिप से नौजवानों में नौकरियां प्राप्त करने की क्षमता बढ़ेगी। इस दौरान प्राप्त अपने सटीक अनुभव के आधार पर वे रोजगार प्राप्त करने में सफल होंगे। लेकिन रोजगार व नौकरी योग्य कौशल प्रदान करने में योजना का क्रियान्वयन, प्रभावशीलता व जवाबदेही सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगी।

# भारत का संतुलनकारी राजनय

> भारत सरकार पिछले महीने राष्ट्रपति पुतिन के साथ पीएम मोदी की बैठक के बारे में अमेरिका और यूरोपीय चिंताओं को दूर करने की कोशिश कर रही है।

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



एक तरह से संतुलन बनाने की कोशिश में, भारत सरकार पिछले महीने राष्ट्रपति पुतिन के साथ पीएम मोदी की बैठक के बारे में अमेरिका और यूरोपीय चिंताओं को दूर करने की कोशिश कर रही है, जब कई नेता नाटो शिखर सम्मेलन के लिए वाशिंगटन में एकत्रित थे। राष्ट्रपति पुतिन ने मॉस्को में पीएम मोदी का स्वागत करने के लिए एक अतिरिक्त कदम उठाया, जो भारत के साथ दीर्घकालिक साझेदारी के बारे में अमेरिका को एक मजबूत संदेश देता है।

अमेरिका में वरिष्ठ अधिकारियों ने पीएम मोदी की मॉस्को यात्रा में शामिल दिखावे पर गहरी चिंता व्यक्त की, जबकि उन्होंने दोहराया कि कुछ भी महत्वपूर्ण हासिल नहीं हुआ। रूस के साथ द्विपक्षीय संबंध एक कठिन रस्सी है, जिस पर भारत पिछले दशकों में अमेरिका के साथ अपने बढ़ते जुड़ाव के बावजूद सावधानी से चलने में कामयाब रहा है। इसलिए, इस सप्ताह टोक्यो में क्वाड विदेश मंत्रियों का सम्मेलन, जिसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने अमेरिकी समकक्ष एंथनी ब्लिंकन से मुलाकात की, महत्वपूर्ण था। संयुक्त बयान में स्पष्ट शब्दों में यूक्रेन में रूस की कार्रवाई की निंदा की गई, शायद पहली बार इस तरह के बहुपक्षीय आधिकारिक संचार में शामिल हुआ।



संयुक्त बयान में कहा गया, हम यूक्रेन में चल रहे युद्ध और उसके भयानक और दुखद मानवीय परिणामों पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हैं। हम अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति की आवश्यकता को दोहराते हैं, जो संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान सहित संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों के अनुरूप हो। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठकों और बाद में सार्वजनिक संदेशों में भी युद्ध के मैदान से दूर यूक्रेन संकट का स्थायी समाधान खोजने की आवश्यकता का उल्लेख किया था, साथ ही रूस द्वारा बच्चों के अस्पताल सहित लगभग 41 लोगों की हत्या करने वाले हमले की निंदा की थी। पीएम मोदी ने कहा, चाहे युद्ध हो, संघर्ष हो या आतंकवादी हमला हो, मानवता में विश्वास रखने वाला कोई भी व्यक्ति जान गंवाने पर दुखी होता है। लेकिन उसमें भी जब मासूम बच्चों की हत्या होती है, तो दिल दुखता है और वह दर्द बहुत भयानक होता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने पीएम मोदी की रूस यात्रा की निंदा की है। सरकारी अधिकारियों ने अब संकेत दिया है कि पीएम भू-राजनीतिक गतिशीलता को संतुलित करने और भारत और यूरोप के संबंधों को फिर से स्थापित करने के लिए अगस्त में यूक्रेन की यात्रा कर सकते हैं। इस बीच, क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में गाजा संकट और लाल सागर क्षेत्र में इसके फैलाव पर ध्यान केंद्रित करना जारी रहा, जिससे लोगों के जीवन पर असर पड़ रहा है और माल ढुलाई की लागत बढ़ रही है।

विदेश मंत्रियों ने संयुक्त रूप से संवाद किया, हम सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय कानून, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून भी शामिल है, का पालन करने का आग्रह करते हैं। हम यूएनएससी संकल्प का स्वागत करते हैं और सभी संबंधित पक्षों से सभी बंधकों की रिहाई और तत्काल युद्धविराम की दिशा में तुरंत और लगातार काम करने का आग्रह करते हैं।

हम सभी पक्षों से सहायता कर्मियों सहित नागरिकों के जीवन की रक्षा करने और मानवीय राहत के तेजी से परिवहन की सुविधा के लिए हर संभव कदम उठाने का आह्वान करते हैं। हम इंडो-पैसिफिक सहित अन्य देशों को भी प्रोत्साहित करते हैं कि वे जमीन पर गंभीर मानवीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने प्रयासों को बढ़ाएं। हम इस बात पर जोर देते हैं कि गाजा पट्टी के भविष्य की बहाली और पुनर्निर्माण को अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा समर्थन दिया जाना चाहिए। हम दो-राज्य समाधान के हिस्से के रूप में इजरायल की वैध सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए एक संप्रभु, व्यवहार्य और स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य के लिए प्रतिबद्ध हैं जो इजरायल और फिलिस्तीनियों दोनों को न्यायपूर्ण, स्थायी और सुरक्षित शांति में रहने में सक्षम बनाता है।

भारत इस साल होने वाले क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेज़बानी करेगा, हालांकि, नवंबर में होने वाले महत्वपूर्ण अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव इस समय के प्रमुख निर्धारक होंगे। राष्ट्रपति बिडेन जिन्होंने अतीत में ज्यादातर क्वाड कथा को आकार दिया है, वे चार के इस समूह पर एक स्थायी छाप छोड़ना चाहेंगे।

## आप की बात

### कोटे के भीतर कोटा

**सुप्रीम कोर्ट** ने एससी-एसटी आरक्षण में उपश्रेणियां बनाने, यानी कोटे के भीतर कोटा बनाने की अनुमति राज्यों को दे दी ताकि इन वर्गों में अधिक पिछड़ी जातियों को लाभ मिले। यह फैसला आरक्षण व्यवस्था पर दूरगामी प्रभाव डालेगा। सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ में 6:1 के बहुमत से दिए गए फैसले से जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी ने असहमति व्यक्त करते हुए राज्यों को यह अधिकार देना गलत माना। एससी-एसटी में भी ओबीसी की तरह क्रीमी लेयर लागू करने और आरक्षण को एक पीढ़ी तक सीमित करने जैसे अलग-अलग सुझाव दर्ज भी बहुमत से फैसला देने वाले न्यायाधीशों द्वारा दर्ज कराए गए। क्रीमी लेयर व आरक्षण एक पीढ़ी तक सीमित करने जैसे सुझावों को तत्काल लागू किया जाना चाहिए। आरक्षण का यही सबसे स्याह पहलू है कि आजादी के बाद से ही आरक्षण का फायदा उठाने वाले अब भी आरक्षण को यथावत जारी रखना चाहते हैं। इसी वजह से आरक्षण का 75 प्रतिशत से अधिक फायदा आरक्षित वर्गों के ही गरीबों तक नहीं पहुंच पा रहा है। हालांकि, वोटबैंक राजनीति के चलते अब भी अधिक संख्या वाली दलित जातियों को पहले की तरह अधिक लाभ मिलने तथा कम संख्या वाली दलित जातियों को वंचित रहने की आशंका बनी हुई है।

**सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### कमला हैरिस को बढ़त

**एक जनमत सर्वेक्षण** के अनुसार, डेमोक्रेटिक अमेरिकी राष्ट्रपति उम्मीदवार कमला हैरिस ने सात स्विंग राज्यों में से छह में रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ बढ़त हासिल की है। कमला हैरिस का नाम सामने आने के बाद से ट्रम्प एक तरह से बचाव की मुद्रा में आ गए हैं। उन्होंने हैरिस पर व्यक्तिगत व नस्ली हमला करते हुए उनको बाइडेन से भी खराब उम्मीदवार तथा उनसे भी अधिक वामपंथी बता दिया है। उन्होंने कहा कि हैरिस पहले स्वयं को भारतीय मूल की महिला के रूप में पेश करती थीं, पर अब वे अश्वेत के रूप में सामने आ रही हैं। कमला हैरिस ने चेतावनी देते हुए कहा है कि ट्रंप को जो कुछ कहना हो, हमारे सामने कहें और राष्ट्रीय बहस में हिस्सा लें। मजेदार बात है कि जो ट्रंप पहले बाइडेन को बहस के लिए चुनौती देते थे, अब इससे कन्नी काट रहे हैं। उनको अहसास हो गया है कि भावी प्रथम अमेरिकी अश्वेत महिला के रूप में कमला हैरिस का पलड़ा उनसे लगातार भारी होता जा रहा है। रिपब्लिकन पार्टी की गर्भपात-विरोधी और आप्रवासी-विरोधी नीतियों के कारण अमेरिकी जनता का वही वर्ग और ज्यादा मजबूती के साथ कमला हैरिस के साथ आ रहा है जिसने जो बाइडेन को विजय दिलाई थी।

- **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### आरक्षण की सीमा

**सुप्रीम कोर्ट** के जस्टिस पंकज मिथल का विचार है कि आरक्षण केवल पहली पीढ़ी तक ही मिलना चाहिए। अगर कोई पहली पीढ़ी आरक्षण लेकर उच्च स्तर पर पहुँच गई है तो उसको इसका हकदार नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह बात एससी-एसटी आरक्षण के कोटे में कोटा पर सुप्रीम कोर्ट में जजों के पेनल में हिस्सा लेने के दौरान कही। उनकी बात सही और तार्किक भी है। जिन्हें आरक्षण का लाभ मिल चुका है और वे व उनका परिवार उसे पाकर सक्षम हो चुका है और यह लाभ अब उनकी ही जाति के दूसरे वंचित लोगों को मिलना चाहिए। ऐसा न होने पर सक्षम लोग ही अपने लोगों को नुकसान पहुंचाते हैं। आरक्षण नीति में कुछ ऐसे परिवर्तन होने चाहिए जिसमें अधिक से अधिक लोगों को आरक्षण का लाभ देकर सक्षम बनाया जा सके। संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर ने भी आरक्षण के जरिये अधिक से अधिक लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठाने की बात कही थी। उन्होंने कुछ मामलों में आरक्षण 10 वर्षों तक रखने का सुझाव दिया था। लेकिन अब आरक्षण वोटबैंक व चुनावी लाभ का हथकंडा बन गया है और भविष्य में इसकी सीमा और बढ़ने का खतरा मंडरा रहा है। यह स्थिति समाज कल्याण के बजाय निहित स्वार्थों को बढ़ावा देगी।

-**शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### योगी का कठोर कदम

**उत्तर प्रदेश** की राजधानी लखनऊ में कुछ अराजक युवाओं द्वारा स्कूटर सवार व्यक्ति व महिला पर गंदा पानी फेंकने और महिला के साथ छेड़खानी करने की घटना सामने आने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कठोर कदम उठाया है। उन्होंने क्षेत्र के डीसीपी, एडिशनल डीसीपी और एसीपी का ट्रांसफर करने के साथ थाना इंचार्ज और पुलिस चौकी के सभी कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। कैमरों में दिखने वाले सभी अराजक व बेलगाम युवाओं को गिरफ्तार किया गया है। इसके लिए मुख्यमंत्री और यूपी पुलिस प्रशासन की सराहना की जानी चाहिए। यूपी पुलिस की कार्रवाई अपनी जिम्मेदारी न निभाने वाले पुलिस कर्मियों तथा अराजक शहरी युवाओं के लिए सबक है। योगी आदित्यनाथ का यह कठोर कदम उन विपक्षी राजनेताओं के लिए भी सबक है जो युवाओं को बहका कर प्रदेश की कानून व्यवस्था खराब कर मुख्यमंत्री और प्रदेश सरकार की छवि खराब करना चाहते हैं। विपक्षी दलों को ऐसी घटिया हरकतों से बचना चाहिए, नहीं तो 2027 में उनका फिर पूरी तरह सफाया हो जाएगा।

-**वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# 5 अगस्त को कुकदुर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम करेगी उपचार

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com




कबीरधाम जिले के कुकदुर वनांचल क्षेत्र में 5 अगस्त 2024 को एक भव्य मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण शिविर का उद्देश्य स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित क्षेत्रीय नागरिकों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है, जिससे उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान निःशुल्क किया जा सके।

### स्वास्थ्य सेवाओं की पहल

कुकदुर जैसे वंनाचल क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं की कमी को ध्यान में रखते हुए, यह शिविर नागरिकों के लिए एक अद्वितीय अवसर प्रस्तुत करता है। शिविर में जाँच और उपचार निःशुल्क होंगे, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के लोग भी उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

### समुदाय के लिए जागरूकता अभियान

शिविर के आयोजन के साथ ही, स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्य में का भी आयोजन किया जाएगा। इनमें पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर समुदाय को शिक्षित किया जाएगा। इस प्रयास का उद्देश्य नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

### भविष्य की योजना

इस शिविर के सफल आयोजन के बाद, स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य अन्य वंनाचल और दूरस्थ क्षेत्रों में भी ऐसे ही शिविरों का आयोजन करना है। इस पहल से ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में रहने वाले लोगों को भी उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

कुल मिलाकर, कुकदुर वनांचल क्षेत्र में 5 अगस्त को आयोजित होने वाला यह मेगा स्वास्थ्य शिविर क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम की उपस्थिति में किए गए तैयारियों के इस शिविर से, कुकदुर और आसपास के क्षेत्र के नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है। यह शिविर न केवल चिकित्सा सेवाओं का विस्तार करेगा, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी फैलाएगा, जो इस क्षेत्र की समग्र स्वास्थ्य स्थिति में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

### विशेषज्ञों की टीम करेगी जाँच और उपचार

शिविर में सिविल सर्जन शाह मुख्य अस्पताल के अधीक्षक द्वारा नामांकित शिशु रोग, मेडिसिन, स्त्री रोग, और नेत्र रोग के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। यह टीम शिविर में आने वाले सभी मरीजों की बारीकी से जाँच करेगी और उन्हें आवश्यक उपचार प्रदान करेगी। इस अवसर का लाभ उठाते हुए, नागरिक अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के निदान के लिए विशेषज्ञों से निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकेंगे।

### शिविर की तैयारी का निरीक्षण

खंड चिकित्सा अधिकारी पंडरिया, डा. अनामिका पटेल, ने शिविर की तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अपनी टीम के साथ कुकदुर का दौरा किया और शिविर की रूपरेखा तैयार की। इस दौरान कुकदुर सेक्टर प्रभारी डा प्रसंगिना साधु ने भी सुनिश्चित किया कि सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरण और संसाधन उपलब्ध हों, ताकि शिविर का संचालन सुचारू रूप से हो सके।

### शिविर का सामाजिक महत्व

स्वास्थ्य टीम पंडरिया ने इस शिविर के सफल आयोजन के लिए स्थानीय समुदाय से भी सक्रिय सहभागिता की अपील की है। शिविर के दौरान स्थानीय स्वयंसेवक भी अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे, जिससे यह आयोजन और भी प्रभावी और सफल हो सकेगा।

# राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी कार्यप्रणाली को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शासन की मंशा के अनुरूप विभागीय कार्यप्रणाली को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करें, जिससे आमजनों को उसक लाभ समय पर मिल सके। कलेक्टर चन्द्रवाल जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित राजस्व विभाग की जिला स्तरीय विभागीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कार्यशाला में विशेष ध्यान देवें एवं प्रशिक्षण का लाभ लेकर राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाएं जिससे आमजन को लाभ मिल सके। कार्यशाला में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित समस्त एस.डी.एम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी और प्रस्तुतकर्ता मौजूद थे। राजस्व विभाग की कार्यशाला में राज्य स्तर से आए हुए प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थितजनों को राजस्व विभाग से संबंधित विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, भू-अर्जन, गिरदावरी, आनावारी रिपोर्ट, आरबीसी6-4, मुआवजा, सिंचित फसल, असिंचित फसल, फसल कटाई प्रयोग, आनलाईन दर्ज प्रकरणों का निराकरण, समय के प्रकरणों का समय पर निराकरण, आय व निवास प्रमाण पत्र आदि के संबंध विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पूछे गए विभिन्न सवालों और शंकाओं का भी निराकरण किया।

# आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय जयंती पर विज्ञान मेला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में प्राचार्य मालिक राम वर्मा के संरक्षण में एवं विज्ञान प्रमुख मुरलीधर साहू,विज्ञान सह-प्रमुख तारिणी साहू के नेतृत्व में आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय जयंती पर विज्ञान मेला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नरेंद्र कुमार देवांगन (व्याख्याता) एवं राजेंद्र साहू (व्याख्याता ) के साथ वंदे मातरम शिक्षण समिति बेमेतरा के सचिव /व्यवस्थापक ललितेश साहू उपस्थित रहे! आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय जयंती पर विज्ञान मेला में विभिन्न विधाओ में प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें, भाषण प्रतियोगिता में तरुण साहू, सपना बांधे, विवेक वर्मा, आद्या शर्मा,ने अलग अलग वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया, निबंध में पुष्पांजल शर्मा, भारती साहू, आरती यदु, ऐश्वर्य कोशले, डॉली निर्मलकर ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया, चित्रकला में उदय वर्मा, युवराज, गरिमा, खितीका, तनु साहू, पूर्वी वर्मा, नैना सहारे, ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया, रंगोली में झरना, लावण्या, मोनिका, योगिता साहू एकता, ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया, विज्ञान कविता में कुसुम देवांगन, चित्रलेखा साहू, तरुण वर्मा, प्रियांशी टंडन, भूमि वर्मा ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया, पत्र वाचन में साहिल निशान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया विज्ञानातमक प्रयोग में, राशि गुप्ता, कुसुम पाल, तन्मय साहू, प्रियांशु रजक, कामना जायसवाल, आकांक्षा निर्मलकर, ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया, प्रश्न मंच में शौर्य, समीर, अभिषेक, मीनाक्षी, प्रिया, फाल्गुनी, जागृति, एकता, पूर्णिमा, प्रियम, हिमेश, देव, आयुष, विष्णु, युवराज, प्रज्ञा, कल्पना, हरि शंकर, ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया, मॉडल प्रतियोगिता में, अखिलेश साहू, रिंकी गुप्ता, रेणुका वर्मा, शिवराज निर्मलकर, भूपेंद्र साहू, ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया! इस अवसर पर समस्त आचार्य, दीदीयाँ एवं भैया, बहन उपस्थित रहे! उक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख केशों सिंह वर्मा के द्वारा प्रचार प्रसार हेतु दी गई है!

## कलेक्टर ने कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, और मछलीपालन विभाग की समीक्षा की

**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिला पंचायत स्थित सभाकक्ष में कृषि, पशुधन विकास, मत्स्य एवं उद्यानिकी विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित ली। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, विशेषज्ञ और किसान प्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिले में कृषि और पशुधन विकास की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर शर्मा ने कहा कि शासन की योजना के ि यान्वयन के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को हितग्राही मूलक योजनाओं से अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

# हस्ताक्षर साहित्य समिति ने मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई

## साहित्य राजमहल नहीं है,यह आवाजों की बस्ती है,यह मानना था मुंशी प्रेमचंद का

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



नगर की सबसे पुरानी संस्था हस्ताक्षर साहित्यिक समिति द्वारा 31 जुलाई को महान उपन्यासकार ,कहानीकार,एवं विचारक मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई और इस मौके पर उनके साहित्य के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया गया। निषाद समाज के भवन में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार शिरोमणि माथुर एवं अध्यक्षता संतोष ठाकुर ने की, विशेष अतिथि सरिता गौतम उपस्थित थीं । कार्यक्रम के दौरान कविता पाठ किया गया साथ ही अंत में सदी के महान गायक मो. रफी को उनकी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

हस्ताक्षर साहित्य समिति के सदस्य नगर में पिछले चार दशक से सक्रिय भूमिका निभाते हुए साहित्य सेवा में लगे हुए है। महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिरोमणि माथुर ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद कलम के सिपाही थे।उनकी रचना साहित्य इतिहास की धरोहर है। उन्होंने प्रेमचंद की रचना गबन , कर्मभूमि,निर्मला को कालजयी बताया ।वरिष्ठ रचनाधर्मी जे आर महिलांगे ने अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रेमचंद की रचनाओं को उस समय की परिस्थितियों,परिवेश संस्कृति का पुट मिलता है,जो आज भी प्रासांगिक है।उनकी विश्वप्रसिद्ध रचना गोदान पर प्रकाश डाला।

समिति के अध्यक्ष संतोष ठाकुर ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद की रचनाएं ग्रामीण परिवेश को आधार बना कर लिखी गई हैं। प्रेमचंद जी उच्च कोटि के साहित्यकार रहे हैं।उनकी रचनाओं में भारत की झलक दिखती है। कार्यक्रम की विशेष अतिथि सरिता गौतम ने मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर अपने विचार रखते हुए कहा कि मुंशीजी के साहित्य का महत्व इसलिए है कि यह रूढ़ियों और बंधनों से मुक्त करता है। प्रेमचंद जी का लेखन परिवार, राष्ट्र और वैश्विकता का सही अर्थ बताता है। सरिता गौतम ने आगे कहा कि मुंशी के शब्दों में साहित्य राजमहल नहीं है,यह आवाजों की बस्ती है। सच्चाई की ताकत से बड़ा कोई बल नहीं होता'। इन्ही विचारों के जरिये मुंशी प्रेमचंद ने विश्व स्तर पर साहित्य प्रेमियों के लिए मार्गदर्शक का काम किया है।जिसकी कोई सानी नही है। विचार गोष्ठी उपरांत कविता पाठ में अमित सिन्हा ने वर्षा ऋतु का मनोहर चित्रण अपनी कविता के माध्यम से किया-

धरती का भीगा आंचल,प्रेमसुधा बरसे
उमड़ घुमड़ बरसे रे बादल , घुमड़ घुमड़ बरसे,

आनंद बोरकर की रचना ने सबका मन मोह लिया- तेरे इश्क़ में जलता हुआ चिराग हूं मैं,तेरी मंजिल का नया आगाज़ हूं मैं।
शमीम सिद्दिकी की हृदय की वेदना पर सुंदर कविता के अंश-

धीमी है आग जरा और सुलगाइए
फिर वेदना की भस्म पर धूनी रमाईए,

मनोज पाटिल ने श्रीराम को भारतीय जन मानस के राम के रूप में चित्रित करते हुए सत्ता के गलियारों तक पहुंचाया।
घनश्याम पारकर की आज की स्थिति पर सशक्त रचना ने सबको सोचने पर मजबूर कर दिया - ददा दाईं के चोला तरसे,तीरथ धाम नई पाय,

खरतरिहा ओकर बेटा,हाडा ल गंगा ले जाय,

तामसिंह पारकर की सावन पर रचना इस प्रकार रही-

सावन आगे झूम के रिमझिम चले फूहार
उमड़ घुमड़ आवय घटा ,बरसे मूसलाधार

अमित प्रखर नकी शासन पर प्रहार करती रचना - गरीबों के निवालों को क्यूं शासन खा जाते है,
जो कुछ बचता है, झूठे आश्वासन खा जाते हैं, सुना कर वाहवाही बटोरी।
आचार्य महिलांगे ने सुंदर रचना का पाठ किया-

अपने स्वधर्म का ही बोध हो,
जीवन को नित नया बनाने,
दृढ़ संकल्प महानता का हो

शिरोमणि माथुर ने सावन के अनुपम सौन्दर्य का चित्रण इस प्रकार किया-
प्रकृति पहनती हरित वस्त्र बहुविधी भूषणम

**संतोष ठाकुर 'सरल' ने श्री सीता जी महिमा पर भावभरा गीत सुनाया-**

राम जी भगवान हैं,भगवती हैं जानकी
जो मान बढ़ाती हैं अग्नि धरा धाम की
मायका ससुराल में प्यार सभी ने दिया
मुश्किलों में साथ रहीं, परछाईं है राम की

संचालन ताम सिंह पारकर ने किया और आभार प्रदर्शन आनंद बोरकर द्वारा किया गया।

### महान गायक मो.रफी को श्रद्धांजलि दी गई

सदी के महान गायक मो.रफी ने 31 अगस्त 1980 को इस दुनियां से अलविदा कह गए।आवाज के जादूगर ने हर तरह के गीत गाए। फिल्मी कैरियर में उन्होंने 26 हजार से अधिक गानों में आवाज दी है।उनकी आवाज के बिना संगीत के इतिहास की कल्पना करना बेमानी होगा।हस्ताक्षर साहित्य समिति के सदस्यों ने महान गायक मो. रफी को याद करते हुए स्मरण किया कि वे इस दुनियां से अलविदा कहने के एक पखवाड़े पहले दल्लीराजहरा आये थे और अपनी आवाज को जादू बिखेरे थे।संभवतः उनकी यह यात्रा छत्तीसगढ़ की आखरी यात्रा थी। समिति के सदस्यों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# एसपी बेमेतरा ने हीट एण्ड रन प्रकरणों का किया समीक्षा

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिनांक 02.08.2024 को हीट एण्ड रन के मामले में लंबित अपराध के निराकरण हेतु पीड़ित पक्ष को शासन से मिलने वाले राहत राषि के संबंध में संबंधित विभाग को प्रतिवेदन प्रेषित करने हेतु सख्ति से हिदायत देकर प्रत्येक हीट एण्ड रन के मामले में संवेदनषीलता का परिचय देते हुये तत्काल कार्यवाही कर दो महिने में निकाल तथा लंबित मामलो को एक सप्ताह में निकाल हेतु निर्देषित किया गया। हिट एण्ड रन के मामले में अज्ञात वाहन के आरोपी की पतासाजी करने हेतु आई रेड आयू मितान एप सीसीटीवी कैमरा सीडीआर एसडीआर का उपयोग कर अज्ञात वाहन आरोपी की पतातलाष कर आरोपी मिलने पर प्रकरण में शीघ्र अभियोग पत्र तैयार कर अंतिम रिपोर्ट माननीय न्यायालय में पेश करने हेतु निर्देषित किया गया इसके अलावा थानों में रखे जप्ती माल जिसका माननीय न्यायालय से निराकरण हो चुका है ऐसे मामलो की जप्ती माल के निकाल हेतु थाना प्रभारी प्रधान आरक्षक मोहर्रिर तथा कोर्ट मोहर्रिर के द्वारा चालान के साथ जप्ती माल प्रस्तुत करने में कोई रूचि नहीं ली जा रही है जिसमें आपत्ति व्यक्त करते हुये तत्काल ऐसे लंबित जप्ती माल को माननीय न्यायालय से आदेष प्राप्त कर नष्टीकरण करने की कार्यवाही हेतु निर्देषित किया गया है इस अवसर पर सउनि विष्णु सप्रे, रीडर 1 प्रभारी बेमेतरा थाना बेमेतरा से विवेचक सउनि ईतवारी डेहरे प्रधान आरक्षक पवन राजपूत प्रधान आरक्षक रघुराज यदु महिला प्रधान आरक्षक रीना गायकवाड़ थाना दाढ़ी से प्रधान आरक्षक रामकुमार दिवाकर थाना बेरला से प्रधान आरक्षक दिनानाथ यादव यातायात में पदस्थ प्रधान आरक्षक खोमलाल साहू उपस्थित रहें।

# सुरक्षा गार्ड के ठेके में ठेकेदार द्वारा नियमों का नहीं किया जा रहा पालन

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद और सचिव लखनलाल चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राजहरा खदान समूह में चल रहे सुरक्षा गार्ड के ठेके में ठेकेदार द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जा रहा और समय से वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है इसी संबंध में खदान मजदूर संघ के नेता द्वय ने उपमहाप्रबंधक नगर प्रशासक को ज्ञापन सौंपा है और तत्काल इन सभी समस्याओं का समाधान करने का अग्राह किया है। नेता द्वय ने आगे बताया कि सुरक्षा गार्ड के ठेके में ठेकेदार द्वारा सुरक्षा गार्डों का खुलकर शोषण किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा जबसे ठेका शुरू किया है तबसे आजतक सुरक्षा गार्डों को सुरक्षा सामग्री नहीं दी है । सुरक्षा गार्डों को टार्च, लाठी, नहीं दिया गया है, भारी बरसात में सुरक्षा गार्डों को रेनकोट और गम बूट नहीं दिया गया है, सबसे बड़ी बात ठेके के नियम शर्तो के अनुसार ठेकेदार को सुरक्षा गार्डों के लिए ड्यूटी पोस्ट बनाना है जो आजतक नहीं बना है, ठेकेदार द्वारा सुरक्षा गार्डों को वेतन पर्ची नहीं दिया जा रहा है ठेकेदार द्वारा जो जूता दिया गया है वह एक सप्ताह में ही फट गया है निम्न स्तर का जूता दिया गया है , इस ठेके में सुरक्षा गार्डों को तीन माह से वेतन नहीं दिया गया है और आपरेटिंग आथरटी द्वारा किसी प्रकार का कार्यवाही नहीं करना खेदजनक है। ठेकेदार द्वारा सुरक्षा गार्डो का गेटपास आजतक नहीं बनाया गया है, एक तरफ तो जहां ठेकेदार तीन माह में एक बार वेतन दे रहा उसमें भी वह चोरी करने से नहीं चूक रहा है और जो सुरक्षा गार्ड 14 दिन नाईट ड्यूटी कर रहा है उसे ठेकेदार द्वारा सिर्फ 09 दिन का नाईट एलाउंस दिया जा रहा है जबकि बीएसपी प्रबंधन द्वारा उसे पूरे14 दिन का नाईट एलाउंस मिल रहा है।और तो और ठेकेदार द्वारा सुरक्षा गार्डों के पीएफ जमा करने में भी गड़बड़ी किया जा रहा है ठेकेदार द्वारा सुरक्षा गार्डों का पीएफ उनके पूरे वेतन पर काटा जा रहा है मगर पीएफ जमा सिर्फ 15000 पर ही किया जा रहा है और सुरक्षा गार्डों को ठेकेदार द्वारा मेडिकल सुविधाएं नहीं दी जा रही है कुल मिलाकर ठेकेदार द्वारा इस ठेके पर खुलकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है और बीएसपी प्रबंधन की तरफ से आपरेटिंग आथरटी किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं करती नजर आ रही है जो बहुत सी शंकाओं को जन्म देता है और तो और स्वर्गीय सीताराम कोसरे सुरक्षा गार्ड की मृत्यु उपरांत उसके पुत्र को अभी तक ड्यूटी पर नहीं लिया गया है जो ठेकेदार और बीएसपी प्रबंधन की अमानवीय दृष्टिकोण को दिखाता है। नेता द्वय ने नगर प्रशासक राजहरा टाउनशिप और अति श्रम कल्याण अधिकारी से आग्रह किया है कि जब तक ठेकेदार द्वारा द्वारा इन सभी समस्याओं का समाधान नहीं कर लिया जाता है तब तक ठेकेदार का किसी भी प्रकार का बिल भुगतान न करें और ठेकेदार को अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी न किया जाए और साथ ही आग्रह किया है कि सभी ठेकों पर ठेकेदार को 10 तारीख तक वेतन भुगतान करना होता है अगर ठेकेदार 17 तारीख तक वेतन भुगतान नहीं करता है तो आपरेटिंग आथरटी को तत्काल ठेकेदार को चेतावनी पत्र लिखकर वेतन करने को कहा जाए और ठेकेदार द्वारा किसी प्रकार का जवाब अगर नहीं दिया जाता है तो सुरक्षा गार्डो का विभागीय वेतन भुगतान किया जाए, क्योंकि विभागीय वेतन भुगतान होने पर ठेकेदार का कंपनी 5 प्रतिशत पेनल्टी काटतीं है और एक बार जिस ठेकेदार का पेनल्टी कटता है वह अगले बार से समय से वेतन भुगतान करने लग जाता है मगर राजहरा खदान समूह में चल रहे सुरक्षा गार्ड के ठेके पर ठेकेदार द्वारा तीन माह से वेतन नहीं दिया गया है और बीएसपी प्रबंधन द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही है जो बहुत सी शंकाओं को जन्म देता है।

## डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार हेतु आवेदन 31 अगस्त तक

**बेमेतरा।** डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक पुरस्कार के लिए कृषकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं, आवेदन पत्र उप संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र को उप संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते है। कृषकों से आवेदन पत्र प्राप्त करने के अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2024 है, अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा।

# एसपी ने थाना दाढ़ी एवं थान खम्हरिया थाना का किया आकस्मिक निरीक्षण




पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने थाना दाढ़ी एवं थाना थानखम्हरिया का 01 अगस्त को आकस्मिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान थाना दाढ़ी एवं थाना थानखम्हरिया के थाना परिसर की साफ सफाई रखने थानों का रिकार्ड दुरूस्त रखने थाना के मालखाना में रखे जप्त माल की सुरक्षा व सुव्यवथित रखने एवं सभी अधिकारियों व जवानों को आमजन महिला आगंतुक रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पूर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने तथा जरायम रजिस्टर गुण्डा बदमाष रजिस्टर अपराध डायरी रजिस्टर मर्ग गुम इंसान लंबित शिकायतो का शीघ्र निकाल करने निर्देषित किया गया तथा लंबित संमंस लंबित वारंट व आपरेशन ईगल अभियान चलाकर स्थायी वारंट की तामिली किये जाने असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने जप्ती माल की निकाल हर संभव प्रयास करने जप्ती माल एवं थाना के रिकार्ड को व्यवस्थित ढंग से वर्षवार रखने व चोरियो एवं अपराधो पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में गस्त एवं संदिग्ध व्यक्तियो कि चेकिंग करने तथा अवैध कारोबारियो अवैध शराब जुआ सट्टा गांजा नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफसख्त से सख्त कार्यवाही करने सायबर प्रहरी का प्रचार-प्रसार कर व्हाट्सएप ग्रुप बीट वाईस बनाकर अधिक से अधिक लोगो को जोडकर जन जागरूकता अभियान चलाये जाने साथ ही थाना दाढ़ी एवं थाना थानखम्हरिया क्षेत्रांतर्गत सड़क पर बैठे हुये मवेषियों का जगह चिन्हांकित कर नगर पंचायत ग्राम सरपंच कोटवार एवं गौवंष पालको की बैठक लिया जाकर इनको सुरक्षित स्थान में रखने व बांधकर रखने के संबंध में बताया गया मवेषियों के सड़क पर बैठे रहने से आने जाने वाले दो पहिया वाहन 04 पहिया वाहन व भारी वाहनो व सड़क में मवेषियों के बैठे रहने से सड़क दुर्घटना की संभावना रहती है जिसको ध्यान में रखते हुये लगातार पुलिस पेट्रोलिंग व थाना नवागढ़ स्टाफ को सड़क पर बैठे मवेषियों को हटाने हेतु निर्देषित किया गया निरीक्षण के दौरान थाना दाढ़ी में उनि दुलेष्वर चंद्रवंषी थाना प्रभारी दाढ़ी सउनि गुहाराम वारे प्रधान आरक्षक रामकुमार दिवाकर एवं अन्य स्टाफउपस्थित रहें इसी प्रकार थाना थानखम्हरिया में श्री राजकुमार साहू थाना प्रभारी खम्हरिया, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र तिवारी एवं अन्य स्टाफउपस्थित रहें।

# कुकदुर तहसील में अनाधिकृत व्यक्ति से कराता है वसूली, वनवासियों ने विधायक से किया शिकायत

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पंडरिया विधायक को तहसील कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियो से परेशान होकर एक लिखित आवेदन दिए हैं जिसमे लिखे है कि विधानसभा पण्डरिया के अंर्तगत तहसील न्यायालय कुकदुर जिला कबीरधाम छ0ग0 में गरीब आदिवासी बैगा जनजाति एवं अत्यंत गरीब वर्ग के लोग निवास करते है जो अपनी निजी जमीन संबधित जैसे आपसी बटवारा, फौती नांमातरण, भूमि सीमांकन, नक्शा बटांकन, ऋण पुस्तिका, जाति निवास आमदानी, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं आर0बी0सी0 6/4 (आर्थीक सहायता राशि / मुवायजा राशि आदि कार्य के लिए बड़ी बड़ी राशि कि गरीब आदिवासीयों से न्यायालय के बाबु (रीडर) एवं आवक जावक मे आवेदक के द्वारा सामान्य आवेदन जमा करने पर आवेदक को पावती के लिए आवक जावका रिडर के द्वारा 200/500 राशि कि मांग किया जाता है तथा जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बनाने के लिए आवक जावक रिडर के द्वारा 3000/4000 राशि लिया जाता है, यदि किसानो के द्वारा पैसा नही दिया जाता है तो किसान/आवेदक को दो-तीन वर्ष तक तहसील कार्यालय का चक्कर लगाते रहते है।


प्रति
माननीय् विधायिका महोदया जी
विधान सभा पण्डरिया क्षे0 क्र0 71 जिला-कबीरधाम छ0ग0
आवेदक- वनान्चल(कुकदुर) क्षेत्र वासीगण।
विषय- तहसील कार्यालय कुकदुर मे होने वाले कार्यो के निस्पादन मे अवैध राशि वसूली एवं प्रकरणो का निराकरण समय लंबीत के संबध मे शिकायत बावत्।
महोदया
वनान्चल कुकदुर क्षेत्रवासीयो कि ओर से निम्नलिखित शिकायत सविनय प्रस्तुत है-
निवेदन है कि विधानसभा पण्डरिया के अंर्तगत तहसील न्यायालय कुकदुर जिला कबीरधाम छ0ग0 में गरीब आदिवासी बैगा जनजाति एवं अत्यंत गरीब वर्ग के लोग निवास करते है जो अपनी निजी जमीन संबधित जैसे- आपसी बटवारा, फौती नांमातरण, भूमि सीमांकन, नक्शा बटांकन,ऋण पुस्तिका, जाति निवास आमदानी, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं आर0बी0सी0 6/4(आर्थीक सहायता राशि/मुवायजा राशि आदि कार्य के लिए बड़ी बड़ी राशि कि गरीब आदिवासीयों से न्यायालय के बाबु(रीडर) एवं आवक जावक मे आवेदक के द्वारा सामान्य आवेदन जमा करने पर आवेदक को पावती के लिए आवक जावका रिडर के द्वारा 200/500 राशि कि मांग किया जाता है तथा जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बनाने के लिए आवक जावक रिडर के द्वारा 3000/4000 राशि लिया जाता है, यदि किसानो के द्वारा पैसा नही दिया जाता है तो किसान/आवेदक को दो-तीन वर्ष तक तहसील कार्यालय का चक्कर लगाते रहते है।
तहसील कार्यालय के कर्मचारियों के द्वारा आर0बी0सी0 6/4 की राशि के लिए अपने संबधित दलालो के साथ मिलकर पीडित पक्षकारों से राशि की मांग करते है। तहसील कार्यालय कुकदुर मे एक व्यक्ति फर्जी तौर पर तहसीलदार के संरक्षण मे रुपचंद [illegible] पिता [illegible] जाति सतनामी निवासी ग्राम [illegible] तहसील कुकदुर जिला कबीरधाम छ0ग0 के निवासी है जिसको तहसील के द्वारा अपने संरक्षण मे रखते हुवे न्यायालय के ऑनलाईन प्रकरण के युजर आईडी पासवर्ड दे कर न्यायालय के सभी प्रकरण का लिपिक के रुप मे लगातार दो वर्षो से अवैधानिक कार्य कराया जा रहा

### अनाधिकृत व्यक्ति से तहसीलदार कराता है वसूली

अपने आवेदन में यह भी लिखे हैं कि तहसील कार्यालय के कर्मचारियों के द्वारा आर0बी0सी0 6/4 की राशि के लिए अपने संबधित दलालो के साथ मिलकर पीडित पक्षकारों से राशि की मांग करते है। तहसील कार्यालय कुकदुर में एक व्यक्ति फर्जी तौर पर तहसीलदार के संरक्षण मे तहसील के द्वारा अपने संरक्षण में रखते हुवे न्यायालय के ऑनलाईन प्रकरण के युजर आईडी पासवर्ड दे कर न्यायालय के सभी प्रकरण का लिपिक के रुप में लगातार दो वर्षो से अवैधानिक कार्य कराया जा रहा है, उक्त व्यक्ति का शासन कि ओर से किसी भी प्रकार से न्युक्ति नही हुआ है तहसीलदार अपने निजी लाभ एवं उक्त व्यक्ति के लाभ के लिए तहसील न्यायालय में कार्य कराया जा रहा है और बैगा आदिवासीयो एवं किसानो से अपना खुद के जेब भरने के लिए एवं तहसीलदार देने के लिए किसानो / बैगा आदिवासीयों से बड़ी-बड़ी राशि के लिए विवश किया जाता है और राशि आहरण किया जाता है।

### समय सीमा पर कार्य नही करने का आरोप

तहसील न्यायालय कुकदुर मे संचालित होने वाले कार्य जैसे आपसी बटवारा, फौती नांमातरण, भूमि सीमांकन, नक्शा बटांकन, ऋण पुस्तिका, जाति निवास आमदानी, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं आर0बी0सी0 6/4 (आर्थीक सहायता राशि / मुवायजा राशि आदि के प्रतिवेदन/आदेश हेतु कुकदुर नायब तहसीलदार से पण्डरिया तहसीलदार को प्रतिवेदन किया जाता है जिसके कारण दो-दो वर्ष से किसानो / पक्षकारों को इंतजार करना पड़ रहा है। जिससे किसान/ बैगा आदिवासी अपने भूमि संबधित कार्य एवं शासकिय कार्यों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### विधायक से लोगो को उम्मीद

वनवासियों को विधायक से शिकायत पर तत्काल संज्ञान मे लेते हुए तहसील कार्यायालय कुकदुर की समस्त कार्य प्रणाली को समय सीमा मे कार्य का निराकरण एवं तहसील कार्यालय में पदस्त कर्मचारी के द्वारा किया जा रहा अवैध वसुली एवं तहसील कार्यायालय कुकदुर में फर्जी तौर पे लिपिक का कार्य करने वाले को तहसील कार्यालय से तत्काल हटाने एवं सर्वधानिक कार्यावाही करने हेतु संबंधित विभाग को आदेश/निर्देश देने की उम्मीद है।

# डायवर्सन सड़क कटा,थम गये वाहनों के पहिए मुख्य मार्ग रहा घंटो बाधित लोग होते रहे परेशान

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



बीते रात से धरमजयगढ़ रायगढ़ रोड़ बाधित रहा है जिससे राहगीर परेशान होते रहें हैं। दरअसल मुख्य मार्ग बाधित होने की यह घटना धरमजयगढ़ रोड़ में नागदरहा गांव और कोसमघाट के बीच मुख्य सड़क की है। धरमजयगढ़ से रायगढ़ मुख्य सड़क का निर्माण कार्य जारी है। ऐसे में पुल पुलिया को बनाया जा रहा है जिसके लिए आवाजाही की सुगमता के मद्देनजर पुल के किनारे से डायवर्सन सड़क बनाया गया है ताकि कार्य प्रगति पर हो और आवागमन भी जारी रहे। लेकिन हालही में हुई बारिश लोगों को परेशानी में डाल दिया है बारिश की वजह से कोसमघाट के पास बनाया गया डायवर्सन सड़क कट गया है। ऐसे में मानो उक्त सड़क से नाता ही टूट गया है। खासकर भारी वाहनों की बात करें तो आवाजाही थम सी गई है। परिणाम स्वरूप सड़क पे चलने वाले तमाम लोग करीब 24 घंटे तक परेशान होते रहे हैंआखिर में स्थानीय प्रशासन का दबाव कह ले या फिर उच्च स्तरीय जबरदस्त प्रेसर लिहाजा कल शाम ढलने से पहले डायवर्सन सड़क को रिपेयरिंग कर चलने लायक बना दिया गया तब कहीं जाकर बाधित सड़क बहाल हो सका लेकिन इसमें भी अभी सवाल बरकरार है की क्या बारिश होने पर डायवर्सन सड़क टिक सकेगा या फिर स्थिति फिर से जस की तस होने वाली है। बहरहाल जैसे तैसे कोसमघाट के पास की डायवर्सन सड़क को बनाया गया है तब कहीं जाकर मुख्य मार्ग आवागमन बहाल हो सका है।

## लाखों रूपयों का सरिया लेकर निकला ट्रक चालक रास्ते से हो गया लापता

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में लाखों रूपयों का सरिया लेकर भोपाल जाने निकले ट्रक चालक के द्वारा गंतव्य स्थान में न पहुंचा कर अमानत में खयानत कर लेने का मामला सामने आया है। इस मामले में बीएस स्पंज तराईमाल के सेल्स मेन की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पूंजीपथरा थाना में विशाल त्रिपाठी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह तमनार क्षेत्र के इंदिरा नगर का रहने वाला है और वह बीएस स्पंज तराईमाल में सेल्स मेन के पद पर कार्यरत है। 26 जुलाई को रायगढ़ के लक्ष्मी ट्रांसपोर्ट आशीर्वादपुरम कालोनी ढिमरापुर चैक से ट्रक कमांक सीजी 04 पी.ए. 3783 में बी.एस. स्पंज प्रालि तराईमाल से सरिया (टी.एम.टी.) 35.040 मै.टन कीमती 17 लाख 43 हजार 857 रूपये का लोड कर 27 जुलाई की सुबह 11 बजे ट्रक चालक रवि सिंह, अग्रवाल ट्रेडिंग कम्पनी बरखेडी कला रातीबढ़ रोड भोपाल म.प्र. जाने के लिए रवाना किया था।

# निरीक्षक भास्कर शर्मा ने नवीन कानून के संबंध में लोगों को दी विस्तृत जानकारी




पायनियर संवाददाता ‹ जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com

निरीक्षक भास्कर शर्मा ने नवीन कानून के संबंध में लोगो को दी विस्तृत जानकारी। वर्तमान समय पर बढ़ते अपराधों को दृष्टिगत् रखते हुयें लोगो को जागरूक करने के लिए विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चाम्पा के निर्देशन में जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लोगो को जागरूक करने के लिए हमर पुलिस हमर संग कायक्रम अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 02.03.2024 को अति. पुलिस अधीक्षक जांजगीर राजेन्द्र कुमार जायसवाल के कुशल मार्गदर्शन में हमर पुलिस हमर संग कार्यक्रम का आयोजन डी एस पी अजाक अनिल कुर्रे, निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़ द्वारा नवागढ़ क्षेत्र के अंतर्गत पंडित जवाहर लाल नेहरू शासकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को सायबर सायबर क्राइम एवं ऑनलाईन ठगी से बचाव एवं सोशल मिडिया के सुरक्षित उपयोग तथा घरेलु हिंसा, हमर बेटी हमर मान, बाल विवाह एवं नशापान के दुष्प्रभाव के बारे में तथा शराब पीकर वाहन नही चलाने, हेलमेट पहन कर मोटर सायकल चलाने, तीन सवारी बैठकर मोटर सायकल नही चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु अपील किया गया। कार्यक्रम के दौरान जन जागरूकता के विभिन्न विडियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित लोगो को दिखाकर लोगो को जागरूक किया गया। जिले के थाना क्षेत्र के सभी गांव में बीट सिस्टम बनाया गया है और गांव में दीवाल में पेंट से बिट अधिकारी एवम कर्मचारी तथा थाना प्रभारी का नाम मोबाइल नंबर लिखा हुआ है। यदि गांव में किसी व्यक्ति के द्वारा जुआ, सट्टा खिलाता है तो तथा अवैध शराब बिक्री करता हो या अन्य कोई असामाजिक बिक्तियो के द्वारा गलत काम करता है जिसकी सूचना देने हेतु अपील की गई। उपरोक्त कार्यक्रम का सफल संचालन में निरी. भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, उपनिरी. लालन पटेल यातायात, प्रधान आर. विवेक सिंह सायबर सेल, महिला प्रधान आरक्षक एनुका तिर्की महिला सेल का सराहनीय योगदान रहा।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी क्रांति कुमार भारतीय की 49 वीं पुण्यतिथि मनाई गई शासकीय महाविद्यालय जेठा सक्ती में



पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी क्रांति कुमार भारतीय की 49 वी पुण्यतिथि मनाई गई, 2 अगस्त 2024 को महाविद्यालय में क्रांति कुमार भारतीय जी की 49 वी पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ द्वारा क्रांति कुमार भारतीय के तैल्यचित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। प्रो यज्ञ राठिया ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे कर्मठ साहसी और देशभक्त थे। प्रो हेमपुष्पा चंद्रा ने भी उनको नमन करते हुए उनके अमूल्य योगदान के बारे में सभी छात्र छात्राओं को बताया। प्रो महेंद्र यादव ने क्रांति कुमार भारतीय के जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए एक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। प्रो शत्रुघन अनंत प्रो ललित सिंह, प्रो ऋतु पटेल प्रो सीमा साहू, प्रो डॉ हरिशंकर रजक और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े (जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना) के द्वारा किया गया । उन्होंने क्रांति कुमार भारतीय के जीवन परिचय बताते हुए कहा कि वे मूलतः पश्चिम बंगाल से थे। वे बचपन से धार्मिक और देशभक्त थे। उनका अधिकतर समय छत्तीसगढ़ के सक्ति जिले के बाराद्वार में व्यतीत हुआ । उन्होंने समाजसेवा करते हुए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया और बाराद्वार में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। इन्ही के नाम पर सक्ति जिले के शासकीय महाविद्यालय का नामकरण किया गया। अंत में प्रो हेमपुष्पा चंद्रा ने सभी का आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा किया।

# अब परिसीमन अधिसूचना के खिलाफ हाईकोर्ट में दायर की गई याचिका

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



नगरीय निकायों में वार्डो का परिसीमन कराए जाने राज्य शासन के निर्णय के खिलाफहाईकोर्ट में याचिकाएं दायर होने पर सुनवाई तिथि को राज्य शासन की ओर से पर्याप्त जवाब प्रस्तुत न कर जवाब पेश करने के लिए वक्त दिए जाने का अनुरोध कर सुनवाई तिथि आगे बढ़वा ली गई और अगली सुनवाई के पहले ही चालाकी पूर्वक परिसीमन की अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित करवा दी गई ।अब अधिसूचना प्रकाशन के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस बारे में पूर्व विधायक शैलेष पांडेय ने कहा है कि परिसीमन की अधिसूचना के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर कर जनहित की लड़ाई अंतिम सांस तक लड़ी जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिसूचना जल्दबाज़ी में प्रकाशित की गई,शासन मंशा जनहित में नहीं दिखी,इससे जनता को परेशानी- होगी ।आगामी जनगणना के बाद फिर से जब परिसीमन करना ही पड़ेगा, फिर भी वार्डों की सीमाएँ बदली गई, क्यों ? श्री पांडे ने कहा कि शासन द्वारा पूरे प्रदेश में परिसीमन के लिए दिशा निर्देश जून माह में दिया,जिसका विरोध बिलासपुर में कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया क्योंकि बिना जरूरत के परिसीमन करना उचित नहीं था क्योंकि इससे शहर की पाँच लाख जनता को परेशानी का सामना करना पड़ेगा और उनके पते बदल जाएँगे जिससे राशन कार्ड,पासपोर्ट,आधार कार्ड और अन्य आवश्यक दस्तावेज को बदलने की जरूरत पड़ेगी। पूर्व विधायक शैलेश पांडेय और कांग्रेस के चार ब्लॉक अध्यक्ष विनोद साहू, मोती थारवानी,जावेद मेमन, अरविंद शुक्ला द्वारा अधिवक्ता आनंद मोहन तिवारी और गगन तिवारी के माध्यम से उच्च न्यायालय में एक याचिका लगाई गई लेकिन शासन ने हड़बड़ी में और सत्ता का दुरुपयोग करते हुए आयी दावा आपत्तियों को दर किनार कर दिया और सीधे प्रकाशन करवा दिया। पूर्व विधायक और कांग्रेस कमेटी ने शासन के सामने और ज़िला कलेक्टर के सामने अपना और जनता का पक्ष रखा कि इस परिसीमन में मनमानी किया गया है और सत्ता को लाभ पहुँचाने के इरादे से ये परिसीमन किया जा रहा है न की जनता को लाभ पहुँचाने के लिए परिसीमन किया गया है।

# स्टाईगर गोटी से जुआ खेल रहे चार जुआरी गिरफ्तार, कोतरारोड़ पुलिस ने भेजा रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को मुखबिर से सूचना मिली कि गोरखा जिंदल पार्किंग के पास कुछ लड़के स्टाइगर गोटी से रूपए दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा शिकायत जांच, माईनर एक्ट के कार्रवाई के लिए रवाना हुए स्टाफ को निर्देशित किया गया जिनके द्वारा थाना कोतरारोड़ के पेट्रोलिंग के साथ मिलकर मुखबीर के बताए स्थान की घेराबंदी कर स्टाईगर गोटी से जुआ खिला रहे और खेल रहे चार व्यक्तियों को पकड़ा। जुआड़ी शीतल सिंह ठाकुर पिता दिलीप सिंह ठाकुर उम्र 35 साल निवासी सारंगढ़ बस स्टैंड बजरंगपारा थाना जूटमिल, विकास भारती पिता पूरनलाल भारती उम्र 37 साल निवासी मिट्ठुमुडा थाना जूटमिल , दिग्विजय सिंह पिता स्वर्गीय दिलीप सिंह राजपूत उम्र 25 साल निवासी कैदीमुडा थाना जूटमिल, दीपक सोनवानी पिता स्वर्गीय चैतू सोनवानी उम्र 27 साल मौधापारा थाना जूटमिल के कब्जे से 03 स्टाईगर गोटी, जुमला रकम करीब 1000 की जप्ती की गई है। जुआरियों पर थाना कोतरारोड़ में धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2023 की धारा 6 के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# सरकारी अस्पताल मे कलेक्टर टोपनो के प्रयासों से मिली हड्डी रोग चिकित्सक की सुविधा

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com



शासकीय चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सको की उपलब्धता को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रमुखता से लिया गया है,राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल द्वारा इस दिशा में निर्णायक कदम उठाए जा रहे है। इसी तारतम्य में सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने सक्ती जिला मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सा सेवा विस्तार हेतु डीएमएफमद से अस्थि रोग विशेषज्ञ सर्जन की सेवा दी है। अस्थि रोग विशेषज्ञ सर्जन डॉ बादल इक्का एम एस आर्थो की चिकित्सा सेवा देंगे। कलेक्टर तोपनो के समक्ष आज डॉ. बादल इक्का ने अपनी उपस्थिति दी है। चिकित्सक के आवेदन पर संज्ञान लेते हुए तत्कालीन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सूरज सिंह राठौर ने जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्ताव रखा था की डीएमएफ मद से अस्थि रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की सेवा आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए जाना प्रस्तावित है। इस पर जिला कलेक्टर सक्ती द्वारा तत्कालीन समय पर कार्यवाही करते हुए अस्थि रोग विशेषज्ञ सर्जन की सेवा जिलेवासियों हेतु उपलब्ध कराने के संबध में कार्यवाही किया गया। इसी तारतम्य में आज अस्थि रोग विशेषज्ञ सर्जन ने कर्तव्य में अपनी उपस्थिति दी है। अब जिले में अस्थि बाधित, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, आर्थराइटिस, घुटनो का दर्द से संबधित रोगों के इलाज की सुविधा सक्ती सीएचसी में आमजन को मिलेगा, ज्ञात हो की शक्ति जिले में कलेक्टर के रूप में अमृत विकास टोपनो ने पदभार ग्रहण करते ही पूरे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल की है, कलेक्टर टोपनो जहां निरंतर हेल्थ को लेकर चिंतित रहते हैं तो वहीं नियमित रूप से वे जिले के सभी स्वास्थ्य केदो के चिकित्सकों एवं चिकित्सा अधिकारियों से संपर्क कर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

# सक्ती जिला पुलिस की बड़ी सफलता पांच चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com



जिला एवम दूसरे जिले के कई थानों के चोरी की घटना में सक्रिय आरोपी जैजैपुर पुलिस की गिरफ्त में आये है,मोटर साइकिल बुलेट, सोना चांदी की जेवरात एवम नगदी रकम चोरी करने वाले 05 आरोपी गिरफ्तार हुए है, थाना जैजैपुर पुलिस की कार्यवाही 02/08/2024 में नाम आरोपी- (01) अमृत पटेल उर्फ पतालू पिता रामलाल उम्र 33 साल साकिन राजापारा चांपा थाना चांपा जिला जांजगीर चांपा, (02) गिरधर बैरागी उर्फ राजगीर पिता सीताराम बैरागी उम्र 36 साल ग्राम पोता थाना मालखरौदा, जिला सक्ति, हाल मु. जमनीपाली फौजी चौक कोरबा जिला कोरबा, (03) अजय निषाद उर्फ सोनू पिता रेशम लाल निषाद उम्र 32 साल ग्राम वार्ड न. 09 प्रेमप्रताप कॉलोनी सिटी कोतवाली रायगढ़, (04) नागेंद्र कुमार पटेल उर्फ नागिन पिता धनीराम पटेल उम्र 24 साल ग्राम वार्ड न. 04 बंधवा तलब ईदगाह पारा सक्ति थाना व जिला सक्ति, (05) किशन बैरागी पिता गोरेलाल बैरागी उम्र 25 साल ग्राम बरपाली,थाना उरगा, जिला कोरबा (छ. ग.) है,मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी शैलेंद्र कुमार साहू पिता सीताराम साहू उम्र 20 साल ग्राम कोटेतरा का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक – 18.07.2024 के रात्रि घर के सभी सदस्य खाना खा कर सो गए थे की रात्रि करीबन 01.00 बजे 4ङ्क5 अज्ञात व्यक्ति कमरा के अंदर घुस अलमारी को तोड़कर 2,67,000 रुपए, 01 नग सोने का हार 25 ग्राम, 02 जोड़ी चांदी का पायल एवम 03 नग मोबाइल को चोरी कर ले गया है तथा साथ ही मारपीट कर चोट पहुंचाया है। इसी तरह प्रार्थी मितेंद्र सिदर निवासी ग्राम कचंदा का थाना उपस्थित आकार अपने घर के अलमारी में रखे सोने का हार, सोने का लटकन, चांदी का पायल एवम नगदी रकम 4000 रुपए को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है, तथा इसी तरह प्रार्थी हेमंत चंद्रा ग्राम कोटेटरा का थाना उपस्थित आकार रिपोर्ट दर्ज कराया की उसके घर के परछी में रखे 01 नग बुलेट मोटर सायकल, 03 नग मोबाइल तथा 7000 रुपए को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है।

# उप स्वास्थ्य केंद्र चिखलरौदा भवन भ्रष्टाचार का भेंट

पायनियर संवाददाता ‹ जैजैपुर
www.dailypioneer.com




सक्ती जिला के अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत जैजैपुर के एवं नवीन तहसील भोथिया का ग्राम पंचायत चिखलरौंदा मे 15 वे वित्त से स्वीकृत राशि 28.51 लाख की लागत से नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कराया जा रहा है जिसे ठेकेदार शिवांश इंफ्राटेक कोरबा द्वारा बनवाया जा रहा है जिसमे बहुत जमकर भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है एवं गुणवत्ताहीन कार्य किया जा रहा है। जिसे देखकर ग्रामीणों ने पहले से ही सही कार्य करने को कहा तब ठेकेदार द्वारा काम बंद कर दिया गया था, लेकिन फिर कार्य प्रारंभ किया गया जिसमे भरी बरसात में 28 जुलाई को रात 9 बजे तक उपर मे छत की ढलाई का कार्य किया जिसमे भी भारी गड़बड़ी की शिकायत मिली है छत से अभी से ही पानी टपक रहा है जो कि भ्रष्टाचार की खुद गवाही दे रहा है बीच बीच में बीम की आवश्यकता है किन्तु बीम नही दिया गया है तीन चार दिवाल तो सिर्फ चार ईंच का ही खड़ा कर दिया गया है उपर लेंटर की ढलाई भी ठीक से नही किया गया है उपर मे आठ एम एम छड़ डाला गया है भरी बरसात के दिन लेंटर की ढलाई करने के कारण एवं बिना वाईब्रेटर चलाए ढ़लाई किया गया है जिससे गिट्टी दिखाई दे रहा है जिसे छिपाने के लिए सीमेंट से लिपा-पोती का काम कर के छिपाया जा रहा है ग्रामीणों का आरोप है कि शुरू से ही कार्य मे गड़बड़ी देखने को मिली है साथ ही कार्य मे गुणवत्ता लाने के लिये बार बार कहा गया मगर कोई सुधार नही किया गया इस कार्य में मोटा रेत का उपयोग किया गया है। ग्रामीणों का कहना कि लेंटर की ढलाई को तोड़कर फिर से ढ़लाई किया जाए साथ ही जहां चार ईंच का दिवाल है उसे नौ ईंच किया जाए साथ ही जहां जहां बीम की पिलर की आवश्यकता है वहां पर सुधार किया जाए अगर शासन प्रशासन इस पर ध्यान नही देती है तो हम इसके लिए आंदोलन भी करेंगे अब आगे देखने वाली बात यह है कि कब और क्या कार्यवाही होती है ओ तो देखने वाली बात है।

**उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने नगरीय निकायों को जारी की राशि**

# स्वच्छता दीदियों और स्वच्छता कमांडोज के मानदेय के लिए 25.86 करोड़ जारी

- **मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत प्रदेश भर में 9232 स्वच्छता दीदियां और 1937 स्वच्छता कमाण्डोज कर रही हैं काम**

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय द्वारा नगरीय निकायों में कार्यरत स्वच्छता दीदियों और स्वच्छता कमांडोज के मानदेय के लिए 25 करोड़ 86 लाख रुपए जारी किए गए हैं। इस राशि से उन्हें जुलाई, अगस्त और सितम्बर का मानदेय प्रदान किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने सभी नगरीय निकायों को राशि जारी कर दी है। मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों में 9232 स्वच्छता दीदियां और 1937 स्वच्छता कमाण्डोज काम कर रही हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने शहरों में स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी कार्यों में गुणात्मक सुधार के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत काम कर रहीं स्वच्छता दीदियों और स्वच्छता कमाण्डोज को नियमित रूप से समय-सीमा में मानदेय भुगतान के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देश पर शहरों में स्वच्छता गतिविधियों की निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रदेश के 11 नगर निगमों में कार्यरत 4099 स्वच्छता दीदियों, 43 नगर पालिकाओं की 2557 और 112 नगर पंचायतों की 2576 स्वच्छता दीदियों के मानदेय भुगतान के लिए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 19 करोड़ 94 लाख 11 हजार 200 रुपए जारी किए गए हैं। नगरीय निकायों में प्लेसमेंट में कार्यरत् 14 नगर निगमों के 460 स्वच्छता कमाण्डोज, 43 नगर पालिकाओं के 726 और 112 नगर पंचायतों के 751 स्वच्छता कमाण्डोज के तीन महीनों के मानदेय के लिए पांच करोड़ 92 लाख 29 हजार 300 रुपए जारी किए गए हैं। उल्लेखनीय है भारत सरकार द्वारा संचालित स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत राज्य के सभी नगरीय निकायों में स्थानीय स्वसहायता समूहों द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व पृथक्कीकरण, एसएलआरएम सेन्टर का संचालन-संधारण और आर्गेनिक कचरे की कम्पोस्टिंग के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इसके क्रियान्वयन से नगरीय निकायों में स्वच्छता का वातावरण निर्मित हुआ है। साथ ही महिला स्वसहायता समूहों की 9232 स्वच्छता दीदियों और 1937 स्वच्छता कमाण्डोज के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं।

# शिकायतो पर सरकारी स्कूल के प्राचार्य को किया गया अन्यत्र पदस्थ

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

जिले के स्कूल शिक्षा विभाग के एक प्राचार्य को स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय के बच्चों के अभिभावकों से निरंतर आ रही शिकायतों को देखते हुए उन्हें जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्य मुक्त किया है, साथ ही उन्हें आगामी व्यवस्था के तहत शासकीय हाईस्कूल खरी विकासखंड- मालखरौदा में पदस्थ किया गया है, उल्लेखित हो कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जिला शक्ति के पत्र क्रमांक कार्यालयीन आदेश क्र./855/स्था.-01/2024-25 सक्ती 18.06.2024 में बी. के. सिदार, प्राचार्य, शास. उच्च. माध्य. शाला मोहन्दीकला जिला सक्ती (छ.ग.) को छात्रहित में ध्यान में रखते हुये मूल संस्था शास. उच्च. माध्य. शाला मोहन्दीकला जिला सक्ती (छ.ग.) को कार्यमुक्त किया गया था। तथा उपरोक्त आदेश में बताया गया था कि बी. के. सिदार प्राचार्य, द्वारा शास. उच्च. माध्य. शाला मोहन्दीकला में कार्यभार ग्रहण करने के समय से ही प्रभार के संबंध में शाला स्टाफ से, छात्र-छात्राओं से पालको से, ग्राम / स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लगातार विवाद की स्थिति उत्पन्न कर रहे हैं। पूर्व में भी सिदार के कार्यप्रणाली विवादास्पद होने के कारण तत्कालीन कलेक्टर, महोदय सक्ती द्वारा इन्हें जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपस्थिति देने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसे आचार संहिता समाप्ति उपरान्त 18.06.2024 को मूल संस्था हेतु कार्यमुक्त किया गया।

# श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में राष्ट्रीय अंगदान दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर के मोवा स्थित श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में राष्ट्रीय अंगदान दिवस मनाया गया। श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के चेयरमेन डॉ. देवेन्द्र नायक डायरेक्टर, डॉ. बीरेंद्र पटेल, डॉ. आशीष छाबड़ा, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. साईनाथ पट्टेवार, डॉ. रविधर नेफ्रोलॉजिस्ट, डॉ. विवेक वाधवा कार्डियक सर्जन, डॉ.कृष्णकांत साहू ट्रांसप्लांट, समन्वयक अजीत सिंह डायलिसिस मैनेजर और अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ एवं अस्पताल प्रबंधन की टीम मौजूद रही। श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के चेयरमेन डॉ. देवेन्द्र नायक ने कहा कि सोच बदलो दुनिया बदलो। डॉ. साईनाथ पट्टेवार ने बताया कि अपने मरनोपरांत बॉडी के 8 अंग डोनेट कर सकते हैं और उन्होंने बताया कि एक अंग डोनेट हर व्यक्ति को मरनोपरांत करना चाहिए, इससे हम मरीजों का जीवन बचा सकते हैं।

# श्रीराम,कृष्ण अवतार सम्पूर्ण संसार के लिए मंगलमय है : भागवतभूषण

पायनियर संवाददाता ◄ थान खमरिया
www.dailypioneer.com



समीपस्थ ग्राम गुवारा में आयोजित दिव्य भागवती कथा की धर्मसभा में भागवतभूषण आचार्य पंडित प्रमोद शास्त्री मानस केसरी महाराज ने प्रवचनमाला में कहा कि श्रीमद्भागवत वेद उपनिषद का सार है । भागवत में सभी धर्म स्मप्रदायो का प्रेम एवम सम्मान है । रामावतार की कथा में उन्होंने कहा श्रीरामचंद्र जी साक्षात ब्रह्म आनंदमय है ।वें मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाते है । संसार में कोई कान नहीं नही जिन्हे राम कृष्ण जी की कथा प्रिय न लगे जहां रामचंद्र जी ने वेदों ,धर्म की मर्यादा हेतु , सत्य की रक्षा हेतु राजपाठ त्यागकर माता पिता की आज्ञा का अद्भुत रूप से पालन किया वहीं धर्मरक्षा हेतु चौदह वर्षो तक पदत्राण बिना , वल्कल धारण किया,कठिन तपस्या की वन में रहे । वही श्रीकृष्ण जी ने लीलावतार लेकर गौ सेवा का अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत किया ।शास्त्री ने कृष्ण जी के वात्सलय लीलाओं का वर्णन करके आनंदित किया। श्री राम ,श्री कृष्ण जन्मावतार की कथा सुनकर कथाप्रेमी आनंद मगन होते रहे । 6 अगस्त मंगलवार को धर्म स्मरात स्वामी करपात्री जी महाराज को जयंती है इस अवसर पर मानव कल्याण आश्रम स्वामी करपात्री गौशाला झाल में दस बजे प्रातः से वैदिक विद्वानों द्वारा नर्मदेश्वर महादेव का अभिषेक होगा एवं करपात्री जिनकी खड़ाऊ जो आश्रम में रखी हुई है के पूजन उपरांत मानसगान मानस मंडलियों द्वारा किया जाएगा ।करपात्री जी के संस्मरणों पर चर्चा उपरांत गौ ग्रास अर्पण के बाद प्रसादी वितरण होगा । बिल्व एवम आम ,नीम के पौधों का रोपण भी किया जाएगा । उक्त बातें आचार्य प्रमोद शास्त्री ने कही तथा धर्मप्रेमी जनों को उक्त कार्यक्रम में आमंत्रित किया।अनिल सिंघानिया ने व्यासपीठ का सम्मान किया,श्रवण अग्रवाल ने मधुर भजन गाए, इस अवसर पर महेंद्र विरदी,उत्तर पाठक,सुनिल शर्मा नील,बालमुकुंद साहू, हरिशचंद्रसाहू सनत साहू, आदि भक्त उपस्थित रहें ।

# गोंगल के विद्यार्थियों को जूता मोजा प्रदान किया गया



पायनियर संवाददाता ◄ झलप/सोनासिल्ली
www.dailypioneer.com

शाला विकास समिति गोंगल के सहयोग से शा.प्राथमिक शाला गोंगल के सभी विद्यार्थियों को जूता मोजा उपस्थित सभी सदस्यों के हाथों प्रदान किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच रूपलाल पटेल थे अध्यक्षता शाला विकास समिति अध्यक्ष मन्नूलाल साहू थे । मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा का होना हमारे जीवन मे महत्वपूर्ण है बिना शिक्षा के हमे सफलता प्राप्त नही होती इसलिए हमें कड़ी मेहनत करना है एवं अपने लक्ष्य की प्राप्ति करना है साथ ही जो बच्चे विद्यालय नियमित नही आते उसे भी नियमित विद्यालय आना है । विदित हो कि इसके पूर्व भी प्रति वर्ष शाला विकास समिति द्वारा विद्यालय के बच्चो को टाई बेल्ट बेग कॉपी पेन स्टेशनरी समान दिया जाता है जिससे कि बच्चों को पढ़ाई में किसी प्रकार की समस्या न हो और पढ़ाई अच्छे से कर सके । इस अवसर पर गिरधारी पटेल सागर साहू पोखन पटेल प्रधानपाठक कल्याण सिंह ठाकुर शिक्षक भूषण चन्द्राकर उपसरपंच फूलबाई मिरी सावित्री ध्रुव गिरजा मिरी धनेश्वरी मिरी विमला ध्रुव लीला बाई पटेल फगनी पटेल चंदरमति पटेल तारिणी साहू देवकी निषाद गीता निषाद एवं शाला विकास समिति के सदस्य उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन शिक्षक लुकेश ध्रुव ने किया ।

# विधायक चातुरी नंद ने किया झेरिया यादव समाज सामुदायिक भवन का भूमिपजन

## झेरिया यादव समाज के भवन निर्माण के लिए 5 लाख रूपये देने की घोषणा

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने ग्राम जमदरहा में झेरिया यादव समाज के सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपजन किया। विधायक नंद ने भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर भवन निर्माण का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि झेरिया यादव समाज एक शिक्षित और जागरूक समाज रहा है। समाज का भरपूर समर्थन और प्यार दुलार मुझे विधानसभा चुनाव में भी मिला था जिसके लिए मैं सबका आभारी हूं। विधायक नंद ने यादव समाज के सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख रूपये देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में पुल्झर राज अध्यक्ष जगतराम यादव, कार्यकारी अध्यक्ष बालकराम यादव,केंद्रीय कोषाध्यक्ष खुलू राम यादव उपाध्यक्ष गंगाधर यादव, बसना तहसील अध्यक्ष नरेन्द्र यादव, सरायपाली तहसील अध्यक्ष कैलाश यादव, बसना तहसील उपाध्यक्ष सतीष यादव तहसील सचिव कुंजराम यादव, महिला प्रकोष्ठ केंद्रीय अध्यक्ष संतोषी यादव सरायपाली तहसील अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रिंकी यादव, गजानंद यादव, ओमप्रकाश यादव जमदरहा परिक्षेत्र अध्यक्ष पेनूक यादव सचिव संपत्ति यादव, जोतराम यादव, नेहरू यादव, रविशंकर यादव, अरूण यादव समेत यादव समाज के वरिष्ठ नागरिक और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# हरियाली अमावस्या पर आज मनाया जाएगा श्री शनि महोत्सव

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



प्राचीन श्री शनि देव मंदिर गांधी चौक नेवरा में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान श्री शनि महाराज जी का महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा । न्याय के शनि देव महाराज सभी ग्रहों में श्रेष्ठ माने जाते हैं यह हमें अशुभ कार्य करने से बचते हैं शनि दशा आने पर व्यक्ति को समस्याओं का सामना करना पड़ता है शनि महाराज को प्रसन्न करने के लिए सर्वश्रेष्ठ तिथि अमावस्या मानी गई है अमावस्या तिथि में शनि महाराज की पूजा अर्चना करना लाभकारी सिद्ध होती है तथा शनि महाराज के सभी प्रकार से दशाओं से मुक्ति मिलती है आने वाली 4 अगस्त दिन रविवार को हरियाली अमावस्या के दिन शनि पूजन का महा योग है इस तिथि में भगवान की पूजा अर्चना करना बड़ा ही लाभकारी होता है इस लिए इस दिन को शनि महोत्सव के रूप मे मनाया जाता है । भगवान शनि महाराज की पूजा आराधना भजन जाप कीर्तन इत्यादि करने से कई गुना फ्ल प्राप्त होता है साथ ही अमावस्या में किए गए सभी प्रकार के दान व शनि पूजा का महत्व कई गुना लाभकारी सिद्ध होता है । इस दिन भगवान शनि महाराज को तेल अभिषेक करना फूल-फल बेल पत्र काली तीली , उड़द, दीप जलाकर भगवान की पूजा करनी चाहिए सभी प्रकार की बधाओ के लिए छायादान करना चाहिए।

**शनि की प्रिय वस्तु**

काला कपड़ा, कालीं तिल्ली, कालीं उदड़, गुड, चना, काला रेशम, नीला फूल, आदि ।

**विशेष कार्यक्रम**

महा अभिषेक ब्रह्म मुहूर्त में , श्री शनि प्रसन्न महायज्ञ सुबह 10:00 बजे , द्वितीय आरती दोपहर 12:00 बजे , संध्या समय भजन कीर्तन, संध्या 5:00 बजे से भंडारा प्रसादी वितरण वह रात्रि 11:55 में श्री शनि महोत्सव महा आरती आरंभ होगी।

# समाजसेवी वंदना प्रदीप शर्मा ने सार्थक के विशेष छात्राओं को सैनेटरी पैड वितरित किया



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी की समाजसेवी वंदना प्रदीप शर्मा ने मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र सार्थक स्कूल की विशेष छात्राओं को उनके माता पिता की उपस्थिति में सेनेटरी पैड के पैकेट्स प्रदान किए और माता पिता को आग्रह किया कि वे मासिक धर्म के समय होने वाली समस्याओं और तकलीफों के लिए अपनी युवा बेटियों का विशेष ध्यान रखें और उन्हें सही जानकारी देकर सेनेटरी पैड पहनने की आदत डलवाएं। इसके अलावा उन्होंने स्कूल में रखने के लिए सेनेटरी पैड्स के अतिरिक्त पैकेट्स भी उपलब्ध करवाए और कहा यथासंभव वो आगे भी बच्चियों के लिए स्वच्छता पैड देने का प्रयास करेंगी। सार्थक की अध्यक्ष डॉ सरिता दोशी ने कहा कि वंदना शर्मा का यह सहयोग बहुत संवेदनशील और महत्वपूर्ण है। मानसिक दिव्यांग छात्राएं पीरियड्स के दिनों में स्कूल आती है तब उनके स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखना होता है और बाजार से सेनेटरी पैड्स लाकर स्कूल में भी रखना पड़ता है ताकि आकस्मिक आवश्यकता पड़ने पर उनका उपयोग किया जा सके। संस्था की सचिव स्नेहा राठौड़ ने वंदना शर्मा के द्वारा किए गए सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स के सचिव अभय थिटे, सार्थक की सहसचिव वंदना मिराणी, प्रशिक्षिका मैथिली गोड़े , स्वीटी सोनी, देविका दीवान ,सुनैना गोड़े एवं छात्राओं के पालक गण रोशनी सोनी, रूपा पटेल, सीमा मसीह ,रोहित कुमार, ओमेश्वरी साहू, शकुंतला साहू, हरीशनारायण सिन्हा, डेरहाराम साहू उपस्थित थे।

# 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव कोमाखान मे मनाने का निर्णय



पायनियर संवाददाता ◄ नर्रा
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय गोड़ समाज 18 गढ़ सुवरमाल राज्य का समीक्षा बैठक रखा गया ,जिसमें सुवरमाल राज्य के पदाधिकारी गण मौजूद रहे विश्व आदिवासी दिवस पर्व मनाने के विषय में बैठक रखा गया , जिसमें प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस कोमाखान के मंडी प्रांगण में मनाये जाने का निर्णय लिया गया, बैठक में सुवरमाल राज अध्यक्ष देवसिग ठाकुर, चारों सर्कल अध्यक्ष ओंकार सिंह ठाकुर सुरेंद्र मांझी, मोहर सिंह ठाकुर, अरुण ठाकुर, महामंत्री कोमल सोम,राजु राम ठाकुर, रोहित ठाकुर यशवंत ठाकुर, अरविन्द ठाकुर, श्याम चंद ठाकुर , ब्रह्मा ठाकुर, टिकेश्वर ठाकुर, नारायण ठाकुर , दौलत ठाकुर, दीपक ठाकुर,गैंद सिंह ठाकुर, कन्हैयालाल, ठाकुर मनोज ठाकुर भोला ठाकुर , एवं बडी संख्या मे समाज के लोग मौजूद रहे । प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर मिडिया प्रभारी तूफान दीवान ने जानकारी दी है।

# कुर्मी क्षत्रिय समाज की महिलाओं ने मनाया हरेली महाउत्सव त्योहार

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की नगर इकाई महिलाओं ने वार्ड क्रमांक 4 स्थित डॉक्टर खूबचंद बघेल वाचनालय कुर्मी भवन में बड़े धूमधाम व हर्ष उल्लास के साथ हरेली महाउत्सव त्योहार मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुर्मी महिला नगर अध्यक्षयोगिता वर्मा थी। उन्होंने अपने उद्बोधन में हरेली महाउत्सव को समाज के लिए गौरव बताया और कहा की ऐसे आयोजनों में महिलाओं की भूमिका अहम होती है। हरियाली प्रकृति एवं समाज के साथ महिलाओं के लिए श्रृंगार के समान होती है। इस हरेली महाउत्सव में अनेक प्रकार के खेल जैसे खो-खो फुगड़ी, अंताक्षरी, रिकॉर्डिंग डांस किये गए। कार्यक्रम के अंत मे विजेता महिलाओं को पुरस्कार भी बांटे गए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वीणा बंछोर भुवनेश्वरी बघेल निर्मला वर्मा पुष्पा वर्मा नंदनी वर्मा उर्वशी वर्मा कमल वर्मा ललिता वर्मा सरिता बंछोर, सुनीता बंछोर मुनमुन वर्मा सती वर्मा राधा वर्मा गंगा वर्मा गोमत वर्मा गोंदा वर्मा सहित अनेक महिलाएं व बच्चें उपस्थित थे।

# गुम हुए 2 नाबालिक बालिकाओं को सकुशल बरामद कर किया गया उनके परिजनों के सुपुर्द

**बलौदाबाजार।** 29 जुलाई को तथा 1 अगस्त को आवेदकों द्वारा थाना पलारी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया, कि इनकी नाबालिक बेटियां घर में किसी को बिना बताए कहीं चली गई है। आसपास परिजनों एवं रिश्तेदारों के यहां पता तलाश करने पर भी बालिकाओं का पता नहीं चल पा रहा है। कि रिपोर्ट पर थाना पलारी में क्रमशः गुम इंसान क्र 23/2024 एवं 24/2024 तथा नाबालिक बालिकाओं के गुमने की रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्र. 343/2024 तथा 344/2024 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर जांच पताशाजी में लिया गया। रिपोर्ट दर्ज होते ही थाना पलारी से सहायक उप निरीक्षक संजीव सिंह एवं पुलिस टीम द्वारा साइबर सेल की टेक्निकल टीम की मदद से त्वरित कार्यवाही करते हुए 1अगस्त को एक बालिका को बलौदाबाजार नगर से तथा दूसरी बालिका को ग्राम अमेरा में खोजबीन कर सकुशल बरामद किया गया है। बालिकाओं से पूछताछ पर उनके द्वारा अपने घरवालों को बिना जानकारी दिए अपनी सहेलियों के साथ घूमने चले जाना बताया गया। तत्पश्चात संपूर्ण प्रक्रिया संपादित कर दोनों बालिकाओं को उनके परिजनों को सुपूर्द किया गया है।

# गीत संगीत साहित्य के साथ मुंशी प्रेमचंद व मोहम्मद रफी की जयंती का किया गया भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी के तत्वावधान में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी प्रेस क्लब भवन में समस्त पत्रकार साथियों द्वारा अत्यंत उत्साहपूर्वक मुंशी प्रेमचंद जयंती व याद-ए रफी कार्यक्रम का सफल आयोजन संपन्न किया गया । कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुंशी प्रेमचंद जयंती समारोह आयोजित की गई । जिसमें मुंशी प्रेमचंद रचित पंच परमेश्वर कहानी का पाठ रविंद्र कुमार थापा ने किया । जिस पर समीक्षा करते हुए अजय यादव ने अपने विचार रखे । आये हुए अतिथियों ने साहित्य सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जीवनी व उनके द्वारा लिखें अनेकों साहित्यों व उपन्यासों का वाचन व परिचर्चा करते हुए कहा कि मुंशी प्रेमचंद की कालजई रचनाओं के सम्बन्ध में कुछ भी कहना सूरज को दीप दिखाने के सदृश होगा । मो. रफी साहब की स्मृति में याद-ए- रफी कार्यक्रम में उनके गानों से समा बांधा गया । कार्यक्रम में शामिल हुए एक से बढ़कर गायकी के धुरंधरो ने रफी के गानों से दर्शकों का मन मोह लिया । गौरतलब है कि कार्यक्रम की शुरुआत




मुंशी प्रेमचंद व रफी साहब के तैल चित्र पर माल्या अर्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित कर की गई । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बिलासपुर से दीपक राई रायपुर से वीरेंद्र राई भिलाई राजेन्द्र राणा जुड़े, वहीं कुम्हारी पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू निषाद भी उपस्थित रहे । इस कार्यक्रम में अमर गायक मोहम्मद रफी की स्मृति में तुम मुझे यूं भुला न पाओगे थीम पर मनोज शर्मिला, विकास चौधरी, विक्रम शाह ठाकुर, जितेंद्र कुशवाहा, डॉ अविनाश गुप्ता, अवधेश शुक्ला, रामकुमार सोनी, आलोक दुबे, संतोष सोनी, राजेश निषाद, ने रफी साहब के गीतों का मंचीय प्रदर्शन से देर रात्रि तक चले कार्यक्रम ने सभी को बॉधे रखा। अतिथियों का स्वागत अभिनंदन प्रेस क्लब अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर एवं पत्रकार साथियों ने पुष्प गुच्छ के माध्यम से किया। आयोजन में सभी पत्रकार साथियों, गणमान्य नागरिकों ने भी रफी के गीतों को गाकर उन्हें स्मरण किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन पत्रकार साथी खिलेश साहू ने किया। प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी अध्यक्ष द्वारा अपनी गरिमामयी परंपरा को जीवंत बनाए रखने का प्रण करते हुए तथा समस्त उपस्थित जनों को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया गया और समापन की घोषणा की गई ।

# 10 में से 6 लोग जोड़ों के पुराने दर्द के लिए नहीं लेते डॉक्टर की सलाह: स्टडी

Pristyn Care

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

हेल्थकेयर से जुड़ी सेवाएं प्रदान करने वाले प्रिस्टीन केयर ने हाल ही में एक स्टडी की है। इस स्टडी से पता चला है कि भारत के लोगों के बीच हड्डियों और जोड़ों की सेहत से जुड़ी जागरूकता बहुत कम है। भारत में हर साल राष्ट्रीय हड्डी एवं जोड़ दिवस मनाया जाता है, इसका उद्देश्य सेहतमंद हड्डियों और जोड़ों के महत्व को लेकर लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। रिसर्च में सामने आया है कि जोड़ों के पुराने दर्द से पीड़ित 60 प्रतिशत लोग पेशेवर चिकित्सक की सलाह लेने से परहेज करते हैं। अध्ययन में यह भी पता चला है कि सर्वे में शामिल 10 में से केवल 5 लोगों को हड्डी एवं जोड़ों की सेहत से जुड़ी समस्याओं के बारे में पता है। इस अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं कि भारत में हड्डी एवं जोड़ों की सेहत से जुड़ी जागरूकता और इलाज के बीच बड़ा अंतर है। अध्ययन में शामिल एक तिहाई से ज़्यादा लोगों ने बताया कि उनके परिवार में हड्डियों और जोड़ों से जुड़ी समस्याओं का पुराना इतिहास रहा है। इससे इन बीमारियों की आनुवंशिक प्रवृत्ति का भी पता चलता है। यहां चौंकाने वाली बात यह है कि अध्ययन में शामिल 67 प्रतिशत लोगों को बोन डेंसिटी टेस्ट के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। जबकि ऑस्टियोपोरोसिस जैसी हड्डी की बीमारियों का शुरुआती दौर में ही पता लगाने वाला यह एक बेहद जरूरी टेस्ट होता है।

# डायरिया से दो मौतें... पांच दिन पहले हेल्थ कैंप लगा तो सामने नहीं आए मरीज, मौत की खबर के बाद हड़कंप मचा

## खपरीखुर्द में संक्रमण फैलने की वजह जल स्त्रोतों के पास फैली गंदगी, अभी हालात काबू में, 15 मरीज मिले, गांव में हेल्थ कैंप लगाया, घर-घर सर्वे भी, अधिकारियों ने लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

ग्राम खपरीखुर्द में डायरिया से 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। इससे पहले केसीजी जिले के भी एक युवक की शुक्रवार को मौत की जानकारी सामने आई है। खपरीखुर्द में डायरिया के लगभग 15 मामले ट्रेस किए गए हैं। इनमें से कुछ मरीजों को पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है जिनमें एक छोटी बच्ची भी शामिल है। जबकि आंशिक लक्षण वाले मरीजों को गांव में ही हेल्थ कैंप लगाकर दवाईयां दी जा रही हैं।

पांच दिनों पहले ही 29 जुलाई को खपरीखुर्द में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया था। इस दौरान भी गांव में संक्रमित मरीज जांच के लिए और अपनी स्वास्थ्यगत समस्याओं को लेकर सामने नहीं आए। ये लापरवाही गांव में संक्रमण को फैलने देने के लिए भी जिम्मेदार है। एक युवक की मौत के बाद गांव में डायरिया को लेकर ग्रामीणों में हड़कंप मचा जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी मिली। इससे पहले गांव के स्वास्थ्य कार्यकर्ता और मितानिन ने भी विभाग को डायरिया के मामलों को लेकर कोई जानकारी नहीं दी थी।

डायरिया फैलने की सूचना मिलने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने संक्रमण जांचने गांव में सर्वे शुरु किया है। पीएचई के अधिकारी भी जल स्त्रोत की जांच कर रहे हैं। आशंका है कि बारिश के पानी से गंदगी जल स्त्रोतों तक पहुंच गई है जिसके चलते यह हालात बने हैं। जिला प्रशासन ने भी संक्रमण के हालात को गंभीरता से लिया है। एसडीएम अतुल विश्वकर्मा गांवा के हालात का जायजा लेने सुबह खपरी खुर्द पहुंचे थे। यहां उन्होंने सरपंच सहित पंचायत प्रतिनिधियों, मितानिन और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर जाकर सर्वे किया गया तथा डायरिया से पीड़ित मरीजों को दवाई वितरण कर स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। विभागीय टीम द्वारा सूचना तंत्र को मजबूत करते हुए निगरानी की जा रही है। ग्राम में डायरिया की सूचना मिलते ही जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. तुलावी एवं स्वास्थ्य विभागीय टीम ने तुरंत ग्राम पहुंचकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना एवं सर्वे टीम को आवश्यक निर्देश दिये। खपरीखुर्द की सरपंच तारिणी वर्मा ने बताया कि, गांव के धर्मेंद्र निषाद (25) की शनिवार को राजनांदगांव के एक निजी अस्पताल में मौत हुई है। वह कुछ दिनों से डायरिया से पीड़ित था। उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि, गांव में हालात अभी संभले हुए हैं। तकरीबन 12-15 मरीज ही हैं जिनकी स्थिति बेहतर है। सरपंच ने बताया कि, गांव में मुनादी कर उबाल कर पानी के इस्तेमाल की अपील की गई है।

खपरीखुर्द में जल स्त्रोतों के गंदे होने के पीछे गांव में चरमराई सफाई व्यवस्था बताई जा रही है। गांव में नल और सार्वजनिक बोरिंगों के आसपास काफी गंदगी है। ग्रामीणों ने भी इसे लेकर नाराजगी जताई है। दूसरी ओर जिले भर में डायरिया के मामलों को लेकर भी सफाई का मुद्दा ही सामने आ रहा है। स्वच्छ भारत अभियान और कई अभियान के बाद भी ग्रामीण क्षेत्र में गंदगी साफ नहीं हो पा रही है। बारिश में यह अव्यवस्था और भी ज्यादा परेशानी का कारण बन रही है।





### क्लोरिनेशन का काम जारी



अधिकारियों ने पानी के सैंपल भी लिए हैं। पीएचई की टीम ने गांव भर में जल स्त्रोतों का निरीक्षण करते हुए क्लोरिनेशन का कार्य किया है। जल स्त्रोतों में दवाईयां डालकर संक्रमण को नियंत्रित करने की कोशिश की जा रही है। खपरीखुर्द पहुंची टीम ने बताया कि, गांव में साफ-सफाई की व्यवस्था उचित नहीं है। इसके चलते भी बारिश के पानी के साथ गंदगी जल स्त्रोतों तक पहुंच जाती है। सार्वजनिक बोरिंग, निजी बोर, कुंए का पानी भी इससे सीधे उपयोग के लायक नहीं रह जाता है।

### एसडीएम ने लिया हालात का जायजा



खपरीखुर्द में डायरिया के संक्रमण का जायजा लेकर लौटे एसडीएम विश्वकर्मा ने बताया कि, गांव में हालात नियंत्रण में हैं। शुरुआती जांच में 7 मरीज मिले हैं। जबकि 5 मरीज ठीक हो चुके हैं। यहां हेल्थ कैंप भी लगाया गया है। घर-घर सर्वे हो रहे हैं। पीएचई ने पानी का सैंपल भी लिया है। गांव वालों से अपील की गई है कि वे इसे गंभीरता से लें और बताए गए जरुरी उपाय का इस्तेमाल करें। उन्होंने गांव में लोगों को समझाईश देते हुए कहा कि, अगर किसी भी व्यक्ति में डायरिया के लक्षण दिखते हैं तो सबसे जरुरी हैं कि वे तत्काल स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को इसकी जानकारी दें।

### रैपिड टीम अलर्ट, तुरंत उपचार के लिए तैयार

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने सभी रैपिड टीम को 24 घंटे अलर्ट रहने एवं विभागीय टीम को सूचना मिलते ही त्वरित उपचार उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए है। आम जनता को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने एवं शुद्ध पेयजल लेने की अपील की गई है। मौसमी बीमारी अथवा उल्टी-दस्त के प्रकरण आने पर तत्काल इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दे। सभी मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा निरंतर ग्राम भ्रमण तथा आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

### केसीजी के भी एक युवक की मौत

खपरीखुर्द में डायरिया से एक युवक की मौत के मामले के बीच केसीजी जिले के जालबांधा के करीब ग्राम मोहंदी में भी डायरिया से शुक्रवार को एक युवक की मौत की जानकारी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि दोनों ही मरीजों का एक साथ निजी अस्पताल में ईलाज जारी था। बारिश के इन दिनों में पूरे जिले में हालात ऐसे ही बने हुए हैं। ग्रामीण इलाकों में गंदे पानी से संक्रमण का खतरा बना हुआ है। लगातार अलग-अलग हिस्सों से डायरिया के मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं।

### निजी अस्पतालों में दाखिल हो रहे

डायरिया के बढ़ते मामलों को लेकर पूरी जानकारी इसलिए भी सामने नहीं आ पा रही है कि मरीज निजी अस्पतालों का रुख कर रहे हैं। अधिकतर संक्रमित जिला मुख्यालय के अलग-अलग निजी अस्पतालों में अपना इलाज करवा रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा के चलते ऐसा हो रहा है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. पवन जेठानी ने बताया कि यहां डायरिया के बहुत ज्यादा मरीज नहीं है। कुल आंकडा बता पाना तो मुश्किल है लेकिन हमने भी हालात पर नज़र बनाए रखी है। आपातकालीन उपचार के लिए भी हमारी तैयारियां हमेशा ही रहती है। मरीजों को घबराने की जरुरत नहीं है। वे थोड़ी एहतियात बरतकर भी इससे संक्रमण से बच सकते हैं।

## संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ‹ छुरिया
www.dailypioneer.com



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी में शिक्षा सप्ताह के तहत मां कर्मा भवन में स्कूली बच्चों का संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि सरपंच डोमेन कुमार पटेल रहे। अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुशील कुमार कंवर ने किया। विशेष अतिथि ग्रामपटेल राजकुमार पटेल, विधायक प्रतिनिधि पुष्पा सिन्हा, पाक्सो निगरानी समिति के अध्यक्ष भवन सिंह ठाकुर, पालक संघ के अध्यक्ष दिलहरण पटेल, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के उपाध्यक्ष बाबूलाल पटेल एवं गणमान्य नागरिक बलिहार पटेल रहे।इस अवसर पर सरपंच पटेल ने कहा कि शाला के शिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित यह सांस्कृतिक कार्यक्रम बहुत ही शानदार है। छत्तीसगढ़ी लोक कला- संस्कृति हमारी प्राचीन एवं गौरवशाली धरोहर है जिसे मूल रूप में संरक्षित करने के लिए संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रम निरंतर होते रहना चाहिए। संगीतकार के रूप स्थानीय लोककलाकार टोमन ठाकुर ने हारमोनियम एवं बेंजो तथा देवसर कोर्राम ने तबला वादन में सहभागिता निभाया। प्राथमिक शाला कल्लूबंजारी के बच्चों ने प्रेरणादायी गीत एवं कविता प्रस्तुत किया।स्वागत भाषण माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक यु.एस. मंडावी एवं आभार प्रदर्शन प्राथमिक शाला के प्रभारी प्रधानपाठक गीता कन्नौजे ने किया।इस अवसर पर संकुल समन्वयक मूलचंद मंडावी,शिक्षकगण तिलक राम बढ़ई,शोभराय कार्ते, चुम्मन लाल भुआर्य, मोहन लाल चन्द्रवंशी सफाई कर्मचारी जितेन्द्र पटेल एवं गजेन्द्र ठाकुर आदि सहित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के बच्चे उपस्थित थे।

### स्टेडियम में होने वाला क्रिकेट ट्रायल स्थगित

**राजनांदगांव।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा आयोजित अंडर 14 क्रिकेट का ट्रायल जो स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में होने वाला था वह बारिश में पानी के भराव के कारण स्थगित किया गया है । छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर 14 में हिस्सा लेने वाली जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनंदगांव की टीम के गठन हेतु अब यह ट्रायल आगामी दिनों में किया जावेगा जिसकी सूचना बहुत ही जल्द घोषित की जावेगी। अन्य आयु वर्गों के चयन की प्रक्रिया अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ही होगी। यह

## स्कूल के बच्चों को मां की पुण्यतिथि पर बीईओ ने कराया न्योता भोजन

पायनियर संवाददाता ‹ मोहला
www.dailypioneer.com



सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत न्योता भोजन अवधारणा प्रारंभ किया गया है। इसके तहत विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहला राजेंद्र कुमार देवांगन ने परिवार सहित अपने माता स्व. सुमित्रा बाई देवांगन की स्मृति में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पाऊरखेड़ा विकासखंड मोहला के बच्चों को न्योता भोजन कराया। इस न्योता भोजन में जिला परियोजना निदेशक श्री हेमंत ठाकुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया, शाला विकास समिति के अध्यक्ष मोचीराम चुरेंद्र, प्रधान पाठक जितेंद्र ठाकरे समेत स्टाफ कर्मचारी तथा ब्लॉक संकुल समन्वयक व नागरिक उपस्थित थे। न्योता बच्चों को खीर, पूरी, चावल, दाल, सब्जी, पापड़, सलाद परोसा गया तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी व उनके धर्म पत्नी ने बच्चों को कॉपी, पेन भी वितरित किया। न्योता भोजन उपरांत सभी स्कूली छा-छात्राओं व शिक्षको ने देवांगन दंपति को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने न्योता भोजन के अवधारणा को स्कूल के लिए लाभदायक बताया तथा समुदाय को इस दिशा में आगे आने की अपील की। जिला परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर ने समुदाय को सामाजिक दायित्व के रूप में स्वच्छता व ग्राम विकास पर भी जागरूक रहने की सलाह दी। साथ ही परियोजना नोडल एवं जिला शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को और पलकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता का संदेश दिए। साथ ही बच्चों को हाथ धोने के सही तरीके बताए।

## शहर को मिली सौगातों से जनता खुश विस अध्यक्ष का आभार जताया

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ शहर में आए दिन दुर्घटना होती जा रही थी। इसका कारण लगातार बड़ी गाड़ियों का शहर के बीचों बीच सरपट दौड़ना रहा है। शहरवासी व जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कई सालों से मांग की जा रही थी कि बायपास का निर्माण हो ताकि इस समस्या से छुटकारा मिले। प्रदेश में विष्णुदेव जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद शहर की बायपास मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा इस विषय को उठाया गया। अंततः पिछले दिनों छत्तीसगढ़ सरकार के बजट प्रावधान में डोंगरगढ़ शहर को दो बड़ी सौगातें प्राप्त हुई। इसमें बड़ी गाड़ियों की आवाजाही के लिए शहर सीमा से बाहर की ओर से बायपास निर्माण जो स्वीकृत हुआ और दूसरा परिक्रमा पथ निर्माण। प्रतिनिधि मंडल शहर की मांगों के लिए विस अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह से मिलता रहा। इन सौगातों पर डोंगरगढ़ शहर भाजपा अध्यक्ष अमित जैन, विवेक मोनू भंडारी, अमित बोस ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। साथ ही साथ प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह का भी विशेष तौर पर आभार व्यक्त कर कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से डोंगरगढ़ को राज्य सरकार की यह बड़ी उपलब्धि प्राप्त हो पाई है।

## आरोप : यात्री ट्रेनों को रद्द कर 50 गुना अधिक क्षमता की मालगाड़ियों का परिचालन जारी

## 72 ट्रेनें रद्द : सवारियों की आवाजाही के लिए कोई साधन नहीं, कांग्रेस ने हल्ला बोला

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



रेलवे मेंटेनेस और तीसरी लाइन की इंटर लॉकिंग के लिए छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 72 से अधिक यात्री ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। इससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कांग्रेस का आरोप है कि, इन्हीं रेलवे ट्रेकों पर 50 गुना से अधिक क्षमता की मालवाहक ट्रेनों को चलाया जा रहा है। इस मामले को लेकर कांग्रेस ने शनिवार को स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा है।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि केन्द्र की पिछले चार सालों से यात्री ट्रेनों का परिचालन अचानक रद्द करने का सिलसिला चला रहा है। वर्तमान में भी 72 से अधिक ट्रेनों को राजनांदगांव से कलमना रेलखंड के बीच तीसरी लाईन जोड़ने के नाम पर रद्द कर दिया गया है। इसे लेकर केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के नाम स्थानीय स्टेशन मास्टर बर्मन को ज्ञापन सौंपकर ट्रेनों का परिचालन सुचारू रूप से किए जाने की मांग की गई है। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि प्रमुख त्यौहार रक्षाबंधन, हरेली सामने है। इस समय इतनी बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों का रद्द किया जाना रेल यात्रियों के उपर अत्याचार है। रेलवे को यदि मेंटेनेंस करना था तो इसके लिये काम की समय सारिणी का ऐसा प्रबंध किया जाना चाहिये जिससे यात्री सुविधायें बाधित न हो। किशन खंडेलवाल ने कहा कि रेलवे द्वारा जिस प्रकार से यात्री ट्रेनों के संचालन में लगातार कोताही बरती जा रही है उससे स्पष्ट हो रहा है कि रेलवे यात्री सुविधाओं की अपेक्षा मालवाहक गाड़ियों को ज्यादा प्राथमिकता दे रही है। इस दौरान प्रमुख रूप से रमेश डाकलिया, मेहुल मारू, शारदा तिवारी, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, युवक कांग्रेस अध्यक्ष गुरभेज माखिजा, मनीष गौतम, जितेन्द्र शर्मा, नारायण सोनी, मामराज अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## शिविर में अब तक 144 आवेदन, निराकरण जारी



पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देशानुसार निकाय क्षेत्र में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाडा आयोजित है। नगरीय क्षेत्र के विभित्र वाडों में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में 3 अगस्त को जनसमस्या निवारण पखवाडा अंतर्गत शिविर लगाई गई। अब तक 144 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिसमें अनेक आवेदनों का निराकरण किया जा रहा हैं। उल्लेखनीय है कि स्थानीय नगरीय निकायों द्वारा अपने क्षेत्र के नागरिकों को मूलभुत नागरिक सुविधाएं यथा डोर टू डोर कचरा संग्रहण , नल जल आपूर्ति, राशन कार्ड, सामाजिक सहायता कल्यालणार्थ योजना, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञा, नालियों एवं गलियों की साफ सफाई, सड़कों की गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाइट मरम्मत एवं अन्या मूलभूत समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य शिविर आयोजित किये जा रहे हैं।

जानकारी में बताया कि आगामी शिविर दिनांक 5 अगस्त को वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 के लिए राजीव नगर सांस्कृतिक भवन में आयोजित है। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ ही नगरीय निकाय के समस्त शाखा प्रभारी एवं अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगें।

# जिला अस्पताल में मरीजों को खाना खिलाने का टेंडर राजनीतिक खिचड़ी बनकर रह गया, 2 बार दिए आदेश 2 बार किया निरस्त

## प्रशासन ने कहा, जबतक मामला सुलझ नहीं जाता आपूर्ति वही करेगा जो पहले करता था




पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला अस्पताल जशपुर में भर्ती मरीजों व प्रसूताओं को आहार ,भोजन व नाश्ता प्रदाय करने के लिए दैनिक समाचार पत्रों में खुली निविदा आमंत्रित की गई गई थी । आमंत्रित निविदा को गठित समित के समक्ष 16 जुलाई को खोला गया था। गठित समिति के सर्वसम्मति के निणर्यानुसार अधिश्री स्व सहायता समूह जशपुर को 25 जुलाई को 01 अगस्त 2024 से कार्यप्रारंभ के लिए कार्याआदेश जारी किया गया था। निविदा में तकनीकी त्रुटि होने के कारण उसे दृष्टिगत रखते हुए निविदा की शर्त 33 का प्रयोग करते हुए समिति के द्वारा निविदा निस्स्त 31 जुलाई को निरस्त किया गया है। निविदा की नियमानुसार जब तक नवीन निविदा की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो जाती है, तब तक जिस फर्म व भोजन ठेकेदार के भोजन व नाश्ता की आपूर्ति किया जा रहा था, वही जारी रखेगा। वर्तमान में पुनः नवीन भोजन निविदा पूर्ण किए जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

### 1 अगस्त को समूह ने बांटे भोजन

विवादित टेंडर होने के बाद भी स्वास्थ विभाग की ओर से 31 जुलाई को मिले नवीन आदेश पत्र के अनुसार महिला स्व सहायता समूह ने 1 अगस्त को प्रसूताओं को पौष्टिक भोजन का वितरण किया जिसकी विडियोग्राफी कर उन्होंने मीडिया तक भेजा था।



# डबल इंजन की सरकार से जशपुर जिले को मिली बड़ी सौगात

## सीएम साय की पहल से रांची हाई-स्पीड फोरलेन से जुड़ेगा जशपुर





पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा रायपुर से रांची नेशनल हाईस्पीड कॉरीडोर प्रोजेक्ट अंतर्गत पत्थलगांव, जशपुर से गुमला (झारखंड) तक के लिए हाई-स्पीड फोरलेन रोड की स्वीकृति दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण सड़क परियोजना दोनों राज्यों छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

### प्रदेशवासियों को बधाई

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों के साथ जशपुर निवासियों को इस हाई-स्पीड फोरलेन रोड परियोजना की स्वीकृति की विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा कि पत्थलगांव से गुमला तक फोरलेन सड़क के निर्माण से रायपुर और रांची के मध्य यात्रा सुगम होने के साथ-साथ यात्रा में समय की भी बचत होगी। सड़क परियोजना पूर्ण होने से दोनो राज्यों में विकास कार्यों की गति में भी तेजी आएगी।

### 50 हजार 655 करोड़ का बजट

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय कैबिनेट में 50 हजार 655 करोड़ रूपए लागत और लगभग 936 किलोमीटर लंबाई की आठ राष्ट्रीय हाई-स्पीड रोड परियोजनाओं की स्वीकृति दिए जाने की जानकारी ट्वीटर पर साझा की है। उन्होंने कहा है कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से आर्थिक उन्नति के साथ-साथ देश में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

# खराब सड़क को लेकर स्कूली बच्चों का विरोध प्रदर्शन बारिश में रोड पर खड़े होकर की नारेबाजी, सुधार की करने लगे मांग



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर से करीब 20 किमी की दूरी पर स्थित गेरवानी गांव में आज स्कूल के छात्र-छात्राओं ने चक्काजाम कर दिया। सड़क पर उतरकर वे जमकर नारेबाजी करने लगे। काफी देर तक यहां स्कूली बच्चों ने अपना विरोध प्रदर्शन किया। बाद में पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और सड़क सुधार का आश्वसन दिया। तब कहीं जाकर चक्काजाम समाप्त हो सका। बताया जा रहा है कि बदहाल सड़क से परेशान होकर स्कूली बच्चे रोड पर आ गए सड़क सुधार की मांग करने लगे। सराईपाली जाने वाली सड़क गेरवानी चैक से लगभग दो सौ मीटर की दूरी तक काफी बदहाल हालत में है। इसके कारण हर किसी को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क सुधार की मांग पहले भी उठी, पर इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। ऐसे में शनिवार को स्कूली बच्चों ने सड़क पर उतरकर अपना विरोध जताया। बताया जा रहा है कि बारिश हो रही थी, लेकिन इसके बाद भी छात्र-छात्राएं पीछे नहीं रहे और सड़क की मांग को लेकर कोई छाता लेकर तो कोई भीगते हुए इसका विरोध कर रहा था।

**वाहनों की लगी कतार**-बताया जा रहा है कि जब स्कूली छात्र-छात्राएं विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। तब इस रोड पर चलने वाली भारी वाहनों की लंबी कतार लग गई। ग्रामीणों का कहना है कि भारी वाहनों के कारण ही क्षेत्र की सड़क पूरी तरह से बदहाल हो रही है और इसका खामियाजा क्षेत्रवासियों को चुकाना पड़ रहा है।


**लंबे समय से बदहाल है रोड**-ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से यह रोड बदहाल हालत में है और इसके लिए कई बार विरोध प्रदर्शन किया जा चुका है। हर बार सिर्फ आश्वसन ही मिलता है। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल बच्चे जब जाते हैं तो इस रोड में बड़े बड़े गड्ढो में भरे पानी के कारण उनके कपड़े भी खराब हो जाते हैं।

**शुरू होगा रोड का काम**-पूंजीपथरा थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने बताया कि छात्र-छात्राएं सड़क को लेकर विरोध कर रहे थे। पुलिस व प्रशासनिक टीम द्वारा उन्हें समझाईश दिया गया। सोमवार से सड़क को लेकर उद्योग व संबंधित विभाग काम किए जाने का आश्वसन दिया गया है। जिसके बाद वहां व्यवस्था बहाल हुई।

# रायपुर के हॉस्पिटल से हारकर लौटा बीरू, डॉ. आपट के ईलाज से जशपुर अस्पताल में जीता मुख कैंसर से जंग

## चिकित्सक डॉ आपट का प्रयास और मरीज के विश्वास से नया जीवन मिला

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



सामान्यतः यह कहा जाता है कि डॉक्टर ईश्वर का दुसरा रूप होते हैं। इस बात को चरितार्थ किया जशपुर जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ एल के आपट ने। आज से चार वर्ष पूर्व देश में लाकडाउन का 78 वां दिन चल रहा था। लाखों लोग कोविड से प्रभावित थे और प्रतिदिन हजारों लोग कोविड से काल कलवित हो रहे थें। उसी दौरान बीरू राम, बाधरकोना तपकरा जशपुर निवासी एक मरीज ओ पी डी में आया जो पूर्व में अपने मुंह के कैंसर के ईलाज के लिए रायपुर मेडिकल कॉलेज गया था। जहां उसे ऑपरेशन की सलाह दी गई थी। निर्धारित तिथि को आपरेशन थियेटर के पास ले जाया गया। विभिन्न कारणों से चिकित्सको ने आपरेशन ना कर उसे जशपुर भेज दिया। उसी समय कोरोना के कारण आवागमन के साधन बाधित होने के कारण वह बाध्य होकर मुंह के कैंसर के विभीषिकता को सोचकर निराशाजनक स्थिति में जिला चिकित्सालय, जशपुर पहुंचा।

आत्मविश्वास ने जिताया कैंसर से सहयोगी परिचारिका अनिमा एक्का और बसंती लकड़ा के सेवा और मेहनत रंग लाई। मरीज ठीक होकर गांव चला गया पर उसे रेडियोथेरेपी देना था। पर ना तो वह यहां जिला चिकित्सालय में वह कैंसर विशेषज्ञ में मिलकर अपनी बीमारी के बारे में बताया और दिखाया। डॉ. आपट ने परीक्षण कर मरीज को कोविड के भयावह स्थिति के बाद भी मरीज को ठीक होने का भरोसा देते हुए चार किमोथेरोपी दिया। डॉ आपट का प्रयास और चिकित्सालय जशपुर आया और ना वह मेडिकल कालेज रायपुर गया। डॉ आपट ने बताया कि शुक्रवार को एका-एक चार वर्ष बाद फिर से जिला अस्पताल सर्दी और बुखार का ईलाज कराने आया। मिला और आश्चर्यजनक रूप से भावुक हो गया। डॉक्टर आपट ने कहा, कैंसर के खिलाफ जंग को वीरू राम ने लड़ा तथा उसने जो हिम्मत और दृढ़ता दिखाई, वह काबिले तारीफ है। आज वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं और कैंसर के प्रति जीत हम सबके लिए एक प्रेरणा देता हैं। कैंसर को हराया जा सकता है, बस आवश्यकता है अपने जिंदा होने के लिए अपने भीतर आत्मविश्वास को जिंदा रखने की।

# बहुचर्चित पत्थरगढ़ी विवाद सुलझाने के लिए विधायक रायमुनि भगत ने शासन-प्रशासन का जताया आभार

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



विधायक रायमुनि भगत एक दिवसीय प्रवास पर बगीचा पंहुचीं, जहां उन्होंने स्थानीय रेस्ट हाउस में अधिकारी कर्मचारी व पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए विधायक रायमुनि भगत ने ग्रामीणों की समस्याओं को समय सीमा में त्वरित निराकृत करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि गांव के हर अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजना को पंहुचाना हमारा पहला लक्ष्य है।उल्लेखनीय है कि पत्थरगढ़ी को लेकर बगीचा के कालिया, बुटंगा,बछरांव में कई भ्रांतियां फैली हुई थी जिसके कारण लंबे समय से सामाजिक विषमता का सामना शासन प्रशासन समेत ग्रामीणों को करना पड़ रहा था।पिछले दिनों विधायक रायमुनि।भगत के नेतृत्व में जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया था जिसके बाद स्थानीय एसडीएम ओंकार यादव समेत जनप्रतिनिधियों ने विशेष ग्राम सभा में पंहुचकर ग्रामीणों के बीच पत्थरगढ़ी को लेकर फैले भ्रम को दूर करते हुए शांति सद्भाव स्थापित किया। बगीचा एसडीएम ओंकार यादव ने बताया कि बगीचा के बछरांव में बीते 19 जुलाई को विशेष ग्रामसभा का आयोजन ग्रामीणों ने किया था।जिसमें 400 से अधिक ग्रामीण उपस्थित थे।उक्त ग्रामसभा में सर्वसम्मति से पत्थरगढ़ी को लेकर बनाए गए नियमों व मान्यताओं को ग्रामीणों ने एक सिरे से खारिज किया और शासन प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करने का निर्णय लिया। जशपुर विधायक रायमुनि भगत ने विधायक बनने से पहले पत्थरगढ़ी के फैले हवा को शांत करने के लिए पदयात्रा के माध्यम से कड़ा प्रतिकार किया था।

# इतिहास विभाग की छात्राओं ने जशपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किया उल्लेखनीय शोध कार्य

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय जशपुर के इतिहास विभाग के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्राओं ने अपने चतुर्थ प्रश्न पत्र के अन्तर्गत लधुशोध प्रबंध तैयार किया है। जिसके अंतर्गत अनामिका ने - जशपुर रियासत का सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक अनुशीलन अंजनी बाई ने - जशपुर जिले के पहाड़ी कोरवा जनजाति का उद्भव एवं विकास अनुरागिनी कुजूर ने- डीपाडीह का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक अनुशीलन बबली बाई- जशपुर जिले के संदर्भ में कैलाश गुफा का ऐतिहासिक अनुशीलन" एकता तिर्की ने- कंवर जनजाति का ऐतिहासिक अध्ययन काजल सिंह ने-छतीसगढ के स्वतंत्रता आन्दोलन में महिलाओं का योगदान ललिता ने -उरांव जनजाति का उद्भव और विकास मोहंती ने- जशपुर जिले के बादलखोल अभयारण्य का ऐतिहासिक अध्ययन, निर्मला बाई ने - नगेशिया जनजाति का ऐतिहासिक अध्ययन कु. रेणुका नायक ने - मैनपाट का ऐतिहासिक अध्ययन सुनैना प्रजा ने - बिरहोर जनजाति का उद्भव और विकास पर अपना लधुशोध प्रबंध प्रस्तुत किया। लधुशोध प्रबंध के शोध निर्देशक नीता श्रीवास्तव है।

संत गहिरा गुरु विश्विद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर ने डॉ विजय रक्षित को बाह्य परीक्षक नियुक्त किया था। बाह्य परीक्षक ने जब छात्राओं से साक्षात्कार लिया तो अधिकांश छात्राओं ने बताया कि लघु शोध कार्य के दौरान उन्होंने सभी शोध तकनीकी और मान्य सिद्धान्तों का अक्षरशः पालन किया। इस संबंध में डॉ रक्षित ने बताया कि छात्राओं ने अपने शोध कार्य में जशपुर जिले के अनेक पहलुओं पर कार्य किया है। डॉ विजय रक्षित के महाविद्यालय पहुंचते ही शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय जशपुर के प्राचार्य डॉ माधुरी गुप्ता एवं महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने स्वागत करते हुए शाल और श्रीफल से सम्मानित किया। ज्ञात हो कि डॉ विजय रक्षित 31जुलाई को स्नातकोत्तर प्राचार्य के पद से शासकीय राम भजन राय एन ई एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। पूर्व में प्राचार्य के रूप में शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय जशपुर में नौ वर्ष तक अपनी सेवाएं दी हैं। इस कार्यक्रम में डॉ पी के सिंह, क्रीड़ा अधिकारी शांतियुस केरकेट्टा,अनुप लकड़ा,सीमा भगत, सुमित्रा बाई,अजय गुप्ता, संतोष साय, बसंत यादव, प्रीति पाठक उपस्थित थे।

# एक पेड़ दोस्ती के नाम पर विकास तुलस्यान व मित्रगण के साथ तुलस्यान परिसर में लगाये 100 पौधे

## वेल विशर फाउंडेशन ने पेड़ लगा कर बनाया मित्रता दिवस

पायनियर संवाददाता < अकलतरा
www.dailypioneer.com



अकलतरा समाजिक संस्था वेल विशर फाउंडेशन व विकास तुलस्यान मित्रगण के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ दोस्ती के नाम कार्यक्रम किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि जिला पंचायत सदस्य गगन जयपुरिया, ग्राम तरौद के सरपंच गुरु दयाल पाटले व पंच गण रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए गगन जयपुरिया ने कहा कि ये वेल विशर फाउंडेशन व विकास तुलस्यान की एक अच्छी पहल है जो केशर में पौधा रोपण कराया जा रहा है। हम सब को कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। आज पेड़ भविष्य के लिए जीवन दान है।सरपंच गुरु दयाल पाटले ने कहा कि अगस्त के पहले रविवार को मित्रता दिवस बनाया जाता है। और इस दिन पर्यावरण से मित्रता एक अच्छी सोच है। विकास तुलस्यान ने कहा कि हमारे परिसर में 100 पेड़ लगाए गए है और इन सब को बड़ा करने का प्रण लेता हूं। और अपने सभी साथियों को भी कहता हूं कि आप अब भी पर्यावरण बचाने के लिए प्रयास करे। वेल विशर फाउंडेशन द्वारा लगातार क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है जो सराहनीय है। बकार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष अविनाश सिंह व आभार कोषाध्यक्ष रंजना सिंह ने किया। कार्यक्रम में विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह, सचिव चिराग शर्मा, कोषाध्यक्ष रंजना सिंह सदस्य सौरभ सिंह, मोहन कश्यप, शरद सिंह सतीश मानिकपुर, व विकास तुलस्यान विजय अग्रवाल, रवि शंकर, अजय साहू, रवि शर्मा, विनोद केडिया, चंदन, गौरव अग्रवाल, सुमित केडिया, रमेश यादव, राकेश अग्रवाल, संदीप अग्रवाल अजय अग्रवाल, विपुल केडिया, सौरभ बगड़िया, राजू केडिया, मोनू अग्रवाल, उमा शंकर, पारस जैन, गोलू मित्तल, प्रणव, मनीष शर्मा, आदि मित्र गण उपस्थित थे।

## विधायक ने बच्चों को सुनाई अपने जीवन की दास्तां

# धर्म संस्कृति,परंपरा को जीवंत रखना हमारी पहली प्राथमिकता : रायमुनि भगत

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



विधायक रायमुनि भगत एक दिवसीय प्रवास पर बगीचा पंहुची। यहां उन्होंने सरस्वती सायकल योजनान्तर्गत स्कूली छात्राओं को सायकल का वितरण किया इसके साथ ही तहसील परिसर में मां के नाम एक पेड़ अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। स्थानीय रेस्ट हाऊस में कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात के बाद विधायक रायमुनि भगत बगीचा के शासकीय कन्या हाई स्कूल पंहुची जहां स्कूली छात्राओं ने गीत संगीत के साथ मांदर की थाप पर नृत्य करते हुए उनका भव्य स्वागत किया। आगंतुकों के स्वागत व सरस्वती वंदना के बाद बीईओ एमआर यादव ने स्वागत संबोधन किया। छात्राओं के द्वारा समय समय पर स्कूली कार्यक्रमों के आयोजन के लिए उन्होंने भवन की मांग की जिसपर विधायक महोदया ने सहमति जताते हुए एसडीएम को अग्रेत्तर कार्यवाही के लिए निर्देश दिया है। विधायक रायमुनि भगत ने बच्चों को संबोधित करते हुए अपने जीवन के संघर्षों के बारे में बताया और कहा कि विपरीत परिस्थितियों में उन्होंने पढ़ाई की है। पहले लाईट की व्यवस्था नहीं थी तो वे बरसात में रतनजोत के बीज इकट्ठा करके उससे दिया जलाकर प्रकाश की व्यवस्था करते थे तब पढ़ाई कर पाते थे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव के शासन में आज सरकार बच्चों को पढ़ाई से लेकर घर, मकान, शादी तक सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध करा रहे हैं।बच्चों को उन्नत भविष्य की ओर प्रेरित करते हुए उन्होंने आज के बच्चों को कल का भविष्य बताया। उन्होंने पढ़ाई के साथ खेल, संगीत, ड्राइंग में रुचि लेने की बात भी कही। प्रसिद्ध अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा बेटा बेटी में आज कोई फर्क नहीं है। अपने जीवन का अनुभव उन्होंने बताया और कहा कि आठवीं पढ़ते ही उनकी शादी हो गई थी।उस समय जो उनके मित्र थे वे आज डॉक्टर,इंजीनियर बन गए हैं और वे विधायक बन गईं।

**स्वच्छता के प्रति किया जागृत**- विधायक भगत ने छात्राओं के हौसले को मजबूत करते हुए बताया कि हम नारियों को वरदान है हम हर परेशानी झेलकर परिवार देश व समाज के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से कर सकते हैं। उन्होंने माहवारी को लेकर छात्राओं को सेनेटरी पैड का सतत इस्तेमाल करने का सुझाव दिया।कई छात्राएं हीन भावना का शिकार हो जाती हैं उसको लेकर विधायक ने कहा कि महिलाओं को होने वाली परेशानियों से डरकर हमें आलस नहीं करना है बल्कि सेनेटरी पैड का इस्तेमाल कर पढ़ाई के प्रति सतत जागृत रहना है। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने पारंपरिक गीतों के माध्यम से माहौल को संगीतमय कर दिया। करमा गीत, रोपा गीत गाकर उन्होंने सुनाया जिससे छात्राएं बेहद प्रभावित हुईं। विधायक रायमुनि भगत ने साफ शब्दों में कहा कि आधुनिकता को हावी होने नहीं देना अपनी परंपरा संस्कृति को जीवंत रखते हुए इसके पालन का प्रयास होना चाहिए। यहां विधायक ने स्वेच्छानुदान आर्थिक सहायता राशि का वितरण भी किया जिसमें बसंत यादव,जानकी यादव, सुशील एक्का, अलमा लकड़ा, अजंती यादव, शुभम यादव, सुनीता यादव व अन्य ग्रामीण शामिल हैं। उक्त कार्यक्रम में सायकल वितरण कर स्वामी आत्मानंद स्कूल पंहुची जहां विद्यालय के प्राचार्य सुदर्शन पटेल ने विद्यालय की समस्याओं से विधायक को अवगत कराया।उन्होंने बताया कि वर्तमान में लगभग 1080 बच्चे यहां अध्यनरत हैं। दो पालियों में विद्यालय लगाया जा रहा है जिससे बच्चों को पढ़ाई के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है।उन्होंने पहल करते हुए ने स्कूल भवन की मांग की।उक्त मांग पर सहमति प्रदान करते हुए विधायक रायमुनि भगत ने जल्द कार्यवाही की बात कही है। जिसके बाद विधायक रायमुनि भगत तहसील कार्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण कार्यक्रम में पंहुचा और पौधरोपण किया।इस कार्यक्रम में विधायक रायमुनि भगत,भाजपा जिला उपाध्यक्ष शंकर गुप्ता,मंडल अध्यक्ष रामसलोने मिश्रा, महामंत्री हरीश यादव,डीडीसी गेंद बिहारी, रीना बरला,मुक्ता यादव,समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता व प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष शंकर गुप्ता, मंडल अध्यक्ष सलोने मिश्रा, बीडीसी सुमित्रा पैंकरा, डीडीसी रीना बरला, गेंद बिहारी सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ सीडी बाखला, केशव यादव, महामंत्री पवन सिंह, हरीश यादव, जीतू गुप्ता, राजू जिंदल, मुक्ता यादव,भगवान गुप्ता,राजेंद्र कृष्ण गुप्ता, दिनेश शर्मा, समेत अन्य कार्यकर्ता व स्कूली स्टाफ उपस्थित रहे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403